# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-03-2023

# हत्या के जुर्म में तीन को उम्रकैद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने गोला थाना क्षेत्र के झरकटा निवासी अभियुक्त आशुतोष उर्फ छोटई,पाशंकर दूबे व छांगुर दूबे को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 20 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को दो वर्ष का कारावास अलग से भुगतना होगा।अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एच एन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि घटना 21 मार्च 2005 के दिन के करीब तीन बजे की है।वादी का लड़का अतुल कुमार दूबे उर्फ पुतुल गोपालपुर बाजार से धोबी को कपड़ा देकर आ रहा था। जैसे ही वादी का लड़का सरयू नगर पुलिया के पास पहुंचा तो अभियुक्तगण हथियार के साथ लैश होकर टैंपो से पीछा करते हुए आए और वादी के लड़के को दौड़ाकर ग्राम रुकौली में स्थित गेंहू के खेत में बुरी तरह मारे।जिससे वादी का लड़का लहूलुहान होकर गिर गया। इलाज हेतु उसे मेडिकल कालेज लाया गया जहां उसकी मृत्यु हो गई।

## नाबालिग के साथ छेड़छाड़ के जुर्म में सात साल की कैद

नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने संतकबीरनगर जिले के महुली थाना क्षेत्र के चंदापार निवासी अभियुक्त राजेंद्र मिश्रा को सात साल के कठोर कारावास व 50000 अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम एवं विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 22 सितम्बर 2017 की समय करीब तीन बजे की है। अभियुक्त वादिनी की पांच वर्षीय नाबालिग बच्ची को बुलाकर उसके साथ छेड़छाड़ कर रहा था।

## नाबालिग के साथ दुष्कर्म के जुर्म में दो को सजा व जुर्माना

षणयंत्र रच कर नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने शाहपुर थाना क्षेत्र के दरगहिया निवासी अभियुक्त भोला चौहान को दस साल के कठोर कारावास एवं 35 हजार रुपए अर्थदंड व अभियुक्त शारदा देवी को सात साल के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि घटना 3 जुलाई 2014 की है। वादी की नाबालिग बच्ची स्कूल पढ़ने गई थी।जहां से अभियुक्त शारदा देवी षणयंत्र के तहत अभियुक्त भोला वादी की नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर कर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया।

## गैर इरादतन हत्या के जुर्म में तीन को दस साल की कैद

गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम कहला निवासी अभियुक्त लक्ष्मीनरायन, शिवनरायन व मनोरमा देवी को दस साल के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 21 हजार रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि घटना 2/3 जुलाई 2009 की रात करीब 11 बजे की है। वादिनी बसंती देवी व अन्य लोग सोने की तैयारी कर रहे थे।उसी समय अभियुक्तगण वादिनी के घर पर लाठी डंडा व बांस का पैना लेकर चढ़ आए और रामशब्द को बुरी तरह मारे पीटे।जिससे उन्हें गंभीर और प्राणघातक चोट आई और उन्ही चोटों के कारण 13 जुलाई 2009 को उनकी मृत्यु हो गई।

# लूट की योजना बनाते चार बदमाश गिरफ्तार

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गुलरिहा पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। लूट की योजना बनाते समय पुलिस ने मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 03 तमंचा 315 बोर, 03 अदद खोखा कारतूस 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 अदद पिस्टल .32 बोर, 4 अदद जिंदा कारतूस .32 बोर व 01 अदद खोखा कारतुस .32 बोर बरामद किए जाने का दावा किया है। बदमाश लुट की घटनाओं को अंजाम देने के साथ ही लुटेरों और शातिर किस्म के मनबढ़ों को डिमांड के अनुसार असलहों की आपूर्ति भी करते हैं।

**अवैध पिस्टल, तमंचा व कारतूस बरामद**

**बदमाशों को डिमांड के अनुसार असलहों की आपूर्ति भी करते थे गिरफ्तार बदमाश**

**शिवशक्ति गैस एजेंसी के मैनेजर से लूट में भी एक बदमाश का हाथ**

पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज अवस्थी ने गुडवर्क की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में हो रही लूट आदि की घटनाओं के अनावरण के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया था। प्रभारी निरीक्षक गुलरिहा संजय कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर सहयोगी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह, एसएसआई शेष कुमार शर्मा, एसआई अश्वनी कुमार चौबे, महिला एसआई हिमांशी पाण्डेय, हेका. हरिन्द्र सिंह, आरक्षी शिवओम शुक्ला व दयाशंकर पटेल के सहयोग से पुलिस मुठभेड़ में चार बदमाशों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम तेज प्रताप




गुलरिहा पुलिस द्वारा पकड़े गये असलहा तस्कर तेज प्रताप साहनी,रविन्द्र निषाद,कमलेश चौहान व दीपक यादव के बारे में मीडिया को जानकारी देते एसपी उत्तरी व अन्य।

साहनी पुत्र उदयचन्द साहनी निवासी भेलिनपुर महराजगंज,रविन्द्र निषाद पुत्र बब्बन निषाद निवासी महराजगंज टोला सेवई, दीपक यादव पुत्र केदारनाथ यादव निवासी रघुनाथपुर टोला मिर्चाइन व कमलेश चौहान पुत्र झीनक चौहान निवासी सियारामपुर टोला टेनदार थाना गुलरिहा जनपद गोरखपुर बताया।

**लूट में जेल भेजे गए अनिरूद्ध को तेज प्रताप ने दिया था असलहा :** शिवशक्ति गैस एजेंसी भटहट के मैनेजर से गत 13 फरवरी को बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने रुपया लूट लिया था। लूट की घटना का पुलिस ने पूर्व में सफल अनावरण किया था। उस वक्त लुटेरों से पता चला था कि लूट की घटना को अंजाम देने वाले लुटेरे अनिरूद्ध का असलहा तेज प्रताप साहनी ने ही मुहैया कराया था।

**वाट्सऐप ग्रुप के जरिए असलहों की करते हैं बिक्री :** एसपी साउथ को तेज प्रताप साहनी ने बताया कि वाट्सऐप ग्रुप के जरिए बदमाशों तक वह असलहों की आपूर्ति डिमांड के अनुसार करता है। पहले वाट्सऐप पर असलहा की तस्वीर भेजी जाती है फिर सौदा तय होता है। तेज प्रताप ने बताया कि सह-अभियुक्त रविन्द्र निषाद, कमलेश चौहान के साथ मिलकर अभियुक्त वीरू सिंह उर्फ हर्ष सिंह पुत्र जयचन्द सिंह निवासी शेखपुरवा थाना चिलुआताल गोरखपुर से सम्पर्क कर अवैध असलहों को प्राप्त कर लोगों को बेचा जाता है। वीरू चिलुआताल थाना क्षेत्र में हुई लूट की घटना में गत 24 जनवरी से जेल में है। पुलिस ने आरोपितों को आईपीसी की धारा 116,307 व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना गुलरिहा गोरखपुर के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

# शांति समिति की बैठक संपन्न

**उरुवा बाजार (एसएनबी)।** उरुवा बाजार थाने पर नवरात्र व रमजान के त्योहार के मद्देनजर शांति समिति की बैठक की सम्पन्न हुई। उरुवा क्षेत्र के हिंदू-मुस्लिम धर्म के सम्भ्रांत लोगों को सम्बोधित करते हुए एसओ उरुवा अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि नवरात्र व रमजान का त्योहार सभी लोग भाईचारे के साथ मनाएं और कहीं भी त्यौहार के दौरान आरजकता फैलाने वालों के खिलाफ पुलिस कड़ी कार्यवाई करेगी। त्यौहार के दौरान चौराहों व गांवों के सड़कों पर पुलिस गश्त तेज करा दिया जाएगा। जिससे क्षेत्र में शांति और भाईचारगी का माहौल बना रहे। इस अवसर पर कबीन्द्र सिंह, विवेक पांडेय, अरविंद यादव, प्रमोद यादव, राकेश गुप्ता, दिलशाद खान, धर्मेन्द्र राजभर, अनिल अग्रहरि, दिनेश यादव, शैलेन्द्र दुबे, मिर्जा आबिद आदि उपस्थित थे।

# त्योहार में खलल डालने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**धुरियापार (एसएनबी)।** सभी लोग अपना-अपना त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मिलजुल कर मनाएं। त्योहार में यदि कोई खलल डालता है तो उसकी सूचना तत्काल थाने पर दें। त्योहार में खलल डालने वाले के ऊपर सख्त कार्यवाही की जाएगी। उक्त बातें नवागत थानाध्यक्ष उरुवा अरविंद कुमार सिंह ने मंगलवार को उरुवा थाने पर नवरात्रि एवं रमजान को लेकर आयोजित की गयी पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए कही। इस अवसर पर एसएसआई कविन्द्रनाथ सिंह, एसआई विवेक कुमार पाण्डेय, राजेश कुमार गुप्ता एवं प्रमोद यादव के अलावा वेद प्रकाश सिंह, दिनेश यादव, सोनू खान, रिंटू शाही, रशीक खान, इम्तियाज खान,अभिमन्यु सिंह, शिव रतन भारती, मिर्जा आबिद बेग, उमेश शर्मा, अब्दुल कयूम खान, हकीक खान, धर्मेंद्र कुमार, अहसन रजा सहित क्षेत्र के अनेकों प्रधान, प्रधान प्रतिनिधि एवं संभ्रांत नागरिक मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री कार्यक्रम स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

**बड़हलगंज (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बड़हलगंज होम्योपैथिक मेडिकल कालेज के संभावित लोकार्पण हेतु आगमन को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। मंगलवार को डीएम कृष्णा करूणेश, सीएमओ आशुतोष पांडेय, एसडीएम रोहित मौर्य के साथ खड़ेसरी स्थित शहीद राजा हरिप्रसाद मल्ल राजकीय होम्योपैथिक कालेज का निरीक्षण किया। साथ कालेज के अगल बगल हेलीकाप्टर लैण्ड कराने हेतु जगह को भी देखा। हालांकि अभी प्रोटोकाल नहीं आया है किन्तु संभावना है कि चार-पांच दिन में सीएम मेडिकल कालेज का लोकार्पण करने आ सकते हैं। डीएम ने एसडीएम रोहित मौर्य व एसपी दक्षिणी अरूण कुमार सिंह से हैलीपैड हेतु जगह सुनिश्चित करने को कहा। वहीं मेडिकल कालेज प्रशासन से कैंपस की साफ सफाई कराकर जल्द से जल्द व्यवस्था ठीक करने को कहा। कहा कि अभी कोई प्रोटोकाल नहीं है लेकिन संभावना व्यक्त की जा रही है कि भरौली में डायलिसिस सेंटर का सीएम द्वारा लोकार्पण करने के बाद मेडिकल कालेज का भी लोकार्पण किया जा सकता है। जिसके लिए तैयारी की जा रही है।



## सीएम करेंगे डायलिसिस सेंटर का लोकार्पण व कैंसर अस्पताल का शिलान्यास

**झुमिला (एसएनबी)।** गोला विकास खंड के भरौली मे मुख्यमंत्री के आगमन के तैयारियो को लेकर जिला अधिकारी कृष्णा अरूणेश ने कार्यक्रम स्थल का किया निरिक्षण। गोला क्षेत्र के भरौली स्थिति रामसखी रामनिवास कालेज पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने के सम्भावित दौरे को लेकर वहां के हेलीपैड व अन्य स्थलो का निरीक्षण गोरखपुर जिले के डीएम कृष्णा करूणेश ने किया। यहां मुख्यमंत्री द्वारा पूर्व विधानसभा सदस्य महाराष्ट्र स्व. आरएन सिंह के स्मृति में उनके पुत्र संतोष सिंह द्वारा बनवाये गये डायलिसिस सेंटर का लोकार्पण व उन्हीं के स्मृति में बनवाये जा रहे कैंसर अस्पताल का शिलान्यास स्व. आरएन सिंह मूर्ति का अनावरण करेंगे। उक्त जानकारी स्व. आरएन सिंह के अतिनिकट व सारे कामों में सहयोगी रहे मनोज कुमार सिंह ने दी। इस अवसर पर सीएमओ आशुतोष पांडेय, एसपी दक्षिण अरूण कुमार सिंह, एसडीएम रोहित मौर्य व थाना बडहलगंज व गोला के प्रभारी मय फोर्स सहित, राघवेंद्र कुमार सिंह, अतुल सिंह, सतीश सिंह आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमले में दंपति समेत तीन गिरफ्तार

बेलीपार। बेलीपार पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में आरोपित दंपति समेत तीन को गिरफ्तार किया। पुलिस ने उन्हें आईपीसी की धारा 323, 504, 506, 308 के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। प्रभारी निरीक्षक बेलीपार इकरार अहमद नेटीम में शामिल एसएसआई सतपाल सिंह , आरक्षी चन्द्रशेखर गुप्ता, आरक्षी अविनाश यादव व महिला आरक्षी वन्दना यादव के सहयोग से पकड़ा। पूछताछ में अभियुक्तों ने अपना नाम धर्मवीर पुत्र रामजी उर्फ सेन्दुर निवासी ग्राम डेफरा थाना बेलीपार गोरखपुर, मीना देवी पत्नी धर्मवीर निवासी ग्राम डेफरा थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर व रामजी उर्फ सेन्दुर पुत्र ठाकुर निवासी ग्राम डेफरा थाना बेलीपार जनपद गोरखपुर बताया।

# युवक पर अपहरण का केस दर्ज

पिपराइच। स्थानीय थाना क्षेत्र निवासी युवती की मां ने शमशाद पुत्र मुबारक अली निवासी लखेसरा के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि उसकी 21 वर्षीय बेटी को शमशाद बहला फुसला कर सोमवार दोपहर में भगा ले गया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर दोनों की तलाश कर रही है।

# चौकीदार को अगवा कर डकैती डालने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

गोरखपुर (एसएनबी)। हरपुर बुदहट के समुदा स्थित ईंट भट्ठे के चौकीदार को बंधक बनाकर अगवा कर डकैती डालने वाल चार बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटी गयी ट्रैक्टर-ट्राली को भी बरामद करने में सफलता हासिल की है।

**हरपुर-बुहदट के समुदा स्थित ईंट भट्ठे से लूट ले गए थे ट्रैक्टर ट्राली**

एसपी नार्थ ने गुडवर्क की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीओ खजनी के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक हरपुर बुदहट संदीप यादव द्वारा मय टीम की मदद से चार डकैतों को पकड़ा गया। बदमाश एक चार पहिया वाहन से डीएनडी ईंट मार्का ईंट भट्ठे पर एक मार्च की रात 10 बजे के आसपास पहुंचे। यहां मौजूद चौकीदार ओम प्रकाश को बंधक बनाकर अपने चार पहिया वाहन में डाल दिया और दो बदमाश ट्रैक्टर ट्राली लूटकर फरार हो गए। बदमाशों ने चौकीदार को बेलघाट थाना क्षेत्र में कम्हरियाघाट पुल के समीप ले जाकर रोड के किनारे उतार कर फरार हो गए थे। डकैतों ने पूछताछ में अपना नाम लल्लन पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी ग्राम भेउसा उर्फ बनकटा टोला पोखरा थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर, गंगा सिंह उर्फ शिवम सिंह पुत्र धर्मेन्द्र सिंह निवासी ग्राम भेउसा उर्फ बनकटा थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर, धीरज शर्मा पुत्र शमशेर शर्मा निवासी ग्राम बरुही थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर व निशान्त उर्फ बालाजी पुत्र रामनजर निवासी ग्राम भेउसा उर्फ बनकटा टोला बरुही थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर बताया। अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम प्रयास कर रही है। पुलिस ने आरोपितों को आईपीसी की धारा 365, 395 व 412 भादवि के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया।

गुडवर्क टीम में हरपुरबुदहट थाने की पुलिस के अलावा सिकरीगंज थानेदार मनीष यादव, जिले की स्वॉट व सर्विलांस सेल की टीम शामिल रही। गुडवर्क में महिला आरक्षी सुधा यादव का भी सराहनीय योगदान रहा।

# सीएनजी गैस पाइप लाइन में लीकेज, नौसड़ में राजमार्ग घंटों रहा जाम

**टीपीनगर (एसएनबी)**। गोरखपुर-लखनऊ हाइवे पर नौसड़ से 100 मीटर आगे मंगलवार की अपराह्न बिजली के केबल में फाल्ट हो गया। जिस जगह केबल में फाल्ट हुआ वहां से सीएनजी पाइप लाइन भी गुजरी है। कुछ देर बाद गैस का लीकेज होने लगा।

सीएनजी गैस लीकेज की खबर से अफरातफरी मच गयी। इस बीच इस लीकेज की जानकारी सीएनजी लीकेज कंट्रोल को भी हो गयी। नौसड़ से लेकर बरहुआं तक तकरीबन चार किमी तक लखनऊ हाइवे पर जाम लग गया। गाड़ियों की लंबी कतारें लगी रहीं। इस बीच सीएनजी लीकेज कंट्रोल टीम भी मौके पर पहुंच गयी और जेसीबी से गड्ढा खोदकर लीकेज को बंद कराने का प्रयास शुरू किया। चार घंटे बाद काफी सावधानी के साथ चौकी प्रभारी नौसड़ की अगुवाई वाली पुलिस टीम और यातायात की टीम ने आवागमन को धीरे धीरे शुरू कराया। इस दौरान कई एंबुलेंस भी जाम में घंटों फंसी रहीं। देर रात तक मरम्मत का कार्य जारी था।

**रात 8 बजे के बाद सावधानी पूर्वक आवागमन कराया गया शुरू**

# छात्रों ने यातायात नियमों का कराया पालन



**JHANGHA:** राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत मंगलवार को नेहरू इंटर कॉलेज, अमहिया गोरखपुर के छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों का पाठ पढ़ाया. कॉलेज परिसर से निकल कर छात्रों ने झंगहा चौराहे पर दो पहिया व चार पहिया वाहनों को रोक कर हेल्मेट व सीट वेल्ट लगाने के लिए कहा. छात्रों ने चालकों से यह संकल्प दिलवाया कि कभी भी शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाएंगे और न ही तेज रफ्तार से गाड़ी चलाएंगे. इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार, प्रधानाचार्य गिरिजेश कुमार पांडेय, लालचंद सिंह, इंद्रपाल सिंह, अशोक कुमार, शिशिर कुमार पांडेय, राजू चौहान, जितेंद्र सिंह, वीरेंद्र कुमार, रामवृक्ष आदि मौजूद रहे.

# त्योहारों को देखते हुए पीस कमेटी की हुई मीटिंग

**SIKRIGANJ:** सिकरीगंज थाना परिसर में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और कस्बे के लोगों के बीच मंगलवार को पीस कमेटी की बैठक बुलाई गई. रामनवमी पर्व और रमजान को मद्देनजर रखते हुए दोनों धर्म के लोगों से नवागत सिकरीगंज थानाध्यक्ष मनीष कुमार यादव ने दोनों पर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की.



क्षेत्राधिकारी खजनी ने कहा कि आप लोग आपस में भाईचारा बना कर रहें. बैठक में एसआई विंध्याचल शुक्ल, मनीष सिंह, ग्राम प्रधान जाहिद अली, मो. आलम, संतोष कुमार यादव, कमलेश दुबे, आशुतोष कुमार, अंकुर दुबे, वशीम, प्रमोद जायसवाल आदि मौजूद रहे.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



## नौसड़ में लंबा जाम

नौसड़ में मंगलवार को सीएनजी गैस का पाइप लाइन के काम के दौरान कुछ फाल्ट हो गया. जानकारी होने पर संबंधित अधिकारियों ने तत्काल मौके पर पहुंच कर सहयोगियों के साथ मरम्मत का कार्य कराना शुरू कर दिया. इस कारण बाइपास से लेकर बरहुआ तक करीब चार घंटे भीषण जाम लग गया. गाडियां धीरे-धीरे रेंगती रही. जाम से निकलने के लिए एम्बुलेंस भी जुझती रही. जिनको पास कराने में स्थानीय पुलिस और यातायात पुलिस जुझती रही.

# लव के लिए बने कट्टा सप्लायर वाट्सएप से चली हथियारों की दुकान

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



● पुलिस गिरफ्त में आरोपित.

## बिहार से असलहा लाकर गोरखपुर में बेच रहे थे तस्कर

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 March):** गोरखपुर में युवा लव अफेयर के चक्कर में कट्टा बेच रहे हैं. गुलरिहा पुलिस ने वाट्सएप के जरिये पसंद कराकर असलहों को बेचने वाले 4 सप्लायरों को मुठभेड़ में अरेस्ट किया है. इनके पास से पुलिस ने 1 अवैध पिस्टल और 3 देसी कट्टा के साथ कारतूस भी बरामद किया है. चारों बदमाश 20-21 साल के हैं. इन्होंने बताया कि वे प्यार के चक्कर में पैसे कमाने के लिए ये सब करते हैं.

### बदमाश दिलाता था असलहा

मंगलवार को एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया, इन सप्लायरों को वीरू नामक बदमाश असलहा मुहैया कराता था. वीरू वर्तमान में डकैती केस में जेल में है. इनके द्वारा बेचे गए असलहे का प्रयोग गैस एजेंसी मैनेजर संग हुई लूट में हुआ था, जिसे पुलिस ने बरामद किया था. पकड़े गए तस्करों की पहचान गुलरिहा थाना के भेलीनपुर महराजगंज निवासी तेज प्रताप साहनी, महराजगंज टोला सेवई निवासी रविन्द्र निषाद, सियारामपुर निवासी कमलेश चौहान व रघुनाथपुर निवासी दीपक यादव के रूप में हुई है.

### कई सप्लायर हैं शामिल

एसपी नार्थ ने बताया, 13 फरवरी 2023 को शिव शक्ति गैस एजेंसी के मैनेजर से लूट हुई थी. जिसमें कुछ लुटेरों को पुलिस ने पकड़ा था और कुछ असलहे भी बरामद किए थे. अनावरण के समय जानकारी मिली थी कि जिस पिस्टल का प्रयोग लूट में हुआ था. वह पिस्टल तेज प्रताप साहनी ने घटना के बाद पकड़े गए लुटेरे अनिरुद्ध को बेचा था. तेज प्रताप ने बताया कि वह अपने साथी रविन्द्र निषाद, कमलेश के साथ मिलकर असलहा बेचता है. उसे असलहा चिलुआताल के शेखपुरवा निवासी वीरू सिंह उर्फ हर्ष सिंह मुहैया कराता है. तेज प्रताप ने एक पिस्टल दीपक यादव को तथा एक पिस्टल पूर्व में गिरफ्तार लुटेरे अनिरुद्ध को बेची थी. पुलिस के अनुसार तस्करों को असलहा मुहैया कराने वाला वीरू सिंह इस समय डकैती के आरोप में 24 जनवरी 2023 से जेल में है.

### 30 हजार में बेचते थे पिस्टल

एसपी नार्थ ने बताया कि जय प्रताप पहले वाट्सएप पर असलहे की फोटो भेजकर पसंद कराता था. डील पक्का कर साथियों संग सप्लाई करता था. वह एक पिस्टल 30 हजार में और एक तमंचा 5 हजार में बेचता था. हर पिस्टल व तमंचे पर उसे 2 से 3 हजार का फायदा होता था. पुलिस अब मुख्य सप्लायर जेल में बन्द वीरू से भी पूछताछ करेगी और जानेगी कि तेज प्रताप व उसके साथियों ने कितने असलहे अबतक बेचे है. साथ ही वीरू कहां से ये असलहे मंगाता है.

## शोहदों के आतंक से पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो जा रहीं बेटियां

# सिर उठा रहे शोहदे, बेटियां बेबस

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 March):** राजघाट में एक छात्रा को शोहदा अपने घर उठा ले गया. वहां छात्रा के साथ छेड़खानी करने लगा. छात्रा भागने लगी तो उसके कपड़े फाड़ दिए. डरी सहमी छात्रा ने अपने परिवार के साथ पहुंचकर राजघाट थाने में शोहदे के खिलाफ कंप्लेन दर्ज कराई. छात्रा ने बताया कि रायगंज निवासी जय सिंह अब उसे धमकी दे रहा है कि तुम केवल मुझसे शादी करोगी. अगर किसी और से शादी की तो तुम्हें मंडप से उठा ले जाऊंगा. फिलहाल पुलिस ने शिकायत के दो दिन बाद ही 19 मार्च को शोहदे को अरेस्ट कर जेल भेज दिया. लेकिन ये केवल एक घटना नहीं है, ऐसे कई छेड़खानी के मामले इधर आए हैं, जिसमें शोहदे सिर उठा रहे हैं और कुछेक जगह तो बेटियां पढ़ाई तक छोड़ने को मजबूर हैं. इससे पुलिसिंग पर सवाल उठने लगे हैं.

FILE PHOTO



SHOCKING

### सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहा आपत्तिजनक फोटो

सहजनवां थाने में गीडा की रहने वाली एक युवती ने सोमवार को गुहार लगाई. उसने बताया कि फर्जी आईडी बनाकर शोहदा सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक फोटो पोस्ट कर युवती को अपनी पत्नी होने का दावा कर रहा है. आरोपित की हरकत से परेशान युवती ने एक साल पहले पढ़ाई भी छोड़ दी. लेकिन शोहदा उसका पीछा नही छोड़ रहा है. शोहदा युवती के कई रिश्तेदारों को भी मैसेज कर बता रहा है कि उसने शादी कर ली है. विरोध करने वालो की हत्या कर दूंगा.



### महिला हेल्पलाइन से नहीं मिली मदद

शोहदे की हरकत से तंग युवती ने कई बार महिला हेल्पलाइन पर भी फोन कर गुहार लगाई, लेकिन मदद नही मिली. युवती का आरोप है कि हेल्पलाइन पर बताया गया कि युवक से आपकी बातचीत होती थी इसलिए यहां से कुछ नही हो सकता. स्थानीय पुलिस के पास जाने की सलाह दी.

### शोहदे ने तुड़वा दी शादी

दोस्त की बहन पर बुरी नजर रखने वाला शोहदा बाद मे शादी करने का दबाव बनाने लगा. परिजनो ने दूसरी जगह शादी तय की तो आपत्तिजनक फोटो भेजने लगा. दो बार रिश्ता टूटने के बाद युवती की मां ने शाहपुर थाने मे शिकायत दर्ज कराई तो पुलिस ने देवरिया के खोरमा कन्हौली निवासी शोहदे विशाल त्रिपाठी को अरेस्ट कर लिया.

### हर थाना एरिया में शोहदों का आतंक

- **गोरखनाथ**: 13 मार्च को गोरखनाथ मे रहने वाली छात्रा का शोहदे ने सोशल मीडिया पर फोटो वायरल कर दिया.
- **सहजनवां**: 9 मार्च को सहजनवां एरिया मे मंगेतर के साथ दरवाजे पर बैठी युवती से शोहदों ने छेड़खानी की.
- **हरपुर बुदहट**: 9 मार्च को हरपुर बुदहट मे भाभी के साथ खेत की तरफ गई किशोरी को बाइक सवार अगवा कर ले गए.
- **चिलुआताल**: 9 मार्च को चिलुआताल एरिया मे शोहदे ने घर में अकेली रह रही किशोरी का अपहरण कर लिया.
- **शाहपुर**: 7 मार्च को शाहपुर में शोहदे ने घर मे घुसकर युवती पर ब्लेड से हमला किया.
- **पिपराइच**: 11 फरवरी को पिपराइच के एक स्कूल मे विदाई समारोह से घर जा रही छात्राओं के साथ शोहदों ने छेड़खानी की.
- **बड़हलगंज**: जनवरी माह मे बड़हलगंज मे बाजार जा रही युवती से शोहदों ने छेड़खानी की.

### गायब है शेरनी दस्ता

खासतौर से मनचलों पर लगाम लगाने के लिए ही शेरनी दस्ता बनाया गया. गोरखपुर के 28 थानों पर दो-दो पुलिस कर्मियों की ड्यूटी इसमे लगाई गई थी. इनको स्कूटी भी अवेलबल कराई गई थी. हर थाने के प्रभारी की जिम्मेदारी थी कि वे अपने दो पुलिस कर्मियों को छेड़खानी रोकने के लिए लगाएं. लेकिन अब ये दस्ता गायब हो गया.



"होली मे सभी की ड्यूटी इधर-उधर लगी थी. शोहदों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा. छेड़छाड़ की घटनाओं रोकने और कड़ी कार्रवाई के लिए मैंने अपना नंबर भी दिया है. कोई भी मुझे कॉल कर सकता है. **इंदूप्रभा सिंह**, एसपी क्राइम

# तरकुलहा में खुली पुलिस चौकी बांसस्थान में लगाई गई पीएसी

## चैत्र नवरात्रि में दोनो स्थान पर एक माह तक चलता है मेला

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 March):** चैत्र नवरात्र में सभी प्रमुख देवी मंदिरों की सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं. चौरी चौरा के तरकुलहा व गुलरिहा के बांसस्थान मंदिर में एक माह तक चलने वाले मेले की सुरक्षा को देखते हुए अस्थायी पुलिस चौकी खोलने के साथ ही पीएसी तैनात कर दी गई है. एएसपी/सीओ चौरीचौरा को सुरक्षा का प्रभारी बनाया गया है.एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि नवरात्र के मद्देनजर पुलिस ने जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा की तैयारियां पूरी कर ली है. श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पूरा खाका तैयार लिया है. ऐसे मंदिरों को चिह्नित किया गया है, जहां भीड़ अधिक होती है. सभी थानेदारों ने अपने क्षेत्र के मंदिरों के व्यवस्थापक से बात कर सुरक्षा की तैयारियों के मद्देनजर सीसी कैमरे लगवाए हैं. खोराबार के कुसम्ही जंगल स्थित बुढ़िया माता मंदिर, गोलघर काली मंदिर में तैनात पुलिस चौकन्ना रहेगी. तरकुलहा व बांसस्थान में लगने वाले मेला को देखते हुए अस्थायी पुलिस चौकी खोली गई है जहां प्रभारी नियुक्त करने के साथ ही थानास्तर से सिपाहियों की तैनाती की गई है. अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



चौरीचौरा पुलिस ने गश्त कर सुरक्षा का अहसास कराया.

### चौरीचौरा पुलिस ने की पैदल गश्त

रामनवमी व रमजान महीना को देखते हुए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर सभी थाना प्रभारी व चौकी प्रभारियो ने पैदल गश्त कर थाना व चौकी क्षेत्र के मंदिर एवं मस्जिद की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की. इसी क्रम मे मंगलवार को थाना प्रभारी चौरीचौरा सुधीर सिंह के नेतृत्व मे थाना क्षेत्र के तरकुलहा देवी मंदिर व भोपा बाजार सहित थाना क्षेत्र के अन्य जगहो पर पैदल गश्त किया गया और त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए अराजक तत्वों के बारे में भी जानकारी ली गई.

# युवक पर अपहरण का केस दर्ज

**PIPRAICH:** थाना क्षेत्र निवासी युवती की मां ने शमशाद पुत्र मुबारक अली निवासी लखेसरा के विरूद्ध अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया. मां ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया कि उसकी 21 वर्षीय बेटी को शमशाद नाम के युवक बहला फुसला कर सोमवार को भगा ले गया. पुलिस ने केस दर्ज कर दोनों की तलाश कर दी है.

# दो किशोर मोबाइल छिनैती में हुए अरेस्ट

**PIPRAICH:** कस्बे में सोमवार रात शादी समारोह से चिलुआताल निवासी अतहर हुसैन अपने दोस्त इकबाल के साथ जा घर जा रहे थे. शराब भट्ठी के पास दो लड़कों ने रास्ता पूछने के बहाने उसका मोबाइल छीन लिया. पुलिस ने रामघाट पुल से दोनों को पकड़ लिया और मोबाइल बरामद कर लिया. उपनिरीक्षक दिनेश साहनी ने बताया कि पकड़े गए किशोर की पहचान कस्बा निवासी हिमांशु कश्यप व निहाल विश्वकर्मा के रुप में हुई.

# टोरेंट गैस की पाइप लाइन में लीकेज, हादसा टला

**गोरखपुर, मुख्य संवाददाता।** नौसढ़ तिराहे के समीप मंगलवार की दोपहर में निर्माण कार्य करा रहे ठेकेदार के मजदूरों ने खुदाई के दौरान टोरंट गैस की भूमिगत पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया। इसकी जानकारी कंपनी के अधिकारियों हुई। अधिकारियों ने तत्परता दिखाते हुए क्षतिग्रस्त गैसपाइप को ठीक कराया जिससे बड़ा हादसा टल गया। हालांकि इस दौरान ट्रैफिक वन-वे कर दिया गया।

नौसढ़ के समीप ठेकेदार द्वारा बिजली निगम का काम कराया जा रहा है। ठेकेदार के मजदूर खुदाई कर रहे थे। इस दौरान टोरेंटो गैस पाइप क्षतिग्रस्त हो गई। इस घटना से ट्रांसपोर्टनगर से लेकर नौसढ़ तिराहे तक काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। लिकेज स्थल से दोनों तरफ करीब तीन किलोमीटर तक सड़क को वन-वे करके ट्रैफिक का संचालन किया गया। हालांकि इस दौरान वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



# नियमों की अनदेखी

यातायात नियमों की अनदेखी में युवतियां भी पीछे नहीं हैं. वे भी युवकों की तरह ट्रिपलिंग कर रही हैं और कई बार तो वे बिना हेलमेट के फर्राटा भरते देखी जा सकती हैं, लेकिन पुलिस अक्सर इन पर कार्रवाई नहीं करती है. वैसे बिना हेलमेट ट्रिपलिंग जानलेवा भी साबित हो सकती है और पुलिस को भी सख्ती बरतनी चाहिए, ताकि उनका जीवन सुरक्षित रहे.



# किडनैप कर लूट करने वाले 4 बदमाश अरेस्ट

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT




पुलिस गिरफ्त में आरोपित.

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (21 March):** हरपुर बुदहट व सिकरीगंज पुलिस ने ईंट भट्ठे के चौकीदार का अपहरण कर ट्रैक्टर ट्रॉली लूटने के 4 आरोपितों को गिरफ्तार किया है. जबकि एक आरोपित फरार है. पुलिस ने मुकदमे में डकैती की धारा भी बढ़ा दी है और ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद कर ली.

## चौकीदार को घायल कर रास्ते में छोड़ा

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी, एएसपी मानुष पारिख ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों की पहचान सिकरीगंज के भेउसा उर्फ बनकटा निवासी ल[illegible]न,गंगा उर्फ शिवम सिंह, बरूही निवासी धीरज शर्मा और निशांत उर्फ बालाजी के रूप में हुई है. एसपी नार्थ ने बताया कि मूल रूप से भवानीगढ़ निवासी अवनीश तिवारी हरपुर बुदहट के समुदा स्थित छावनी भट्ठा पर रहते हैं. 1 मार्च 2023 की रात उनके चौकीदार का कुछ लोगो ने अपहरण कर लिया और ट्रैक्टर ट्रॉली भी लूट ली. बाद में बदमाशों ने चौकीदार को घायल कर रास्ते मे छोड़ दिया था.

## पुलिस ने दर्ज किया डकैती व अपहरण का केस

पुलिस ने अवनीश की तहरीर पर अपहरण और डकैती का केस दर्ज किया था. तभी से आरोपितों की तलाश की जा रही थी. मंगलवार को पुलिस ने लल्लन, गंगा उर्फ शिवम, धीरज और निशांत को गिरफ्तार कर ट्रैक्टर ट्रॉली बरामद कर लिया.

# तरकुलहा में खुली पुलिस चौकी

गोरखपुर। चैत्र नवरात्र में सभी प्रमुख देवी मंदिरों सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। चौरीचौरा के तरकुलहा व गुलरिहा के बांसस्थान मंदिर में एक माह तक चलने वाले मेले की सुरक्षा को देखते हुए अस्थायी पुलिस चौकी खोलने के साथ ही पीएसी को तैनात कर दिया गया है। एएसपी/सीओ चौरीचौरा को सुरक्षा का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस ने जिले के सभी प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा की तैयारियां पूरी कर ली है।

# जमीन के विवाद में चाची का सिर फोड़ा

गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र के बनगाई टोला बंजरहा में रविवार की रात भतीजों ने चाची का सिर फोड़ दिया। महिला के पति की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार गुलरिहा क्षेत्र के बनगाई टोला बंजरहा निवासी अनिल कुमार सोनकर रविवार की रात जमीन जायदाद के बात को लेकर बड़े भाई सुनील से बात कर ही रहा था कि भाई के बेटों आदित्य व अविनाश ने गाली गुप्ता देते हुए उनकी पत्नी रंजना का लाठी डंडे से मारकर सिर फोड़ दिया। गुलरिहा पुलिस ने मंगलवार की सुबह महिला के पति की तहरीर पर भतीजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# घर बैठे रुपये कमाने की लालच में गंवाए 1.7 लाख, केस दर्ज

**पादरी बाजार, हिन्दुस्तान संवाद।** शाहपुर इलाके के गीता वाटिका निवासी अनन्या सिंह को एक जालसाज ने गुरुवार को फोनकर घर बैठे मार्केटिंग से रुपया कमाने की लालच दिखाकर उनके खाते से 107800 रुपये उड़ा दिया।

साइबर अपराधी ने अनन्या सिंह के व्हाट्सएप नंबर पर एक लिंक भेजकर उन्हें बताया कि इस ईमेल आईडी लिंक की मदद आप घर बैठे रुपये कमा सकती हैं। अनन्या झांसे में आ गई और मोबाइल में दिए गए लिंक को खोला तो उनके खाते से कई बार में रुपये कटने का मैसेज आने लगा। मैसेज देखते ही उनका होश उड़ गया, जिसके बाद साइबर पुलिस को सूचना दी। मंगलवार को पुलिस ने साइबर अपराधी के खिलाफ केस दर्ज तलाश में जुट गई है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही साइबर अपराधियों को दबोचा लिया जाएगा।

# गैर इरादतन हत्या के मामले में तीन को 10 वर्ष का कारावास

**गोरखपुर:** गैर इरादतन हत्या का मामला सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने गगहा थाना क्षेत्र के कहला गांव निवासी अभियुक्त लक्ष्मीनरायन, शिवनरायन व मनोरमा देवी को 10 वर्ष वर्ष के कठोर कारावास एवं प्रत्येक को 21 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक परमानंद राम त्रिपाठी का कहना था कि घटना 2/3 जुलाई 2009 की रात करीब 11 बजे की है। वादिनी बसंती व अन्य लोग सोने की तैयारी कर रहे थे।

## गुलरिहा पुलिस को मिली कामयाबी, लूट में बरामद असलहे से पुलिस को मिला था क्लू

# व्हाट्सएप पर पसंद कराते थे असलहा, चार तस्कर दबोचे

### गुडवर्क

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गुलरिहा पुलिस ने मंगलवार को एक ऐसे गिरोह का खुलासा किया जो व्हाट्सएप पर पसंद कराकर असलहों की तस्करी करता था। पुलिस ने चार सप्लायरों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक पिस्टल, तीन तमंचा और कारतूस बरामद किया है।

इन सप्लायरों को वीरु नामक बदमाश असलहा मुहैया कराता था। वीरू वर्तमान में जेल में है। इनके द्वारा बेचे गए असलहे का इस्तेमाल गैस एजेंसी मैनेजर से हुई लूट में किया गया था। पुलिस ने बरामद किया था। यहीं से इस गैंग का क्लू पुलिस को मिला था। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि पकड़े गए तस्करों की पहचान गुलरिहा थानाक्षेत्र के भेलीनपुर महराजगंज निवासी तेज प्रताप साहनी, महराजगंज टोला सेंवई निवासी रविन्द्र निषाद, सियारामपुर निवासी कमलेश चौहान व रघुनाथपुर के दीपक यादव के रूप में हुई है।

13 फरवरी 23 को शिवशक्ति गैस एजेंसी के मैनेजर से पांच लाख रुपये की लूट हुई थी। जिसका पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए लुटेरों को पकड़ा था और घटना में इस्तेमाल असलहा भी बरामद किया था। पुलिस ने असलहे के स्रोत की तलाश की तो पता चला कि जिस पिस्टल का प्रयोग लूट में हुआ है वह तेज प्रताप ने घटना के बाद पकड़े गए लुटेरे अनिरुद्ध को बेचा था।

**30** हजार में पिस्टल और पांच हजार रुपये में बेचते थे तमंचा



### मुख्य सप्लायर जेल में, जल्द रिमांड पर लेगी पुलिस

एसपी नार्थ ने बताया कि जयप्रताप बाकायदा पहले व्हाट्सएप पर असलहे की फोटो भेजकर पसंद कराता था। फिर डील पक्की कर साथियों संग मिलकर असलहे की सप्लाई करता था। वह एक पिस्टल 30 हजार में और एक तमंचा पांच हजार में बेचता था। हर पिस्टल व तमंचे पर उसे दो से तीन हजार का उसे फायदा होता था। पुलिस ने अब मुख्य सप्लायर जेल में बंद वीरू से भी पूछताछ करने की योजना बनानी शुरू कर दी है। एसी नार्थ ने बताया कि उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जाएगी। यही नहीं पुलिस यह भी पता लगाएगी कि तेजप्रताप व उसके साथियों ने अब तक कितने और किसको असलहे बेचे हैं। वहीं वीरू ये भी पूछा जाएगा कि वह ये असलहे कहां से मंगाता है।

### वीरु सिंह मुहैया कराता था असलहा

पूछताछ में असलहा तस्करी में पकड़े गए सप्लायर तेजप्रताप ने बताया कि वह अपने साथी रविन्द्र निषाद, कमलेश के साथ मिलकर असलहा बेचता है। उसे यह असलहा चिलुआताल के शेखपुरवा निवासी वीरू सिंह उर्फ हर्ष सिंह मुहैया कराता है। तेजप्रताप ने एक पिस्टल दीपक यादव को और एक पिस्टल पूर्व में गिरफ्तार लुटेरे अनिरुद्ध को बेचा था। पुलिस के अनुसार इन तस्करों को असलहा मुहैया कराने वाला वीरू सिंह इस वक्त डकैती के आरोप में 24 जनवरी 2023 से जेल में बंद है।

### प्रेमिका का शौक पूरा करने को बने तस्कर

पुलिस के अनुसार तेजप्रताप पहले भी जेल जा चुका है। वहीं, पकड़े गए अन्य आरोपितों में दीपक यादव, रविन्द्र निषाद व कमलेश पहली बार जेल जा रहे हैं। यह अपनी प्रेमिका का शौक पूरा करने के लिए असलहा तस्करी गैंग में शामिल हो गए और कैरियर का काम करने लगे। व्हाट्सएप पर जो लोग असलहा पंसद करते उन तक यह पहुंचाते थे। गिरफ्तारी करने वाली टीम में इंस्पेक्टर संजय सिंह, इंस्पेक्टर शाहपुर मनोज पांडेय, दरोगा हिमांशी पांडेय, शेष शर्मा और अश्वनी चौबे शामिल रहे।

## 102 तमंचे, 132 कारतूस के स्रोत का पता नहीं

**गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता।** गोरखपुर जोन की पुलिस ने पिछले ढाई महीने में अलग-अलग थानों से 102 तमंचा और 132 कारतूस बरामद किया है। इसके साथ ही 107 बदमाश भी पुलिस के शिकंजे में आए हैं, हालांकि यह तमंचा और कारतूस कहां से आया है इसके बारे में पुलिस के पास कोई जानकारी नहीं है।

अब गुलरिहा में पकड़े गए सप्लायरों ने वीरू नामक व्यक्ति का नाम लिया और वीरू वर्तमान में जेल में है। जनवरी 2023 के पहले सप्ताह में पुलिस ने

- छह तमंचे वीडियो वायरल करने पर किया बरामद
- तमंचा, कारतूस के साथ पकड़े गए 107 बदमाश

खोराबार के एक ग्राम प्रधान को वायरल वीडियो के आधार पर पकड़कर उसके पास से अवैध कार्बाइन बरामद किया था। इस मामले में पुलिस ने एक छात्रनेता को भी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया था। दावा था कि कुशीनगर के एक युवक ने उन्हें तमंचा बेचा था पर पुलिस उस युवक तक नहीं पहुंच पाई।

### ऑपरेशन तमंचा से मिली काफी सफलता

एडीजी ने यह निर्देश दिया था कि न सिर्फ अवैध तमंचा बरामद कर उसे रखने वालों को पकड़ा जाए बल्कि यह तमंचा कहां से आ रहे हैं उसके जड़ पर भी प्रहार किया जाए। इस दौरान जोन के 11 जिलों की पुलिस ने 102 तमंचा और 132 कारतूस बरामद कर 107 बदमाशों को दबोचा। सबसे ज्यादा बरामदगी गोरखपुर में हुई यहां की पुलिस ने 30 से ज्यादा तमंचा बरामद किया।

# बच्ची से छेड़खानी के जुर्म में सात साल की सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने संतकबीरनगर जिले के महुली थाना क्षेत्र के चंदापार निवासी अभियुक्त राजेंद्र मिश्रा को सात साल के कठोर कारावास और 50 हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। घटना 22 सितम्बर 2017 की समय करीब तीन बजे की है। अभियुक्त ने पांच वर्षीय बच्ची के साथ छेड़छाड़ कर रहा था।

# किशोरी को भगाने के आरोप में पांच पर केस

गोरखपुर। गुलरिहा क्षेत्र के एक गांव की 17 वर्षीय किशोरी को गांव का ही युवक भगा ले गया। किशोरी की मां की तहरीर पर युवक समेत पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर किया है। किशोरी की मां ने गुलरिहा पुलिस को लिखित तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 17 वर्षीय पुत्री को गांव के ही लालधर, गुंजा देवी, गोविंद की मां व मोतीलाल मिलकर गांव के ही संदीप के साथ भगा दिए। किशोरी की मां की तहरीर पर मंगलवार को गुलरिहा पुलिस उपरोक्त आरोपितों के खिलाफ केस दर्जकर किशोरी की तलाश कर रही है।

# पति की मृत्यु के बाद से अवसाद में थीं लक्ष्मी भट्टराई

**जासं, गोरखपुर:** नेपाल की रहने वाली लक्ष्मी भट्टराई अपने पति की मृत्यु के बाद से अवसाद में थीं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग की पुष्टि हुई है। स्वजन का कहना है कि अवसाद में होने से उन्होंने आत्महत्या की है। बीआरडी मेडिकल कालेज से मंगलवार की शाम को महिला का शव लेकर स्वजन व रिश्तेदार नेपाल के लिए रवाना हो गए।

पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद भतीजा दीपक व बहनोई दिल्लीरास नेउपा ने बताया कि लक्ष्मी का बेटा विवेक सिंगदेल कंप्यूटर इंजीनियर है। पत्नी सीता के साथ वहीं रहता है। दो वर्ष पहले तबीयत खराब होने पर विवेक ने आरोग्य मंदिर में आकर उपचार कराया था। अवसाद में रहने वाली मां को उसने आस्ट्रेलिया बुलाकर उपचार कराया। लाभ न होने पर 10 दिन पहले आरोग्य मंदिर भेज दिया। दीपक ने कहा कि लक्ष्मी के साथ उसके अलावा उनकी बड़ी बहन वृंदा भी थीं। सभी लोग आरोग्य मंदिर परिसर में रहते थे। सोमवार की सुबह नौ बजे वह बाथरूम में गयीं। 20 मिनट तक बाहर न आने पर दरवाजा खटखटाया तो कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद उसने दरवाजा तोड़ा तो शावर में बंधे दुपट्टे के सहारे वह फंदे से लटक रही थीं।

लक्ष्मी भट्टराई की संस्था एकल महिला नेपाल में विधवा महिलाओं के उत्थान के लिए काम करती है। लक्ष्मी के संघर्ष से अपनी पसंद का कपड़ा पहनने का अधिकार मिला था। इसके लिए 2022 में तत्कालीन राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने उन्हें सम्मानित किया था।

# नाबालिग के अपहरण और रेप में दो को सजा

गोरखपुर। नाबालिग बच्ची को बहला फुसलाकर कर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने शाहपुर थानाक्षेत्र के दरगहिया निवासी अभियुक्त भोला चौहान को दस साल के कठोर कारावास एवं 35 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं लड़की को भगाने की साजिश रचने के जुर्म में अभियुक्तं शारदा देवी को सात साल के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि घटना 3 जुलाई 2014 की है।

# नाबालिग से छेड़छाड़ में सात वर्ष की सजा

**गोरखपुर :** नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़ के मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट रोहित सिंह ने संतकबीर नगर जिले के महुली थाना क्षेत्र के चंदापार निवासी अभियुक्त राजेंद्र मिश्र को सात वर्ष के कठोर कारावास एवं 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। घटना 22 सितंबर, 2017 की दोपहर करीब तीन बजे की है।

# हत्या के मामले में तीन को आजीवन कारावास

**विधि संवाददाता, गोरखपुर:** हत्या का आरोप सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने गोला थाना क्षेत्र के झरकटा निवासी आशुतोष उर्फ छोटई, कृपाशंकर दूबे व छांगुर दूबे को आजीवन कारावास एवं प्रत्येक को 20 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को दो वर्ष का कारावास अलग से भुगतना होगा।

अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एचएन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि घटना 21 मार्च 2005 के दिन के करीब तीन बजे की है। वादी का लड़का अतुल कुमार दूबे उर्फ पुत्तुल गोपालपुर बाजार से धोबी को कपड़ा देकर आ रहा था। सरयू नगर पुलिया के पास पहुंचा था। अभियुक्तगण हथियार के साथ लैश होकर टैंपो से पीछा करते हुए आए और वादी के लड़के को दौड़ाकर ग्राम रुकौली में स्थित गेहूं के खेत में बुरी तरह मारे। इससे लड़का लहूलुहान होकर गिर गया। इलाज के लिए उसे मेडिकल कालेज ले जाया गया, जहां उसकी मृत्यु हो गई। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर निर्णय दिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले में दो दंडित

**गोरखपुर :** षड्यंत्र रचकर नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने शाहपुर थाना क्षेत्र के दरगहिया निवासी अभियुक्त भोला चौहान को दस साल के कठोर कारावास एवं 35 हजार रुपये अर्थदंड व अभियुक्त शारदा देवी को सात साल के कठोर कारावास एवं दस हजार रुपये अर्थदंड से दण्डित किया है। अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता राघवेंद्र त्रिपाठी एवं उमेश मिश्र का कहना था कि घटना तीन जुलाई 2014 की है। वादी की नाबालिग बच्ची स्कूल गई थी। अभियुक्त शारदा देवी षड्यंत्र के तहत वादी की नाबालिग बच्ची को बहला-फुसलाकर कर ले गई और भोला ने उसके साथ दुष्कर्म किया। न्यायाधीश ने पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर उक्त निर्णय दिया।

## पति समेत 10 के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**उनवल :** खजनी थाना क्षेत्र के धाधुपार निवासी सविता देवी ने मंगलवार को तहरीर देकर पति अजय समेत 10 लोगों के विरुद्ध मारपीट और दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है।

## भूमि विवाद में पिता–पुत्र को पीटा, पांच के विरुद्ध कार्रवाई

**सहजनवां :** बिजौवा निवासी रामफल का पट्टीदारों से भूमि विवाद चल रहा है। सोमवार की शाम एक पक्ष निर्माण कार्य करा रहा था। आरोप है कि दूसरे पक्ष से पांच लोगों ने रामफल और उनके पुत्र हिमांशु को पीट कर घायल कर दिया। थाना प्रभारी महेंद्र मिश्र ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर बेचन, रीता, दीपक, दिपांश, लल्ली के विरुद्ध बलवा और मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## युवक के विरुद्ध छेड़खानी का मुकदमा दर्ज

**सहजनवां :** गीडा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती की तहरीर पर पुलिस ने मंगलवार को रविन्द्र पटेल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। युवती ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि वह एक वर्ष से परेशान कर रहा है। तंग आकर उसने अपनी पढ़ाई भी छोड़ दी है, फिर भी पीछा नहीं छोड़ रहा है। उसकी फर्जी आईडी बनाकर अश्लील फोटो अपलोड कर रहा है और खुद को पति होने का दावा कर रहा है। थाना प्रभारी मदन मोहन मिश्र ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है। (जासं)

## एसएसपी के निर्देश पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज

**मुंडेरा बाजार :** एसएसपी के निर्देश पर चौरी चौरा पुलिस ने राघोपुर के हरिशंकर के विरुद्ध जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया । भोपा बाजार निवासी मनोज कुमार ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि राघोपुर में राज्य सरकार की 0.326 हेक्टेयर भूमि में 0.121 हेक्टेयर भूमि हरिशंकर ने जालसाजी कर अपनी पत्नी आशा देवी के नाम करा लिया है। जांच में इसकी पुष्टि भी हो चुकी है। बावजूद चौरी चौरा थाना पुलिस मुकदमा नहीं कर रही है। (जासं)

# कमरे में मिला मध्यप्रदेश के अधेड़ का शव

**जासं, चिलुआताल :** बरगदवा में मंगलवार की सुबह मध्यप्रदेश के थाना उमरी भिण्ड के ग्राम पंडारी निवासी 48 वर्षीय राजबहादुर का शव बंद कमरे से बरामद हुआ। वह सुग्रीव प्रजापति के मकान में किराए पर कमरा लेकर रहते थे। चिलुआताल थाना पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के मुंह से खून निकला हुआ था।



राज बहादुर सिंह, फाइल फोटो

अधेड़ फास्ट फुड बेचने का कार्य करता था। सोमवार की रात वह ठेला लेकर कमरे पर आया और भोजन के बाद सो गया। मंगलवार की सुबह उसके बाहर नहीं निकलने पर आसपास के लोगों ने कमरे का दरवाजा खुलवाना चाहा। सफलता न मिलने पर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव बाहर निकाला।

# वाट्सएप पर असलहे की फोटो भेज पसंद आने पर बेचते थे

**जासं, गोरखपुर** : वाट्सएप पर असलहे की फोटो भेजकर पसंद आने पर आपूर्ति देने वाले चार तस्करों को गुलरिहा थाना पुलिस ने सोमवार की रात मुठभेड़ में गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से एक पिस्टल, तीन तमंचे और कारतूस बरामद हुए। गिरोह का सरगना पहले से जेल में निरुद्ध है। आरोपितों द्वारा बेचे गए असलहे का इस्तेमाल भटहट में गैस एजेंसी के मैनेजर से 6.24 लाख की लूट में हुआ था।

एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी व एएसपी/सीओ चौरी चौरा मानुष पारीख ने मंगलवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि बीते 13 फरवरी को शिव शक्ति गैस एजेंसी के मैनेजर से भटहट में 6.24 लाख रुपये की लूट हुई थी। जिसका पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए लुटेरों को पकड़ा था और कुछ असलहे भी बरामद किए थे। अनावरण के समय जानकारी मिली थी कि जिस पिस्टल का प्रयोग लूट में हुआ था वह तेज प्रताप साहनी ने लुटेरे अनिरुद्ध को बेचा था। सूचना के आधार पर पुलिस ने असलहा तस्करी करने वाले गिरोह से जुड़े गुलरिहा थाना के भेलीनपुर महराजगंज निवासी तेज प्रताप साहनी, महराजगंज टोला सेवई निवासी रविन्द्र निषाद, सियारामपुर निवासी कमलेश चौहान व रघुनाथपुर निवासी दीपक यादव को गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपितों ने बताया कि वीरू सिंह ने उन्हें असलहा दिया था। डकैती के आरोप में वह बीते 24 जनवरी से जेल में निरुद्ध है।

**30 हजार में बेचते थे पिस्टल**: एसपी नार्थ ने बताया कि तेज प्रताप साहनी खरीदार के पास वाट्सएप के जरिये असलहे की फोटो भेजकर पसंद कराता था। फिर डील पक्का कर साथियों के साथ आपूर्ति देता था। 32 बोर की एक पिस्टल 30 हजार और 315 बोर तमंचा यह लोग पांच हजार रुपये में बेचते थे। पिस्टल व तमंचा बेचने पर उसे दो से तीन हजार रुपये का फायदा होता था। जेल में निरुद्ध वीरू से भी पुलिस पूछताछ करेगी। पुलिस के अनुसार तेज प्रताप पहले भी जेल जा चुका है। पकड़े गए दीपक यादव, रविन्द्र निषाद व कमलेश पहली बार जेल जा रहे हैं।



अवैध असलहे के साथ पकड़े गए बदमाश व जानकारी देते पुलिस अधिकारी ● जागरण

**गोला में भी पकड़ा गया था गिरोह**: गोला थाना पुलिस ने बीते 10 जनवरी को वाट्सएप के जरिये पिस्टल व तमंचा की तस्वीर भेज पसंद आने पर बेचने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया था। गिरोह के सदस्य मध्य प्रदेश के उज्जैन से असलहा मंगाकर बेचते थे। आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों को जेल भेजा था। गिरोह के सदस्य जयहिंद के मोबाइल से पुलिस को 60 लोगों के नाम व मोबाइल नंबर मिले जो इस गिरोह से जुड़े हैं, लेकिन पकड़े नहीं गए।

# भट्ठा मालिक ने लूटी थी ट्रैक्टर-ट्राली

**जासं, गोरखपुर** : हरपुर बुदहट क्षेत्र के सम्मूदा में स्थित ईंट-भट्ठे से चौकीदार का अपहरण कर ट्रैक्टर-ट्राली लूटने वाला आरोपित भट्ठा मालिक ही निकला। भेउसा के भट्ठा मालिक निशांत उर्फ बालाजी ने अपने चार साथियों गंगा उर्फ शिवम सिंह, लल्लन व बरुही निवासी धीरज शर्मा के साथ घटना को अंजाम दिया था। मंगलवार को पुलिस ने इन आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। इनके पास से ट्रैक्टर-ट्राली भी पुलिस ने बरामद कर ली है। गंगा का एक साथी अभी फरार है।

पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी ने घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि मूलरूप से भवानीगढ़ निवासी अवनीश तिवारी का सम्मूदा में भट्ठा है। एक मार्च को उनके भट्ठे की देखभाल करने वाले चौकीदार का आरोपितों ने अपहरण कर ट्रैक्टर-ट्राली लूट ली थी। तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज करते हुए हरपुर बुदहट थाना प्रभारी संदीप यादव अपनी टीम के साथ जांच में जुटे थे। मुखबिरों की सूचना पर आरोपितों को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई तो उन्होंने घटनाक्रम के बारे में बताया। इसमें मुख्य आरोपित निशांत उर्फ बालाजी व गंगा उर्फ शिवम सिंह हैं। निशांत का भेउसा में खुद का ईंट-भट्ठा है और खजनी चौराहे पर ट्रैक्टर की एक एजेंसी थी, जो बंद हो चुकी है। एसपी उत्तरी ने बताया कि अपहरण के दौरान गाड़ी चलाने वाला एक आरोपित अभी फरार है। पुलिस उसकी तलाश में लगी है।

# पाइप फटने से पीएनजी लीक, अफरा-तफरी

## नौसढ़ चौराहे के पास मंगलवार को केबिल में गड़बड़ी ठीक करा रहा था बिजली निगम

**जासं, गोरखपुर**: पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) की पाइप लाइन फटने से मंगलवार दोपहर नौसढ़ में अफरातफरी मच गई। गैस लीक होने से लोग इधर-उधर भागने लगे। सूचना पर टोरेंट गैस कंपनी के अफसरों ने आपूर्ति रोक दी। इसके बाद सड़क की खोदाई कराकर पाइप लाइन ठीक करानी शुरू की। खोदाई में निकली मिट्टी सड़क पर डालने से नौसढ़ में जाम लग गया। घंटों लोग परेशान रहे।



नौसढ़ में गैस पाइप लाइन ठीक करते कर्मचारी ● जागरण

बुलडोजर से कराई जा रही थी सड़क की खोदाई, बगल से गुजरी पाइप्ड नेचुरल गैस की पाइप लाइन फट गई

### दूसरी लाइन से दी गई गैस

गैस लीक होने की सूचना मिलते ही टोरेंट कंपनी के अफसर मौके पर पहुंचे और आपूर्ति बंद करायी। पाइप में बची गैस को निस्तारित करने के बाद सुधार कार्य शुरू कराया। देवरिया बाईपास के रास्ते बिछी दूसरी लाइन से महानगर में गैस की आपूर्ति जारी रखी गई। इससे घरों में गैस मिलती रही।

वाराणसी से पीएनजी की आपूर्ति होती है। हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड के खाद कारखाना में गैस अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करती है। यही गैस टोरेंट कंपनी भी लेती है। टोरेंट कंपनी ने खानिमपुर में बड़ा स्टेशन बनाया है। यहां से गीडा के सेक्टर पांच, खानिमपुर के साथ ही महानगर के सहारा एस्टेट, तारामंडल, दिव्यनगर कालोनियों में पीएनजी की आपूर्ति होती है। खानिमपुर से एक लाइन नौसढ़ होते हुए महानगर में आती है। टोरेंट ने देवरिया बाईपास के रास्ते भी एक लाइन बिछायी है।

मंगलवार को नौसढ़ उपकेंद्र से वाराणसी मार्ग की ओर निकली बिजली निगम की भूमिगत केबिल में गड़बड़ी आ गई थी। बिजली निगम के कर्मचारी खोदाई कर क्षतिग्रस्त केबिल को ठीक कर रहे थे। इसी बीच गैस की पाइप लाइन फट गई।

**कंपनी के अफसरों से की जाएगी बातचीत**: विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता सोमदत्त शर्मा ने कहा कि भूमिगत केबिल को ठीक कराने के लिए बिजली निगम काम करा रहा था। टोरेंट कंपनी को भूमिगत केबिल के बगल में पाइप नहीं बिछाना चाहिए था। इस संबंध में कंपनी के अफसरों से बात की जाएगी।

# मोबाइल फोन लूट में भेजे गए बाल संप्रेक्षण गृह

**जासं, पिपराइच :** मोबाइल फोन लूट के मामले में थाना पुलिस ने मंगलवार की रात दो किशोर को हिरासत में लिया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। दोनों ने सोमवार की रात पिपराइच कस्बे में आयोजित शादी समारोह में आए युवक का मोबाइल लूट लिया था।

चिलुआताल थाना क्षेत्र के नौतन गांव निवासी अतहर हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार की रात 10.30 बजे शादी समारोह से लौटकर पिपराइच स्थित मस्जिद के इकबाल के साथ सोने जा रहे थे। शराब ठेके के पास दो लड़के मिले और खझवां गांव का रास्ता पूछने लगे। उनको रास्ता बता ही रहे थे कि ऊपर की जेब में रखा मोबाइल फोन लूटकर वे खेत के रास्ते फरार हो गए। दारोगा दिनेश साहनी ने बताया कि सूचना मिलने के बाद रामघाट पुल से दोनों किशोर को पकड़ा गया। उनके पास से लूट का मोबाइल फोन बरामद हुआ। दोनों किशोर पिपराइच कस्बा के मुख्य बाजार के रहने वाले हैं।

# बदमाशों ने महिला से जेवर समेत 35 हजार रुपये लूटे

**जासं, भटहट:** पिपराइच थाना क्षेत्र के अमवां गांव के समीप मंगलवार शाम बाइक सवार बदमाश जेवर व नकदी समेत पर्स लूटकर फरार हो गए। इस दौरान महिला व बदमाशों के बीच हाथापाई भी हुई। महिला ने पुलिस को सूचना देते हुए तहरीर दी है।

भलुही गांव निवासी नाजमा बेगम की गांव में दुकान है। मंगलवार को पर्स में 35 हजार रुपये नकद लेकर टूटा हुआ झुमका बनवाने भटहट जा रही थीं। नहर पिच मार्ग से पैदल अमवां के समीप पहुंचीं, तभी पीछे से बाइक सवार बदमाश पर्स छीनने लगे, उसे बचाने के लिए हाथापाई हुई, लेकिन बदमाशों ने ढकेल दिया और पर्स लेकर फरार हो गए। पर्स में झुमका व एक मोबाइल फोन था।

# किशोरी व युवती को भगाने के आरोप में दो पर मुकदमा

**जासं, गोरखपुर :** किशोरी को भगाने के मामने में मां की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने संदीप, लालधर, गुंजा देवी, गोविंद और मोतीलाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। पिपराइच के एक गांव की महिला की तहरीर पर पुलिस ने शमशाद के विरुद्ध उसकी पुत्री को भगाने का मुकदमा दर्ज किया।

# चौकीदार व ट्रैक्टर लूटने के चार आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। हरपुर बुदहट इलाके में ईंट-भट्ठे से चौकीदार का अपहरण कर ट्रैक्टर-ट्रॉली लूटने के चार आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की संख्या पांच होने की वजह से पुलिस ने डकैती की धारा बढ़ा दी है। वहीं, घटना में शामिल फरार एक आरोपी की तलाश में पुलिस लगी है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सिकरीगंज के भेउसा उर्फ बनकटा निवासी लल्लन, गंगा उर्फ शिवम सिंह, बरूही निवासी धीरज शर्मा और निशांत उर्फ बालाजी के रूप में हुई। एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकारी दी। ब्यूरो

# चोरी के सोने के गिलास के साथ एक गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने चोरी के सोने के गिलास और मोबाइल फोन के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान गोला बाजार निवासी रोहित शर्मा के रूप में हुई है। प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण राय ने बताया कि आरोपी ने पूछताछ में बताया कि भगत चौराहे के पास से मोबाइल और सोने का गिलास चोरी किए थे। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# मारपीट के तीन आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। बेलीपार इलाके के डेफरा गांव में मारपीट करने के तीन आरोपियों को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान डेफरा निवासी धर्मवीर, उसकी पत्नी मीना देवी और रामजी के रूप में हुई है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# किशोरी लापता, पांच के खिलाफ केस दर्ज

गुलरिहा। एक गांव से 17 वर्षीय किशोरी के लापता होने के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। किशोरी की मां ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि बेटी को गांव के ही लालधर, गुंजा देवी, गोविंद की मां व मोतीलाल मिलकर संदीप के साथ भगा दिए हैं। किशोरी की मां की तहरीर पर मंगलवार को गुलरिहा पुलिस आरोपियों के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कर लिया है। ब्यूरो

# जेल लोक अदालत में दो मामलों का निस्तारण

गोरखपुर। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में मंगलवार को जनपद न्यायाधीश तेज प्रताप तिवारी के निर्देशानुसार जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह जानकारी अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रामकृपाल ने दी।

उन्होंने बताया कि जेल लोक अदालत के लिए नामित पीठासीन अधिकारी अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण कुमार यादव ने कुल दो मामलों का निस्तारण किया। ब्यूरो

# छेड़खानी के अभियुक्त को सात साल की मिली कैद

गोरखपुर। बच्ची से छेड़छाड़ करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रोहित सिंह ने संतकबीरनगर जिले के महुली थाना क्षेत्र के चंदापार निवासी अभियुक्त राजेंद्र मिश्रा को सात साल के कठोर कारावास व 50 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी रामध्यान राम व विशेष लोक अभियोजक अरविंद श्रीवास्तव का कहना था कि घटना 22 सितंबर 2017 की समय करीब तीन बजे की है। अभियुक्त वादिनी की पांच वर्षीय बच्ची को बुलाकर छेड़छाड़ कर रहा था। ब्यूरो

# हत्या के तीन अभियुक्तों को आजीवन कारावास

अमर उजाला ब्यूरो

**कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर सुनाया फैसला, अर्थदंड भी**

**गोरखपुर।** हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर गोला के झरकटा निवासी आशुतोष उर्फ छोटई, कृपाशंकर दुबे और छांगुर दुबे को कोर्ट से आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। 2005 में हुई घटना में सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश अभय प्रकाश नारायण ने साक्ष्यों के आधार पर सजा सुनाई। कोर्ट ने प्रत्येक को 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। अर्थदंड न देने पर अभियुक्तों को दो वर्ष का कारावास अलग से भुगतना होगा।

जानकारी के मुताबिक, अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता एचएन यादव एवं संजीत शाही का कहना था कि घटना 21 मार्च 2005 में दिन के करीब तीन बजे की है। वादी का लड़का अतुल कुमार दूबे उर्फ पुत्तुल गोपालपुर बाजार से धोबी को कपड़ा देकर आ रहा था।

जैसे ही वह सरयू नगर पुलिया के पास पहुंचा तो अभियुक्तगण हथियार के साथ लैस होकर आँटो से पीछा करते हुए आए और वादी के लड़के को दौड़ाकर ग्राम रुकौली में स्थित गेहूं के खेत में बुरी तरह मारे। इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई थी। पुलिस केस दर्ज कर आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की थी। अब कोर्ट ने साक्ष्यों के आधार पर फैसला सुनाया।

## गैर इरादतन हत्या के तीन अभियुक्तों को 10 साल की सजा

गोरखपुर। गैर इरादतन हत्या का जुर्म सिद्ध पाए जाने पर अपर सत्र न्यायाधीश तनु भटनागर ने गगहा क्षेत्र के ग्राम कहला निवासी अभियुक्त लक्ष्मीनरायन, शिवनारायन व मनोरमा को 10 साल के कठोर कारावास व प्रत्येक को 21 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है।

## दुष्कर्म के अभियुक्त और मददगार को कोर्ट ने सजा सुनाई

**गोरखपुर।** साजिश रचकर बच्ची को भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के जुर्म में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट नवल किशोर सिंह ने शाहपुर थाना क्षेत्र के दरगहिया निवासी अभियुक्त भोला चौहान को 10 साल के कारावास एवं 35 हजार रुपये अर्थदंड व शारदा को सात साल के कारावास व 10 हजार अर्थदंड से दंडित किया है। ब्यूरो

# जिले में लूट की तीन घटनाओं से सनसनी

## पिपराइच में नकदी-जेवर, गीडा में मोबाइल फोन और खोराबार में कैमरा लूटा

**गोरखपुर।** जिले में मंगलवार को बाइक सवार बदमाशों ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में लूट की तीन वारदातें की हैं। पिपराइच में महिला का पर्स लूटा, जिसमें 15 हजार रुपये, 25 हजार कीमत का झुमका और मोबाइल फोन था। गीडा में मोबाइल फोन लूटा, तो खोराबार हाईवे पर युवक से बाइक सवार बदमाशों ने कैमरा लूट लिया। केस दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। ब्यूरो

## पैदल जा रही महिला से लूट, हाथापाई में गिरी

**भटहट।** पिपराइच थाना क्षेत्र के अमवा गांव के सामने पैदल चल रही महिला से बाइक सवार बदमाशों ने पर्स लूट लिया और फरार हो गए।

पर्स में 15 हजार रुपये, 15 हजार कीमत का झुमका और मोबाइल फोन था। पीड़ित की सूचना पर पुलिस मामले की जांच कर रही। पिपराइच थाना क्षेत्र के भलुही गांव निवासी नाजमा बेगम पत्नी मुबारक गांव में गुमटी में दुकान चलाती हैं। मंगलवार दोपहर घर से दुकान की ओर जा रही थीं। अमवा गांव के पास पहुंची थीं कि बाइक सवार बदमाशों ने उनका पर्स लूट लिया। बदमाशों ने इस दौरान महिला से हाथापाई भी की। बाइक पर पीछे बैठे बदमाश ने धक्का मार दिया तो नजमा जमीन पर गिर गईं। उन्हें चोट भी आई है। महिला ने तहरीर दी है, केस दर्ज नहीं हुआ। ब्यूरो



पिपराइच में लूट का शिकार हुई महिला।

## खोराबार में फोरलेन पर युवक का कैमरा लूटा

**खोराबार।** इलाके के फोरलेन पर जंगल चंवरी के पास मंगलवार सुबह बदमाशों ने युवक से कैमरा लूट लिया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। गाजीपुर के हुरुजपुर निवासी दीपक यादव ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि खोराबार थाना क्षेत्र के जंगल चंवरी लोनिया टोला के सामने फोरलेन के पास से बाइक से गुजर रहा था। इस दौरान बाइक सवार बदमाशों ने मारपीट कर कैमरा लूट लिया। ब्यूरो

## बाइक सवार बदमाशों ने मोबाइल फोन लूटा

**गीडा।** इलाके के तेनुहारी मोड़ के पास मंगलवार सुबह हाईवे पर बाइक सवार बदमाशों ने युवक का मोबाइल फोन लूट लिया। जानकारी के मुताबिक, सहजनवां थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 9 पिपरा निवासी भानू प्रताप भारती गीडा सेक्टर 15 स्थित एक फैक्ट्री में काम करता है।

मंगलवार सुबह छह बजे के आसपास काम खत्म होने के बाद बाइक से घर जाने के लिए निकला। इसी दौरान कॉल आने पर बाइक चलाते हुए बात करने लगा।

अभी तेनुहारी मोड़ के पास पहुंचा ही था कि एक बाइक पर सवार दो युवक आए और मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस जांच कर रही है। ब्यूरो

# सात लाख लेकर फर्जी नियुक्ति पत्र थमाया

## खोराबार पुलिस ने आरोपी चाचा-भतीजे पर दर्ज किया केस

अमर उजाला ब्यूरो

**खोराबार (गोरखपुर)।** देवरिया पीडब्ल्यूडी का फर्जी नियुक्ति पत्र भेजकर जालसाजी करने वाले चाचा-भतीजे पर मंगलवार को खोराबार पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने कैंपियरगंज के विशंभरपुर निवासी दुर्गेश यादव, अनिल यादव को आपराधिक साजिश, जालसाजी व धमकी देने की धाराओं का आरोपी बनाया है।

जानकारी के मुताबिक, जगदीशपुर निवासी संदीप पासवान ने तहरीर में लिखा है कि नौकरी दिलाने के नाम पर आरोपी दुर्गेश यादव व उनका भतीजा अनिल यादव ने 2019 में सात लाख रुपये लिया। आरोपियों ने डाक द्वारा संदीप के घर नियुक्ति पत्र भिजवा दिया। नियुक्ति पत्र के अनुसार देवरिया जिले के पीडब्ल्यूडी विभाग में ज्वाइन करना था।

संदीप नियुक्ति पत्र लेकर देवरिया में ज्वाइन करने गया तो वहां पता चला कि नियुक्ति पत्र फर्जी है। संदीप ने आरोपियों से अपनी दी हुई रकम मांगी। कई बार हीलाहवाली के बाद आरोपी संदीप के घर आए और धमकी देते हुए जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली दिए और कहे की अपनी रकम भूल जाओ नहीं मिलेगा।

### जमीन के नाम पर जालसाजी के आरोपियों पर केस

**खोराबार।** सिक्टौर निवासी बृजेश यादव से जमीन के नाम पर जालसाजी का मामला सामने आया है। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है। आरोप है कि आरोपियों ने जमीन के नाम पर जालसाजी करने वालों ने उलटे ही नौकरी के नाम पर जालसाजी का केस बृजेश पर दर्ज करा दिया। फिलहाल, पुलिस जंगल अयोध्या प्रसाद निवासी राजू निषाद, भृगुनाथ निषाद पर केस दर्ज कर जांच कर रही है। ब्यूरो

### सरकारी भूमि बेचने-खरीदने वाले पांच पर केस

**चौरीचौरा।** सरकारी भूमि को जालसाजी से क्रय-विक्रय करने के मामले में एसएसपी के आदेश पर पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। भोपा बाजार निवासी मनोज कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में लिखा है कि राघोपुर में स्थित आराजी संख्या 504 ख ( पुरानी संख्या 210/2) रकबा 0.326 हेक्टेयर भूमि में से राज्य सरकार में निहित 0.121 हेक्टेयर भूमि को ज्ञान भूषण, वीरेंद्र भूषण व कमला देवी से हरिशंकर ने छल जालसाजी, धोखाधड़ी करके अपनी पत्नी आशा देवी के नाम से 16, अक्तूबर 2019 को पंजीकृत बैनामा करा लिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ब्यूरो

# अवैध असलहा बेचने वाले चार सप्लायर फिर दबोचे गए

अमर उजाला ब्यूरो

## आरोपी बोले- जेल में बंद वीरू ने दिए थे असलहे, आपूर्ति करने वालों का पता नहीं

गोरखपुर। गुलरिहा पुलिस ने एक बार फिर अवैध असलहा की सप्लाई करने वाले चार बदमाशों को दबोच लिया। उनके पास से एक पिस्टल और तीन तमंचा बरामद कर किया गया। लेकिन, आपूर्ति करने वाले अब भी पकड़ से दूर हैं। आरोपियों ने बताया कि वर्तमान में जेल में बंद वीरू से असलहे मिले थे।

पुलिस अब उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ कर असल तस्कर को दबोचने का दम भर रही है। फिलहाल, पुलिस ने पकड़े गए चारों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपियों को पुलिस ने गुलरिहा के पास से उस समय दबोचा, जब वह लूट की साजिश रच रहे थे।

उधर, पुलिस ने आरोपियों पास से तीन तमंचा, तीन खोखा, एक 315 बोर कारतूस और एक पिस्टल, चार कारतूस, एक खोखा बरामद कर लिया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान भेलिनपुर गुलरिहा निवासी तेज प्रताप साहनी, रविंद्र निषाद, सियारामपुर निवासी कमलेश चौहान और रघुनाथपुर निवासी दीपक यादव के रूप में हुई।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी और एएसपी मानुष पारिक ने संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस कर पकड़े गए बदमाशों के बारे में जानकारी दी। एसपी ने बताया कि 13 फरवरी को शिव शक्ति गैस एजेंसी के मैनेजर से लूट हुई थी। जिसका पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए लुटेरों को पकड़ा था और कुछ असलहे भी बरामद किए थे।

एसपी नार्थ ने बताया कि जय प्रताप एक पिस्टल 30 हजार में और एक तमंचा 10 हजार में बेचता था।

# पुलिस बताकर प्रेमी युगल से की छेड़खानी, रुपये लूटे

## बुढ़िया माता मंदिर आए थे दर्शन करने, जंगल में हुई वारदात, पुलिस जांच में जुटी

अमर उजाला ब्यूरो

कुसम्ही (गोरखपुर)। खोराबार इलाके के कुसम्ही जंगल में बुढ़िया माता मंदिर घूमने आए प्रेमी युगल से मंगलवार को फिर छेड़खानी का मामला सामने आया है। आरोप है कि खुद को पुलिस बताकर छेड़खानी करने वाले बदमाशों ने जेब से 1,450 रुपये भी निकाल लिए और मारे-पीटे। पुलिस तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, पिपराइच इलाके के एक गांव का युवक अपने महिला मित्र के साथ बुढ़िया माता मंदिर घूमने आया था। इस दौरान वह जंगल में चले गए थे।

आरोप है कि पांच युवक आ गए और खुद को पुलिस बताकर चेकिंग के नाम पर रोक लिए, फिर छेड़खानी करने लगे। इस दौरान जेब से रुपये भी निकाल लिए तो पीड़िता ने शोर मचाया।

आसपास के लोग आ गए तो आरोपी फरार हो गए। प्रभारी निरीक्षक खोराबार जय नारायन शुक्ला ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है।

बता दें की बुढ़िया माई मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले प्रेमी जोड़ों के साथ इस तरह की घटनाएं आए दिन होती हैं। बावजूद इसके संबंधित थाने की पुलिस की सक्रियता नहीं दिखती।

# बाइक के साथ गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने मंगलवार को चोरी की बाइक के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान झंगहा के मटियरा निवासी मनीष निषाद के रूप में हुई।

पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# अपहरण का केस दर्ज

पिपराइच। इलाके से एक युवती लापता हो गई। पुलिस ने युवती की मां की तहरीर पर लखेसरा निवासी शमशाद के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। मां ने तहरीर में लिखा है कि बेटी को शमशाद बहला-फुसला कर भगा ले गया। ब्यूरो

# तरकुलहा में अस्थायी पुलिस चौकी, बांस स्थान में पीएसी लगी

गोरखपुर। बुधवार से शुरू होने वाले नवरात्र में मंदिरों में जुटने वाले श्रद्धालुओं को लेकर सुरक्षा का खाका तैयार कर लिया गया।

तरकुलहा मंदिर में अस्थायी पुलिस चौकी भी खोली गई। मंगलवार को पुलिस ने निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया। उधर, गुलरिहा इलाके के बांस स्थान में एक महीने के लिए पीएसी लगा दी गई है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के मुताबिक, 22 मार्च से नवरात्र शुरू होगा। पुलिस ने सभी प्रमुख मंदिरों में सुरक्षा की तैयारियां पूरी कर ली है। ब्यूरो

# एक चिंगारी से भी भड़क सकती थी भीषण आग

## गैस रिसाव से धमाका होने की आशंका ज्यादा रहती है, हल्की गैस होने की वजह से हवा में उड़ गई

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** पीएनजी (पाइप्ड नेचुरल गैस) के रिसाव ने नौसड़ के आसपास वाले इलाकों में घंटों के लिए दशहत का माहौल कायम कर दिया था।

जैसे-जैसे गैस की बदबू बढ़ती जा रही थी, वैसे-वैसे लोगों के चेहरे पर चिंता की लकीरें भी बढ़ रही थीं। क्योंकि, अगर एक भी चिंगारी उठती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

टोरेंट गैस के वाइस प्रेसीडेंट संजय शर्मा ने बताया कि बिजली निगम ने अगर नोटिस देकर यह खुदाई शुरू कराई होती तो लोगों को इतना परेशान नहीं होना पड़ता। बिजली निगम की लापरवाही से करीब पांच लाख रुपये से अधिक कीमत की गैस का रिसाव भी हुआ है। इसके अलावा अन्य नुकसान भी हुए हैं, जो कंपनी के अधिकारी गणना करने में जुटे हुए हैं।



गैस पाइप लाइन फटने के बाद उसे ठीक करते टोरेंट के कर्मचारी। संवाद

उन्होंने बताया कि यह गैस बेहद हल्की होती है। रिसाव होते ही यह हवा में तत्काल उड़ जाती है। इसकी वजह से ब्लास्ट होने की आशंका कम रहती है।

हालांकि, इन सबके बीच अगर जहां से गैस का रिसाव हो रहा है, वहां अगर कोई चिंगारी या फिर आग लगा दें तो हादसे हो सकता है। यही वजह है कि उस लेन को तत्काल रोककर आसपास की दुकानों को बंद करा दिया गया था। साथ ही निगाह रखी जा रही थी कि कोई भी सिगरेट या बीड़ी उस इलाके में न पीए।

# जेसीबी की खुदाई से फटी गैस पाइप लाइन, चार घंटे जाम

## बिजली विभाग की लापरवाही, नौसड़ से सहजनवां जाने वाले रास्ते की एक लेन रही बंद, दोपहिया से लेकर चारपहिया वाहन रेंगते नजर आए

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** बिजली निगम की लापरवाही से मंगलवार को बड़ा हादसा होते-होते बचा। नौसड़ के पास फाल्ट ढूंढने के दौरान जेसीबी की खुदाई से टोरेंट गैस की पाइप लाइन फट गई।

दिन में 12 बजे हुई इस घटना के एक घंटे बाद गैस के रिसाव से फैली बदबू महसूस होने से लोगों में हड़कंप मच गया। टोरेंट के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे और नौसड़ से सहजनवां जाने वाली एक लेन को करीब चार बजे बंद कर दिया।

लेन बंद होने के बाद टोरेंट की तरफ से गैस की आपूर्ति बंद की गई। इन सबके बीच नौसड़ से ट्रांसपोर्ट नगर तक करीब चार घंटे तक लंबा जाम लग गया। रात पौने आठ बजे पाइप लाइन की मरम्मत होने के बाद बंद लेन पर आवाजाही पूरी तरह से शुरू की गई। इसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

जाम की जानकारी होते ही ट्रांसपोर्ट नगर चौकी, गीडा थाना सहित अन्य थानों की फोर्स पहुंच गई और वैकल्पिक व्यवस्था के तहत दूसरी लेन से दोनों तरफ के वाहनों की आवाजाही बारी-बारी से शुरू कराई।

टोरेंट गैस के अधिकारियों के मुताबिक, बिजली निगम फाल्ट ढूंढने के लिए गलत तरीके से नौसड़ के पास जेसीबी से खुदाई करवा रहा था। इस दौरान गैस की पाइप लाइन फट गई। पाइप लाइन फटने के बाद धीरे-धीरे गैस का रिसाव होने लगा। गैस रिसाव के बाद आसपास के दुकानदारों को बदबू महसूस हुई। इस पर लोगों ने पुलिस चौकी को सूचना दी।

पुलिस ने टोरेंट गैस के सुरक्षाकर्मियों को जानकारी दी। इसके बाद आननफानन टोरेंट की इमरजेंसी की पूरी टीम मौके पर पहुंची। टीम ने पहुंचते ही आसपास की दुकानों को सुरक्षा की दृष्टि से बंद करा दिया। साथ ही सख्त हिदायत दी कि आसपास सिगरेट और बीड़ी पीकर न फेंके। इसके बाद नौसड़ से सहजनवां जाने वाली एक लेन को पूरी तरह से बंद करा दिया। देर रात पौने आठ बजे के करीब जब गैस रिपेयर का काम बंद हुआ, तब जाकर यातायात सुगम हो सका।



नौसड़ चौक के पास गैस पाइप लाइन फटने के बाद मरम्मत के दौरान लंबा जाम लग गया। इस दौरान वाहन रेंगते रहे। संवाद

**दुकानदारी हो गई चौपट**



गैस लीक होने की वजह से पूरा इलाका बदबू से परेशान हो गया। ऊपर से यह लेन भी बंद कर दी गई। इसकी वजह से दुकानदारी चौपट गई। बदबू की वजह से दुकान बंद कर दिया गया था।

**- ओम प्रकाश**, दुकानदार, नौसड़

**लगने लगा था डर**



गैस लीक होने की जानकारी के बाद थोड़ा डर बैठ गया था। लेकिन, जब टीम आई और आगाह किया कि घबराने की जरूरत नहीं है। तब राहत की सांस ली गई। हालांकि, खुद से दुकान बंद कर दिया था। क्योंकि, आवाजाही बंद थी।

**- रविंद्र यादव**, दुकानदार, नौसड़

बिजली निगम की तरफ से जेसीबी से नौसड़ चौराहे के पास खुदाई कराई जा रही थी। इस दौरान जेसीबी से पीएनजी (पाइप नेचुरल गैस) की पाइप लाइन फट गई। जिससे गैस का रिसाव शुरू हो गया था। इसकी जानकारी होते ही टोरेंट की इमरजेंसी टीम मौके पर पहुंची और गैस को बंद कराया। इससे बड़ा हादसा होने से बच गया। रिपेयर के दौरान लेन को बंद कर दिया गया था। इसमें पुलिस की टीम ने काफी मदद की है।

**- संजय शर्मा**, वाइस प्रेसीडेंट, टोरेंट गैस

टोरेंट वालों ने बिना सूचना दिए ही भूमिगत केबल के बगल में एकदम सटाकर पाइप लाइन बिछा दी है। भूमिगत केबल में फाल्ट होने से गैस पाइप लाइन फट गई थी।

**- रमेश श्रीवास्तव**, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-03-2023

रा० सहारा दि० - 22/08/23

# लक्जरी वाहनों के दो चोर गिरफ्तार

देवरिया(एसएनबी)। सदर कोतवाली पुलिस एवं एसओजी टीम ने भुजौली कालोनी कूर्ना नाला के पास से लक्जरी वाहनों के दो चोरों को दो बाइक व लक्जरी वाहनों को चुराने में काम आने वाले उपकरणों के साथ धर दबोचा। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह ने बताया कि मुखबिर से यह सूचना मिली कि दो संदिग्ध व्यक्ति मोटरसाइकिल व स्कूटी तथा कुछ व्यक्ति आल्टो गाड़ी से भुजौली कालोनी में खड़े वाहनों को खोलने का प्रयास कर रहे हैं। इस सूचना पर पुलिस की दो टीम अलग-अलग गाडियों से मुखबीर को साथ लेकर भुजौली कालोनी कूर्ना नाला के समीप पहुंची। पुलिस को देखते ही सभी गाड़ी वाले पीछे मुडकर भागने का प्रयास करने लगे। तभी स्कूटी व मोटरसाइकिल दोनों गाड़ी मुड़ते वक्त आपस में टकरा कर राणा प्रताप कालोनी के पास मंदिर के पहले बीच सड़क पर गिर गये, जिन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। जबकि कार वाले पीछे मंदिर की तरफ भुजौली कालोनी होते हुए अंधेरे का फायदा उठाते हुए तेजी से भाग गये। पकड़े गये अभियुक्तों ने अपना नाम शेख मुबारक पुत्र शेख नथुनी निवासी रमौली पोस्ट सैदपुर थाना शिकारपुर जिला बेतिया बिहार तथा मनोज कुमार चौधरी पुत्र चन्द्रिका चौधरी निवासी महन्थ मनिहारी थाना मनिहारी जिला मुजफ्फरपुर बिहार बताया। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से एक्स टूल पैड ( गाड़ी का इलेक्ट्रानिक प्रोग्रामिंग पैड), एक्स टूल पैड का चार्जर, एक्स टूल स्कैनर ( की स्कैनर) डिवाइस, ईसीएम डिवाइस स्कैनर ( गाडी को डीकोडिंग मशीन ), फार्च्यूनर की नकली चाभी, एक्स टूल पैड कारिमोड (ब्लूकलर), डिवाइस कनेक्टर केबल (रेड और ब्लैक) तथा गाडियों की 8 अदद चाभी व 8 अदद रिंच व एक रेती, एक पेंच कसलाक तोड़ने वाला व 2 अदद दो पहिया वाहन मौके से व एक अदद मोबाइल रेडमी बरामद हुआ।

हिन्दुस्तान दि० 22/03/23

# मारपीट के मामले में चार पर केस दर्ज

महुआडीह। मारपीट के मामले में पुलिस ने चार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

थाना क्षेत्र विक्रम विशुनपुर निवासी वृजकिशोर सिंह महुआडीह फुल्की को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 11 मार्च को उनका बेटा खेत जोत था तभी मेरे पट्टीदार और उपरोक्त व्यक्ति खेत मे पहुँच कर ट्रैक्टर को रोक कर मेरे लड़के को भद्दी भद्दी गालियां देते हुए लाठी डंडा और लोहे क्री राड से मारने पीटने लगे , मेरे लड़के के शोर करने पर हम उसे बचाने गए जहाँ मुझे भी लाठी डंडा से मारते पीटते और लोहे की राड से हमला कर दिए। उनकी तहरीर पर महुआडीह पुलिस ने उनके पट्टीदार शैलेश सिंह, प्रवीण सिंह, रीतु सिंह व आरती सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है ।

का किया जायेगा।

रा० सहारा दि० 22/03/23

# पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न

रुद्रपुर(एसएनबी)। स्थानीय कोतवाली में सोमवार को माहे रमजान त्योहार व चैत्र रामनवमी के नवरात्र पर्व को लेकर पीस की कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों समुदाय के लोग उपस्थित होकर अपनी-अपनी बात को रखा। कोतवाल उमेश कुमार बाजपेयी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी पर्व आपसी भाईचारे का पर्व है। पूर्व की भांति लोग अपने-अपने पर्वों को शांति एवं सौहार्द वातावरण में मनावें। शासन के निर्देशानुसार धार्मिक स्थलों पर पुलिस व्यवस्था के साथ-साथ सभी व्यवस्था चुस्त एवं दुरुस्त रखा जायेगा। इस अवसर पर उपनिरीक्षक अंजनी कुमार यादव, नीरज सिंह, केशव कुमार मौर्या, वकील राईनी, दीपक जायसवाल, अफजल, सद्दीक आदि उपस्थित रहे।

हिन्दुस्तान दि० 22/03/23

# पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

देवरिया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने शाम शहर में पैदल गस्त/ फ्लैग मार्च। पैदल गश्त के दौरान चौराहों बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई।

दैनिक जागरण दि० 22/03/23

# डिवाइस से खोलते थे लाक, जैमर से बंद करते थे जीपीएस

## पुलिस व एसओजी टीम ने अंतरराज्यीय वाहन चोर गिरोह के दो सदस्यों को किया गिरफ्तार, फरार आरोपितों की हो रही तलाश

जासं, देवरिया: फार्च्यूनर व स्कार्पियो जैसी महंगी गाड़ियां चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के दो सदस्य पकड़े गए हैं। सदर कोतवाली पुलिस व स्पेशल आपरेशन ग्रुप (एसओजी) की टीम ने दोनों की गिरफ्तारी शहर के भुजौली कालोनी के पास से मंगलवार की भोर में की। बिहार के बेतिया और मुजफ्फरपुर के रहने वाले दोनों आरोपितों ने देवरिया शहर से तीन और कुशीनगर से एक वाहन चुराकर बिहार व असोम में बेचने की बात स्वीकार की है। वहां से वाहनों को नेपाल व म्यांमार भेजने की भी जानकारी दी है। गिरोह गाड़ियों का लाक खोलने के लिए इलेक्ट्रानिक डिवाइस और जीपीएस बंद करने के लिए जैमर का प्रयोग करता था।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित • जागरण

सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राहुल सिंह बताया कि शहर के मालवीय रोड से होलिका दहन वाली रात में ओमप्रकाश गुप्ता की स्कार्पियो चोरी हो गई। इसके पूर्व तीन जनवरी की रात में रामलखार मोहल्ले से दीपक गुप्ता की फार्च्यूनर गायब हो गई। शहर से नवंबर 2022 में भी स्कार्पियो चोरी हुई थी। तीनों घटनाओं की जांच सदर कोतवाली पुलिस व एसओजी की टीम कर रही थी। इसी बीच मंगलवार की भोर में भुजौली कालोनी के पास दो संदिग्ध लोगों के मौजूद होने की जानकारी मिलने के बाद टीम वहां पहुंची और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनकी पहचान बिहार के बेतिया जिले के शिकारपुर थानाक्षेत्र के रमौली गांव निवासी शेख मुबारक पुत्र शेख नथुनी और मुजफ्फरपुर के मनिहारी थानाक्षेत्र के महंथ मनिहारी गांव निवासी मनोज चौधरी पुत्र चंद्रिका के रूप में हुई।

आरोपितों पर देवरिया के अलावा गोरखपुर व कुशीनगर में चोरी, एनडीपीएस व गैंगस्टर एक्ट के नौ मुकदमे दर्ज हैं। असोम के बोगाई जिले के अभयपुरी थानाक्षेत्र के मौलबी पाड़ा निवासी खलीलुररहमान सिद्दीकी पुत्र अबू बकर सिद्दीकी, लखनऊ नार्थ ईस्ट निवासी रामप्रताप सिंह पुत्र गोपाल सिंह, बिहार के शिवहर जिले के विशंभरपुर निवासी रवि प्रकाश उर्फ राजू पुत्र शिवशंकर प्रसाद समेत गिरोह के पांच सदस्य फरार हैं। आरोपितों के पास से बाइक व स्कूटी के अलावा एक्स टूल पैड, एक्स टूल का चार्जर, एक्स टूल स्कैनर डिवाइस, ईसीएम डिवाइस स्कैनर, लग्जरी वाहनों का डेरोटिंग मशीन, फार्च्यूनर की नकली चाबी, जीपीएस जैमर, डिवाइस कनेक्टर केबल, आठ चाबियां, हैंड पेचकस, आधार कार्ड, मोबाइल व अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार सिंह, एसआइ डा. महेंद्र कुमार, एसओजी प्रभारी सादिक परवेज, वर्मा प्रजापति, धनंजय श्रीवास्तव, मेराज खां आदि शामिल रहे।

हिन्दुस्तान दि० 22/03/23

# डिवाइस की मदद से वाहन उड़ाने वाले दबोचे

## कार्रवाई

देवरिया, निज संवाददाता। सदर कोतवाली पुलिस व एसओजी ने डिवाइस की मदद से लग्जरी वाहनों को चुराने वाले गिरोह का मंगलवार को खुलासा किया। दबोचा गए दो बदमाश बिहार के बेतिया और मुजफ्फरपुर जिले के रहने वाले हैं। उनके साथी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए।

कोतवाल राहुल कुमार सिंह ने बताया कि सोमवार की देर शाम पुलिस को सूचना मिली थी कि कुछ संदिग्ध व्यक्ति कालोनी के खड़े वाहनों को खोलने का प्रयास कर रहे हैं। पुलिस की दो टीमें भुजौली कॉलोनी स्थित कूर्ना नाले पर पहुंचीं तो वाहन चोर गाड़ी पीछे मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। इस दौरान उनकी स्कूटी और मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई और उस पर सवार वाहन चोर राणा प्रताप कालोनी के पास मंदिर से पहले सड़क पर गिर गए।



कोतवाली पुलिस की गिरफ्त में वाहन लिफ्टर।

कार वाले अंधेरे का फायदा उठाकर मंदिर की तरफ भुजौली कॉलोनी होते हुए फरार हो गए। सड़क पर गिरे दो संदिग्धों को पुलिस ने दबोच लिया। उन्होंने अपना नाम शेख मुबारक पुत्र शेख नथुनी निवासी रमौली, पोस्ट सैदपुर, थाना शिकारपुर, जिला बेंतिया और मनोज कुमार चौधरी पुत्र चन्द्रिका चौधरी निवासी महन्थ मनिहारी, थाना मनिहारी, जिला मुजफ्फरपुर, बिहार बताया।

### ऐसे उड़ाते थे वाहन

उनके पास से एक्स टूल पैड (गाड़ी का इलेक्ट्रॉनिक प्रोग्रामिंग पैड), एक्स टूल पैड का चार्जर, एक्स टूल स्कैनर डिवाइस, ईसीएम डिवाइस स्कैनर आदि उपकरण, स्कूटी और बाइक व चाबियां बरामद हुई। गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि वे विभिन्न राज्यों मे लग्जरी वाहनों की चोरी करते हैं इन्होंने जनवरी में देवरिया सब्जी मंडी के पास से, 3 मार्च को कुशीनगर के कसया से और 7 मार्च को देवरिया रेलवे ओवर ब्रिज के नीचे होलिका दहन स्थल के पास से एक-एक स्कार्पियो चोरी की थी। इससे पहले नवम्बर, 2022 में भुजौली कालोनी से वाहन उड़ाया था। मनोज चौधरी एवं शेख मुबारक पर देवरिया, कुशीनगर व गोरखपुर में गंभीर धाराओं में नौ केस दर्ज हैं। सभी को जेल भेज दिया गया।

दैनिक जागरण दि०-22/03/23

# पूर्व प्रधान समेत सात पर दर्ज होगा गबन का मुकदमा

- मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने तरकुलवा पुलिस को दिया आदेश
- सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी कर रुपये गबन करने का मामला

**विधि संवाददाता, देवरिया:** सरकारी योजनाओं में गड़बड़ी कर रुपया गबन करने के मामले में पूर्व ग्राम प्रधान समेत सात के विरुद्ध गबन का मुकदमा दर्ज होगा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजू कुमारी की अदालत ने यह आदेश तरकुलवा पुलिस को दिया है।

तरकुलवा के प्रधान जनार्दन कुशवाहा ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में याचिका दाखिल कर यह आरोप लगाया था कि पूर्व प्रधान शैल देवी, उनके पति शिव शंकर यादव, तत्कालीन ग्राम पंचायत अधिकारी व चार अन्य लोगों ने सरकारी योजनाओं का काम न कराकर उसके बदले शासकीय धन हड़प लिया है। मजिस्ट्रेट ने जिला पंचायत राज अधिकारी से इसकी जांच कराई। जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद थानाध्यक्ष तरकुलवा को मुकदमा दर्ज करने का निर्देश दिया है।

हिन्दुस्तान दि० 22/03/23

देवरिया में सिरजम से मुंडेरा बुजुर्ग तक बनेगा बाईपास, करीब 22 किलोमीटर लंबे बाईपास से लोगों को मिलेगी बड़ी राहत

# बाईपास बनने से खत्म होगी जाम की समस्या

**सौगात**



देवरिया में नगर पालिका का स्वागत बोर्ड।

देवरिया, निज संवाददाता। देवरिया बाईपास बन जाने से शहर के लिए नासूर बनी जाम की समस्या समाप्त हो जाएगी। जिले की 30 लाख से अधिक की आबादी को इसका लाभ मिलेगा। गोरखपुर-सलेमपुर फोरलेन पर सिरजम गांव के सामने से बाईपास निकलेगा। यह सोनूघाट के आगे मुंडेरा बुजुर्ग गांव के पास जाकर फोरलेन में मिलेगा।

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने देवरिया बाईपास के लिए 2087 करोड़ रुपये के बजट को वित्तीय स्वीकृति दे दी है। काफी समय से इसके निर्माण की मांग जिले में चल रही थी। पिछले कई चुनावों में भी यह मुद्दा बना था। स्वीकृत बाईपास सिरजम खास से इटवा, गुडरी, बैतालपुर, बलुआ, सझवा, बरारी तप्पा चतुरा, बासपार बुजुर्ग, जैतपुरा, मुडरा, परसा बरवा, गौरा, भीमपुर, बरारी तप्पा गोबराई, भगौतीपुर, पोखरभिंडा तप्पा गोबराई, मुंडेरा तप्पा गोबराई, धनौती खुर्द, गोबराई खास, कुसम्हा बेलवा, रामपुर खुर्द, पगरा उर्फ परसिया, पकड़ी खुर्द, बढ़हरा, पकड़ी बुजुर्ग, लाहिलपार उर्फ रतनपुरा, पटेलाबेती उर्फ चकबंदी, पटेलागाजी, चकरवा धूस, देवरिया मीर, सरैया तप्पा कचुआर, दुबौली तप्पा कचुआर, अहिलवार खुर्द, धनौती, अहिलवार बुजुर्ग, सुकरौली व सोनूघाट से आगे मुंडेरा बुजुर्ग से गुजरेगा।

शहर में जाम की समस्या नासूर बनी हुई है। सुबह 8 बजे से रात 10 बजे तक नो एंट्री के बावजूद भी गोरखपुर की तरफ से आने वाले भारी वाहन गोरखपुर रोड के ओवरब्रिज से नीचे सीसी रोड होते हुए कतरारी होते हुए रुद्रपुर मोड़ होकर निकलते हैं व सलेमपुर की तरफ से आने वाले वाहन रुद्रपुर मोड़ से कतरारी, सीसी रोड से ओवर ब्रिज होते हुए गोरखपुर जाते हैं। सलेमपुर की तरफ से जिन लोगों को गोरखपुर जाना होता है या गोरखपुर की तरफ से जिन लोगों को सलेमपुर जाना होता है ऐसे सभी दो पहिया, चार पहिया वाहन भी बाईपास नहीं होने के चलते शहर से होकर ही निकलते हैं। इसके चलते शहर को हर रोज जाम से जूझना पड़ता है।

खासकर रविवार की छुट्टी के बाद सोमवार को पूरा शहर ही जाम से जूझता है। अन्य दिनों में भी कमोबेश यही स्थिति रहती है। इसके अलावा लगन के मौसम में भी लोग घंटों जाम में फंसने से गंतव्य तक समय से नहीं पहुंच पाते हैं। बाईपास बन जाने से जाम की समस्या खत्म हो जाएगी।

## कलराजके सपनेको रमापति ने किया साकार



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ सदर सांसद डॉ. रमापति राम त्रिपाठी (फाइल फोटो)।

**2087** करोड़ की बड़ी धनराशि की मंजूरी बाईपास को मिली

■ मामला फंसने पर नितिन गडकरी से भी मिले सांसद

देवरिया, निज संवाददाता। भाजपा के बड़े नेता कलराज मिश्र ने देवरिया से सांसद रहते हुए बाईपास की पहल की थी। उस समय बैतालपुर से सोनूघाट तक बाईपास बनवाने की बात हुई थी। तब बाईपास मार्ग का शिलान्यास भी हुआ था, लेकिन बन नहीं सका। 2019 में डॉ रमापति राम त्रिपाठी यहां के सांसद बने और कलराज मिश्र राज्यपाल बना दिए गए। कुछ दिनों तक बाईपास की चर्चा रही, लेकिन मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

सांसद बनने के बाद डॉ रमापति राम त्रिपाठी ने भी बाईपास के लिए तेजी से प्रयास करना शुरू कर दिया, लेकिन कभी नक्शे तो कभी बाईपास के स्वरूप पर बात अटकती रही, लेकिन डॉ त्रिपाठी ने प्रयास जारी रखा तथा नए सिरे से बाईपास का नक्शा बना व सांसद ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से कई बार मुलाकात की। सहमति बनने के बाद बाईपास की लागत 2 हजार करोड़ से अधिक होने से वित्त मंत्रालय की स्वीकृति का पेंच फंस गया। इसके बाद सांसद डॉ त्रिपाठी ने वित्त मंत्री व वित्त राज्य मंत्री से मुलाकात कर बाईपास की सार्थकता की जानकारी दी। सांसद के प्रयासों के चलते बाईपास निर्माण के साथ ही 2087 करोड़ की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी। इसके साथ ही बाईपास निर्माण का रास्ता साफ हो गया।

**सदर विधायक ने जताई खुशी :** देवरिया बाईपास के लिए वित्तीय स्वीकृति मिलने पर सदर विधायक डॉ. शलभ मणि त्रिपाठी ने भी खुशी जताई। मंगलवार को जारी विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं भारत सरकार के सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी को कोटि कोटि आभार। बड़ी खुशखबरी यह है कि यशस्वी सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी के साथ किए गए मेरे निवेदन और प्रयासों को स्वीकारते हुए भारत सरकार ने देवरिया बाईपास के लिए 2087 करोड़ की बड़ी धनराशि की मंजूरी दे दी है। विधायक ने कहा कि भूमि अधिग्रहण का कार्य अब जल्द शुरू होगा, ऐसे में देवरिया बाईपास का सपना अब जल्द पूरा होने की उम्मीद है। इस कार्य में विशेष योगदान देने वाले हैं देवरिया के बेटे व नितिन गडकरी के निजी सहायक रामेश्वर दीक्षित का विशेष आभार है।

> बाईपास के बन जाने से देवरिया की जनता को विशेष लाभ होगा। इस बाईपास के निर्माण से नगर में बड़े स्तर पर जाम की समस्या से निजात मिलेगी। आवागमन बाधित नहीं होगा। सड़क निर्माण से ग्राम वासियों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे व लोगों को काम मिलेगा। यहां के लोग इसका बहुत दिनों से इंतजार कर रहे थे।
>
> **डॉ. रमापति राम त्रिपाठी,** सांसद देवरिया

दैनिक जागरण दि० 22/03/23

# पुरानी पेंशन के लिए कर्मचारियों ने भरी हुंकार



कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन करते कर्मचारी ● जागरण

**जासं, देवरिया :** पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के संयोजन में राज्य कर्मचारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में प्रदर्शन कर धरना दिया। इस दौरान पुरानी पेंशन बहाली के लिए आर पार का ऐलान किया। उधर देर शाम कर्मचारियों ने शहर में मशाल जुलूस निकालकर विरोध जताया।

जिला मुख्यालय पर विभिन्न विभागों के कर्मचारी बैनर पोस्टर के साथ प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। इस दौरान सभा हुई। सभा में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की अध्यक्ष अशोक कुमार पांडे ने कहा कि पुरानी पेंशन व्यवस्था को सरकार जब तक बहाल नहीं करती है तब तक कर्मचारियों का संघर्ष जारी रहेगा। सरकार कर्मचारियों के बुढ़ापे की मदद को छीनना चाहती है। दीपक सिंह ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना को सरकार लागू करने में हीला हवाली कर रही है। सांसदों और विधायकों को पेंशन मिल रहा है लेकिन कर्मचारियों को पेंशन देने के नाम पर सरकार आनाकानी कर रही है यह ठीक नहीं है। संचालन सुशील राय ने किया। इस अवसर पर जय नारायण यादव, रामनिवास यादव, अवधेश कुशवाहा, वृद्धि चंद, शौकत अली, इंजीनियर अनिल यादव, राकेश शाह आदि मौजूद रहे।

दैनिक जागरण दि० 22/03/23

## बाइक चालक पर मुकदमा

**जासं, गौरीबाजार :** नगर पंचायत बैतालपुर में दरवाजे पर खेल रही मासूम को तेज गति से चला रहे बाइक सवार द्वारा घायल कर देने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर बाइक चालक के विरुद्ध लापरवाही से बाइक चलाने का मुकदमा दर्ज किया है।

बैतालपुर के रहने वाले संतोष मद्धेशिया ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा था कि मेरी पुत्री अदिति दरवाजे पर खेल रही थी। गलत साइड से आ रहे बाइक चालक ने उसे ठोकर मारकर घायल कर दिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह ने कहा कि बाइक चालक के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

## मारपीट मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

जासं, देसही देवरिया : महुआडीह पुलिस ने मारपीट के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। विक्रम विशुनपुर गांव के रहने वाले बृजकिशोर सिंह पुत्र रोशन सिंह ने तहरीर में आरोप लगाया है की 11 मार्च को सुबह करीब 11 बजे उनका पुत्र खेत ज़ोत रहा था। तभी मेरे पट्टीदारों ने खेत में पहुंचकर ट्रैक्टर को रोक कर लाठी-डंडा व राड से मारने पीटने लगे। बीच बचाव करने पर बृजकिशोर पर लोहे की राड से हमला कर दिया। जिससे बायां पैर टूट गया। पुलिस ने शैलेश सिंह, प्रवीण सिंह, रीतु सिंह व आरती सिंह के विरुद्ध कार्रवाई की है।

## बाइक लूट की फर्जी सूचना पर दौड़ती रही पुलिस

जासं, बनकटा : बाइक लूट की फर्जी सूचना पर बनकटा पुलिस दौड़ती रही। किसी ने पुलिस को सूचना दी कि सोहनपुर टाड़ी टोला से आगे जैतपुरा गांव से अकटही बाजार डरैला मार्ग को जोड़ने वाली मार्ग पर पहले से बैठे अपराधियों ने दो बाइक व कुछ नकदी छीन लिया है।

## एजेंसी दिलाने के नाम पर ठगे 2.76 लाख रुपये

जासं, रुद्रपुर : उपनगर के दुग्धेश्वरनाथ वार्ड के एक कारोबारी से प्रतिष्ठित कंपनी की एजेंसी दिलाने के नाम पर जालसाज ने 2.76 लाख रुपये ठग लिए। कोतवाली क्षेत्र के उपनगर के दुग्धेश्वरनाथ वार्ड के रहने वाले नित्यानंद जायसवाल पुत्र स्व.सत्यनारायण जायसवाल ने तहरीर में आरोप लगाया है कि तीन माह पूर्व इंटरनेट मीडिया पर सर्च कर रहा था। इसी दौरान एक प्रतिष्ठित कंपनी का एजेंसी दिलाने के लिए मोबाइल नंबर लिखा था। उस नंबर पर मैने बात की तो उसने आनलाइन रुपये खाते में मंगाए। पहली बार पंजीकरण के नाम पर 400 रुपये मंगाए। दूसरी बार में 25200 व तीसरी बार में 175000 रुपये मंगाया। उसके बाद अपना मोबाइल नंबर ही बंद कर दिया। मोबाइल नंबर का लोकेशन महाराष्ट्र का नागपुर जनपद दिखा रहा है।

## रंजिश में मारपीट, पांच लोगों का चालान

जासं, खुखुंदू : क्षेत्र के अहिरौली गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस ने सत्येंद्र कनौजिया, राणा प्रताप, प्रवीण कुमार, रूबी देवी, चंपा देवी का शांतिभंग में चालान कर दिया है।

## रंजिश में पीटा, चार के विरुद्ध मुकदमा

जासं, गौरीबाजार : क्षेत्र के ग्राम लेहड़ा में पुरानी रंजिश को लेकर महिला व अन्य स्वजन की पिटाई कर दी गई। पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। गांव की सुशीला देवी का आरोप है कि आरोपितों ने पुरानी रंजिश को लेकर मुझे व बचाने आए देवर बेचू शर्मा को मारपीट कर घायल कर दिया। पुलिस ने जयसिंह, सुखराज, तारकेश्वर और लालमन पर कार्रवाई की है।

# हटवाया गया अतिक्रमण

जासं, रुद्रपुर : एसडीएम ध्रुव शुक्ला के निर्देश पर एकौना थाना क्षेत्र के ग्राम गाजीपुर डहरौली में करीब दस कट्टे भूमि से अतिक्रमण को नायब तहसीलदार कर्ण सिंह के नेतृत्व में हटवा दिया है।

अमर उजाला दि०-22/03/23

# दोषपूर्ण विवेचना के लिए थानाध्यक्ष के खिलाफ अदालत ने कार्रवाई के दिए आदेश

देवरिया। न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र कुमार की अदालत ने विवेचना में लापरवाही व साक्ष्यों को नजरअंदाज कर आरोपियों को लाभ पहुंचाने के लिए अंतिम रिपोर्ट प्रेषित करने पर एसपी को विवेचक तत्कालीन थानाध्यक्ष बरियारपुर गोरखनाथ सरोज के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए आदेश दिया है। मामला बरियारपुर क्षेत्र का है। 26 नवंबर 2021 की शाम गुलाब यादव अपना ट्रैक्टर लेकर घर आ रहे थे कि गांव के ही अरविंद तिवारी आदि ने जबरन ट्रैक्टर जाने से मना कर दिया। गाली देते हुए कट्टा लेकर दौड़ा लिया और राहुल यादव को मारकर दांत व प्रभु दयाल के हाथ की हड्डी तोड़ दी थी। गुलाब यादव जब घटना की सूचना देने बरियारपुर थाने गए तो तत्कालीन थानाध्यक्ष ने उन्हें ही 151 में बंद कर दिया और उनकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। इसके बाद गुलाब ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया। संवाद

दैनिक जागरण दि० 22/03/23

# किशोरी के साथ छेड़खानी दो लोगों पर मुकदमा दर्ज

**जासं, भाटपाररानी :** खामपार क्षेत्र के एक गांव में दूध देने गई एक किशोरी के साथ दो युवकों ने अश्लील हरकत की। इसके साथ ही कपड़ा फाड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध छेड़खानी, पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सीओ समेत अन्य अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

खामपार क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी देर शाम एक व्यक्ति के घर दूध देने गई थी। घर लौटते समय किशोरी को पड़ोस के दो युवक सुनसान स्थान पर जबरन घसीटते हुए गेहूं के खेत में लेकर चले गए। आरोप है कि खेत में किशोरी के साथ दोनों युवकों ने अश्लील हरकत की और कपड़ा फाड़ दिया। सूचना पर पहले यूपी 112 की टीम पहुंची। उसके बाद सीओ विनय कुमार व थानाध्यक्ष दीपक कुमार भी पहुंचे। प्रकरण की जांच की। इस मामले में पुलिस ने छेड़खानी व पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद न्यायालय में प्रस्तुत कर बयान दर्ज कराया। इस मामले में पुलिस ने गांव के मान सिंह उर्फ गोलू यादव व अभिषेक यादव के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। उधर स्वजन ने एसपी को शिकायती पत्र देकर आरोपितों द्वारा मुकदमा वापस लेने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शेख मुबारक पढ़ा लिखा नहीं, लेकिन काम ऐसा की इंजीनियर भी फेल

**देवरिया।** गिरोह के सदस्य शेख मुबारक ने बताया कि हम पढ़े लिखे नहीं है। बीएमडब्लू, क्रेटा सहित कोई भी लग्जरी वाहन महज पांच मिनट में अत्याधुनिक उपकरणों के सहारे में महज पांच मिनट में लॉक खोलकर वाहन लेकर फरार हो जाते है।

होटल में रहकर लोगों के दरवाजे पर खड़े वाहनों की रेकी करने के बाद रात में घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने इनके पास से एक्स टूल पैड, एक्स टूल का चार्जर, एक्स टूल स्कैनर, डिवाइस, ईसीएम डिवाइस स्कैनर, डेरोडिंग मशीन (लग्जरी वाहनों का), जीपीएस जैमर बरामद किया है। जैमर लगा देने से वाहनों को जीपीसी लगाने होने के बाद भी ट्रैक नहीं किया जा सकता है। संवाद

# लावारिस हालत में मिले पांच गोवंशीय पशु, चालक फरार

रामपुर कारखाना। थाना क्षेत्र के करमैनी नाले पुलिया के निकट सोमवार रात देवरिया-कसया मार्ग पर लावारिस हालत में पिकअप पर लदे पांच गोवंशीय पशु मिले। सूचना पर पहुंची पुलिस उन्हें थाने ले आई। विभागीय कार्रवाई करने के बाद शाम को हरपुर कला स्थित गो आश्रय स्थल में भेज दिया गया। जबकि पिकअप व अज्ञात चालक के विरुद्ध गोवध निवारण एवं पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। संवाद

अमर उजाला दि- 22/03/22

# अंतरराज्यीय चोर गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**देवरिया।** पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों से लग्जरी वाहनों को चुराने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का एसओजी और कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को पर्दाफाश किया है। पुलिस ने दो वाहन लिफ्टरों को चोरी की एक बाइक और एक स्कूटी सहित गिरफ्तार भी किया है। जबकि गिरोह के सरगना सहित पांच सदस्य पुलिस की पकड़ से दूर है। गिरोह का नेटवर्क प्रदेश सहित देश के कई प्रांतों में है, जो चोरी के वाहन खपाने का काम करता है।

शहर में हुई लग्जरी वाहनों की चोरी की वारदात के खुलासे में जुटे एसओजी प्रभारी सादिक परवेज को सोमवार रात जानकारी मिली जिले में सक्रिय वाहन चोर गिरोह के कुछ सदस्य भुजौली कालोनी में मौजूद हैं। इस पर शहर कोतवाल राहुल सिंह और एसओजी प्रभारी मौके पर पहुंचे तो एक मकान से दो लोगों को हिरासत में ले लिया।

इनके बैग में मौजूद उपकरणों को देख पुलिस ने पूछताछ की तो उनकी पहचान शेख मुबारक निवासी रमौली थाना शिकारपुर जनपद बेतिया, बिहार और मुजफ्फरपुर के महंत मनिहारी निवासी मनोज चौधरी के रूप में हुई। दोनों के पास से चोरी की बाइक और स्कूटी बरामद हुई। उन्होंने गिरोह के सरगना सहित पांच अन्य आरोपियों के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि गिरोह ने छह मार्च को रेलवे स्टेशन के पास से स्कार्पियो, तीन मार्च को कुशीनगर से स्कार्पियो, जनवरी माह में गरुणपार मोहल्ले से फार्च्युनर और भुजौली कॉलोनी से स्कार्पियो चुराया है।

शेख मुबारक अभी चार माह पहले गोरखपुर जेल से छूट कर आया है।



पुलिस हिरासत में वाहन चोर। संवाद

## विदेश और दूसरे प्रांतों में वाहनों को खपाता है गिरोह

लग्जरी वाहनों को पलक झपकते ही चुराने वाले गिरोह का सरगना खलीलुर्रहमना है। वह असम के बोगाई गांव जिले के मौलबी पाडा का निवासी है। गिरोह के अन्य सदस्यों में राम प्रताप सिंह ललार्क नार्थ ईस्ट असम, रवि प्रकाश निवासी बिसंभरपुर जनपद शिवहर बिहार और अन्य दो हैं। पुलिस के अनुसार यह गिरोह गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया आदि जनपदों से वाहन चोरी करने के बाद नागालैंड, असम, बंगाल प्रांत के अलावा म्यामांर, भूटान और नेपाल देशों में वाहनों को बेच देते हैं। जिले की कुछ गाड़ियों की लोकेशन नागालैंड और असम में मिली है। पुलिस उनकी बरामदगी का प्रयास कर रही है।

*वाहन चोर गिरोह के सदस्यों को पकड़ा गया है। उनके पास ऐसे उपकरण बरामद हुए हैं, जो अत्याधुनिक हैं। आरोपी किसी भी लग्जरी वाहनों का पलभर में चाबी बना लेते थे। गिरोह ने कई घटनाओं को अंजाम दिया है। चोरी हुए अन्य वाहनों को बरामद करने का प्रयास किया जा रहा है।*

*-संकल्प शर्मा, एसपी*

अमर उजाला दि०-22/03/23

# मारपीट के मामले में 15 दिन बाद केस दर्ज

**चनुकी।** मारपीट के मामले में पुलिस ने 15 दिन बाद एक आरोपी के खिलाफ एसी-एसटी के तहत मुकदमा दर्ज किया है। केस दर्ज होने के बाद सीओ देव आनंद ने मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन की। लार थाना क्षेत्र के भरौली गांव में चार मार्च को क्रिकेट हो रहा था। वहां रुच्चापार गांव के बरारी निवासी अखिलेश प्रसाद और भरौली निवासी शिवम राजभर भी मौजूद थे। खेल के दौरान दोनों के बीच मारपीट हो गई। अखिलेश की बैट से पिटाई कर दी। घायल का इलाज जिला अस्पताल में कराया गया। इस मामले में घायल की मां गुलइची देवी ने घटना के दूसरे दिन ही तहरीर दी थी। सीओ ने बताया कि सोमवार को शिवम पुत्र राजेश राजभर के खिलाफ मारपीट व हरिजन उत्पीड़न का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

# मारपीट के मामले में नौ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**बनकटा/रामपुर बुजुर्ग।** श्री रामपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रुपये मांगने के विवाद में हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने पीड़ित महिला की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। सिरसिया पवार की मिथिलेश देवी ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया था कि 18 मार्च को गांव के ही एक व्यक्ति के यहां अपना रुपये मांगने गई थी तो वहां आरोपियों ने हमला कर दिया। इसमें महिला एवं उसके साथ गए दो लोग चोटिल हो गए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर नौ लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया है। संवाद

# युवती को बहला फुसलाकर ले जाने का मामला

**भाटपाररानी।** बनकटा थाना क्षेत्र के एक गांव की युवती तीन मार्च को घर से मैरवा बाजार करने गई थी। अब तक वह घर वापस नहीं आई। परिजन ने युवती की काफी खोजबीन की। लेकिन अब तक उसका कहीं पता नहीं चल सका है। युवती की मां ने पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात के खिलाफ युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करने की मांग की है। थानाध्यक्ष बरजोर सिंह ने बताया कि अज्ञात के विरुद्ध बहला फुसलाकर भगाने का मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। संवाद

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-03-2023

# कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ ठगी का केस

## कार्रवाई

**पटहेरवा, हिसं।** पटहेरवा थाना क्षेत्र के रजवटिया ग्राम सभा की एक महिला ने पटहेरवा गांव निवासी एक व्यक्ति पर एक फाइनेंस कम्पनी में तीन साल में पैसा दूना करने के नाम साढ़े छह लाख का ठगी करने का वाद न्यायालय दाखिल किया था। न्यायालय के आदेश पर पुलिस आरोपी के खिलाफ पटहेरवा पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत केस दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी है।

थाना क्षेत्र के रजवटिया ग्रामसभा के पश्चिम टोला की सुमन मिश्रा ने कोर्ट में दाखिल वाद में बताया है कि पटहेरवा गांव निवासी सुनील कुमार श्रीवास्तव का उसके घर आना जाना था। कंपनी में शेयर खरीदने पर करीब तीन वर्ष के अंदर ही पैसा दूना हो जायेगा। उसने उसे व उसके पति को झांसे में लेकर छह लाख तिरसठ हजार रुपये विभिन्न तिथियों में लिया और उसके बदले उसने कई मूल्यों का मिलाकर छह लाख तिरसठ हजार का सर्टिफिकेट दिया। कहा कि तीन साल के बाद रुपया दोगुना हो जायेगा। आरोपी पीड़िता और उसका पति का कई प्रपत्रों पर हस्ताक्षर भी करा लिया। पीड़िता का आरोप है की छह साल बीत जाने के ब[illegible] पता चला वि[illegible]ंच ह[illegible] गया है। अ[illegible] उ[illegible] कागज हेड [illegible]दिया ग[illegible] जल्द ही भुगतान हो जायेगा। न्यायालय के आदेश पर पटहेरवा पुलिस आरोपी के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है।

# चोरी के जेवर व नकदी संग युवक गिरफ्तार

फाजिलनगर, हिन्दुस्तान संवाद। चौराखास थाने की पुलिस चोरी की अस्सी पीस बिछिया व चौदह हजार नगदी के साथ एक चोर को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। पकड़े गये चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। उसकी पहचान उड़ीसा निवासी के रूप में हुई।

सोमवार को रात्री आठ बजे थानाध्यक्ष चौराखास प्रमोद यादव को जरिये मुखबिर यह सूचना मिली कि एक शातिर चोर चोरी के फिराक में है जो थानाक्षेत्र के बड़हरा चौराहे पर चोरी के सामान के साथ खड़ा है। सूचना पर पहुंची पुलिस की गाड़ी देखते ही वह अंधेरे के तरफ भागने का प्रयास करने लगा। पकड़े गए व्यक्ति की तलाशी लेने पर उसके पास से 80 पीस चांदी की बिछिया व चौदह हजार नकद बरामद हुआ। उसकी पहचान ऐशिवा पुत्र एजगरनाथ निवासी निवासी शाहपुर बब्बन, थाना अंशिका जिला गुंजम उड़ीसा के रूप में हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि पकड़े व्यक्ति पर केस दर्ज कर न्यायालय भेज दी गई।

- चौराखास थाने की पुलिस ने चोरी के माल के साथ पकड़ा
- आरोपी के पास 80 पीस चांदी की बिछिया व 14 हजार नकद बरामद हुआ

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

नेबुआ नौरंगिया। पुलिस वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान में मंगलवार को दुष्कर्म सहित अन्य मामलों के एक वांछित को गिरफ्तार करते हुए अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई है। युवक पर एक महिला ने शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म करने और मारपीट का आरोप लगाया था। पुलिस ने मंगलवार को उसे गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव, एसएसआई रत्नेश मौर्या, कां. मिथिलेश मौर्या आदि शामिल रहे।

# चोरों ने ट्रांसफार्मर का तार चुराया

जटहा बाजार। जटहा बाजार थाना क्षेत्र के किन्नर पट्टी में लगे ट्रांसफार्मर के अंदर से मोटर व कापर तार अज्ञात चोर चुरा ले गये। किन्नर पट्टी बाजार के पास पूर्व सांसद के खेत में ट्रांसफार्मर लगा है। रविवार की रात अज्ञात चोरों ने ट्रांसफार्मर खोलकर नीचे उतार दिया। जरार उपकेंद्र के बिजली कर्मचारी ट्रांसफार्मर के पास पहुंचे तो ट्रांसफार्मर नीचे था और उसके अंदर लगा मोटर, तेल व कापर का तार निकाल लिया गया था।

# पुलिस की रायफल लिए युवक की फोटो वायरल

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक युवक का पुलिस की रायफल लेकर फोटो खिंचवाने का एक फोटो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देश पर खड्डा पुलिस युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

खड्डा क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने कुछ महीने पूर्व किसी सिपाही की सरकारी रायफल के साथ फ़ोटो खिंचवायी थी। इस फोटो को आदित्य दीक्षित नाम के व्यक्ति ने यूपी पुलिस के ट्विटर अकाउंट पर उच्चाधिकारियों को टैग करते हुए लिखा है कि अभी तक मनबढ़ अवैध असलहे के साथ फोटो सोशल मीडिया पर डालते थे।

# शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की

**पीस कमेटी**



पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते एसओ विनय कुमार सिंह।

**कप्तानगंज, हिसं।** थाना परिसर में आगामी त्योहार को लेकर शांति पीस कमेटी की बैठक हुई। एसओ ने आमजन से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की, अशांति फैलाने वालों पर कड़े कदम उठाने की चेतावनी दी।

मंगलवार को कप्तानगंज थाना में आयोजित शांति पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते नवागत एसओ विनय कुमार सिंह ने कहा कि आगामी चैत रामनवमी व माहे रमजान को आपसी भाई चारे की भावना के साथ मनाया जाए। इसमें किसी प्रकार की खलल डालने वालों पर प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि त्योहार को लेकर आपसी सामंजस्य की भावना को मजबूत करें और किसी प्रकार की समस्या होने पर सूचना पुलिस प्रशासन को समय से उपलब्ध करायें। एसआई राकेश रोशन सिंह, देवेंद्र , संदीप , चन्द्रगुप्त , विजय शंकर आदि रहे।

# तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

खड्डा, हिन्दुस्तान संवाद।खड्डा पुलिस ने पुलिस मुठभेड़ के दौरान फरार हुए एक पडरौना कोतवाली निवासी एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस की इस कार्रवाई से पशु तस्करों में हड़कंप मच गया है।

पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के निर्देशन तथा प्रभारी निरीक्षक खड्डा अमित शर्मा के नेतृत्व में वांछित अभियुक्त के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में एसआई विरेन्द्र यादव सिपाही शशिकेश गोस्वामी, श्रवण कुमार के साथ मंगलवार को मठिया नहर की तरफ निकले थे। इसी दौरान पुलिस टीम को सूचना मिली कि कुछ दिन पूर्व विशुनपुरा नहर पुलिया के पास पुलिस व तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ के दौरान फरार हुआ पशु तस्कर फिर पशु लादने के फिराक में खड्डा क्षेत्र में आया है। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस मठिया बाजार में पहुंच पडरौना कोतवाली क्षेत्र के बसहिया बनवीरपुर नौका टोला निवासी नियाज पुत्र जमालुद्दीन को धर दबोचा।

# चोरी की दो बाइक के साथ दो वाहन चोर गिरफ्तार

- तमकुहीराज पुलिस ने समउर रोड पर चेकिंग के दौरान पकड़ा
- पकड़े गए दोनों वाहन लिफ्टर गोपालगंज, बिहार के निवासी

तमकुहीराज, हिन्दुस्तान संवाद। स्थानीय थाने की पुलिस ने तमकुहीराज कस्बा में स्थित बीआरसी परिसर के पास से चोरी की दो बाइकों के साथ दो अंतरप्रांतीय बाइक चोरों को हिरासत में लिया है। मामले में मुकामी पुलिस पकड़े गए बाइक चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेजने की कार्रवाई में जुटी हुई है।

मंगलवार को थानाध्यक्ष तमकुहीराज नीरज कुमार राय को जरिए मुखबिर सूचना मिली की तमकुहीराज कस्बे के बीआरसी परिसर के समीप तमकुही-समउर मार्ग पर चोरी की दो बाइक संग दो अंतरप्रांतीय बाइक चोर किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में हैं। सूचना मिलते ही हरकत में आयी तमकुहीराज पुलिस ने बताए गए स्थान पर दबिश देकर दोनो बाइक चोरों को चोरी की बाइक के साथ हिरासत में ले लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि लगभग 90 हजार कीमत की चोरी की दो बाइकों संग अनिल उर्फ अनित पुत्र शिवनाथ साह निवासी हुस्सेपुर थाना भोरे जनपद गोपलागंज बिहार व रोहित साहनी पुत्र प्रकाश साहनी निवासी कल्यानपुर थाना भोरे जिला गोपालंगज को गिरफ्तार कर लिया गया।

# पुलिस के हस्तक्षेप पर शादी को तैयार हुए परिजन

**खड्डा।** खड्डा कस्बे के एक मोहल्ला निवासी युवती अपने ही मोहल्ले के युवक से शादी की जिद पर अड़ गयी। पुलिस के हस्तक्षेप के बाद युवक के परिजन शादी करने को राजी हुए। खरमास के बाद दोनों की शादी होगी। फिलहाल लड़की प्रेमी के संग उसके घर में रह रही है। कस्बे के एक वार्ड निवासी एक व्यक्ति की पुत्री का पड़ोस के एक युवक से प्यार हो गया।

# अलाव में फेंकने से बच्चे का हाथ झुलसा, केस

**नेबुआ नौरंगिया, हिन्दुस्तान संवाद।** थाना क्षेत्र के खजुरिया नोनिया टोली में सोमवार को जलावन की लकड़ी के विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस दौरान एक बच्चे का हाथ जल गया। आरोप है कि एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के सात साल के बच्चे को आग में धकेल दिया था, जिससे उसका दाहिना हाथ जल गया है।

बच्चे के पिता की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मारपीट और बच्चे की जान जोखिम डालने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्रभारी निरीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करके छानबीन की जा रही है। खजुरिया निवासी भोलानाथ तीन भाई हैं। एक सप्ताह पूर्व विदेशी ने एक सेमल के पेड़ की लकड़ी बेची थी, जिसका बचा हुआ डंठल (जलावन की लकड़ी) भोलानाथ ने रख लिया था। सोमवार की सुबह छह बजे वह पेड़ का डंठल जलाने लगे। तभी उनके बड़े भाई मदन चौहान, भाभी शांति पत्नी मदन, पार्वती पत्नी विन्ध्याचल और विन्ध्याचल के बेटे ने डंठल जलाने का विरोध करते हुए मारपीट की। भोलानाथ का आरोप है आरोपियों ने उनकी पत्नी को पीटा। उनके छोटे बेटे बृजमोहन (7) को अलाव की आग में फेंक दिया, जिससे उसका एक हाथ जल गया। उसे उपचार के लिए सीएचसी विशुनपुरा में भर्ती कराया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ जानबूझकर बच्चे की जान जोखिम में डालने के लिए आग में धकेलने व मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। नेबुआ नौरंगिया के प्रभारी निरीक्षक अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से होमगार्ड घायल

**जासं, सुकरौली बाजार :** हाटा कोतवाली के सुकरौली पुलिस चौकी में तैनात होमगार्ड हरिश्चंद्र सिंह निवासी घोरटप पकडियार थाना कोतवाली हाटा सोमवार रात साढ़े आठ बजे पिपरा उर्फ तितला के समीप फोरलेन पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घायल हो गए।

राहगीरों की सूचना पर आए पुलिसकर्मी उन्हें पीएचसी सुकरौली ले गए, प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेडिकल कालेज रेफर कर दिया गया। वे रात्रि ड्यूटी के लिए साइकिल से चौकी आ रहे थे।

# परेड से पूर्व जरूरी बातों का रखें ध्यान : एएसपी



पुलिस लाइन में परेड का निरीक्षण करते एएसपी रितेश कुमार सिंह ( बाएं से पहले) ● जागरण

**जासं, पडरौना :** एएसपी रितेश कुमार सिंह ने कहा कि परेड पुलिस विभाग का अनिवार्य हिस्सा है। इसमें शामिल होने से पूर्व जरूरी बातों का पुलिसकर्मी ध्यान रखें। उन्होंने मानसिक व शारीरिक रूप से फिट रहने के लिए सिपाहियों की दौड़ कराई। नियमित योग, ध्यान करने तथा बेहतर टर्नआउट के निर्देश दिए। लाइन स्थित कार्यालयों का निरीक्षण कर अभिलेखों के बेहतर रख-रखाव को कहा।

वे मंगलवार को आयोजित परेड का निरीक्षण कर इसमें शामिल पुलिसकर्मियों को संबोधित कर रहे थे। परेड के दौरान आरआइ रूपेश कुमार व पुलिसकर्मियों ने एएसपी को सलामी दी। पुलिसकर्मी शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहे, इसलिए एएसपी ने उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

कहा कि परेड में शामिल होने के पूर्व पुलिसकर्मी आवश्यक बातों का पूरा ख्याल रखें। वर्दी साफ-सुथरी हो, अनुशासन पुलिस विभाग की रीढ़ है। इसे बनाए रखना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। परेड के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों को शाबासी दी। पुलिस लाइन के अलावा जनपद के सभी थानों में भी परेड का आयोजन किया गया।

**अराजकतत्वों पर पुलिस की नजर, होगी कार्रवाई : कप्तानगंज :** ईद व नवरात्र के मद्देनजर मंगलवार को कप्तानगंज थाना परिसर में प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने पर विचार विमर्श किया गया। संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि त्योहार को मिलजुलकर मनाएं। अराजकतत्वों पर पुलिस की नजर है, त्योहार में खलल डालने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई होगी।

# चोरी की बाइकों के साथ दो गिरफ्तार, मुकदमा

**जासं, तमकुहीराज:** तमकुहीराज थाना ने मंगलवार को कस्बा के सम्मउर मार्ग पर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के पास से चोरी की दो बाइकों के साथ दो लिफ्टरों को गिरफ्तार की। पूछताछ में इनकी पहचान बिहार प्रांत के गोपालगंज जनपद के भोरे थाना के हुस्सेपुर निवासी अनिल उर्फ अनित व इसी थाना के कल्यानपुर निवासी रोहित साहनी के रूप में हुई। एसएचओ नीरज राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# रायफल लिए युवक की फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित

**जासं, खड्डा:** रायफल लिए युवक की फोटो मंगलवार को इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई तो खड्डा पुलिस हरकत में आई। शाम चार बजे हिरासत में लेकर पूछताछ में जुट गई। उसकी पहचान रामप्रताप यादव निवासी सिसवा गोपाल थाना खड्डा के रूप में हुई। बताया जा रहा कि वह अक्सर जनप्रतिनिधियों संग अपनी फोटो लेकर इंटरनेट मीडिया में प्रसारित करता रहता है। पूर्व में सपा और अब भाजपा के कई जनप्रतिनिधियों के साथ उसकी फोटो प्रसारित हो चुकी है।

चर्चा है कि कुछ दिन पहले खड्डा थाने में उसने पुलिसकर्मी की रायफल अपने कंधे पर रखकर फोटो ले ली। यह फोटो मंगलवार दोपहर को इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो गई। वायरल फोटो को आदित्य दीक्षित नाम के एक युवक ने यूपी पुलिस के ट्विटर अकाउंट पर पोस्ट कर दिया और लिखा कि अब तक मनबढ़ असलहा लिए फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करते रहे हैं। अब सरकारी रायफल लेकर भी वायरल करने का चलन शुरू हो गया है। मामला संज्ञान में आते ही एसपी धवल जायसवाल ने खड्डा पुलिस को सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। पुलिस आरोपित युवक को उसके घर से हिरासत में ली है। प्रभारी निरीक्षक अमित शर्मा ने बताया कि पूछताछ की जा रही है। मामले में कार्रवाई की जा रही है।



रायफल को कंधे पर लटकाया रामप्रताप यादव का सोशल मीडिया पर वायरल फोटो

# तमंचा के साथ दो गिरफ्तार

**जासं, पडरौना:** रवींद्रनगर धूस पुलिस ने क्षेत्र के कसिया गांव के समीप मंगलवार को तमंचा व कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार मिश्र मातहतों संग दोपहर में गश्त पर थे। क्षेत्र के ही कसिया गांव के बाहर पुलिया पर संदिग्ध हाल में बैठे दो युवक पुलिस का वाहन देख खेत के रास्ते भागने लगे। पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर दोनों को पकड़ा। तलाशी के दौरान दोनों के पास से एक-एक तमंचा 315 बोर व कारतूस मिला। दोनों की पहचान अंकुर कुमार गौतम व मनीष यादव निवासी मिल्की थाना रवींद्रनगर धूस के रूप में हुई।

पुलिस के अनुसार पूछताछ में दोनों ने बताया कि अवैध असलहे के बल पर बाइक छिनैती की वारदात को अंजाम देने की तैयारी में थे। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि असलहे के साथ पकड़े गए दोनों के बारे में जानकारी इकट्ठा की जा रही है। दोनों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हत्या के प्रयास मामले में चार आरोपित गिरफ्तार

**जासं, पडरौना:** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को क्षेत्र के परसौनी कला गांव के समीप गंडक नहर के पास हत्या के प्रयास के मामले में नामजद चार आरोपितों को गिरफ्तार किया। कोतवाल राजप्रकाश सिंह मातहतों संग नगर में पैदल गश्त कर रहे थे। तभी सूचना मिली कि हत्या के प्रयास मामले में नामजद आरोपित परसौनी कला गांव के समीप मौजूद हैं। पुलिस वहां पहुंची तो गंडक नहर के पुल पर दिखे तो पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। उनकी पहचान आकाश यादव, संजय यादव, पिंटू यादव व छोटे उर्फ रमेश यादव निवासी सिधुआ मिश्रौली थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई।

# आभूषण व नकदी के साथ पकड़ा गया उड़ीसा का चोर

**बेलवा कारखाना:** चौराखास पुलिस को सोमवार की देर रात चोरी की चांदी की 80 बिछिया व 14 हजार नकदी के साथ अंतरराज्यीय चोर को पकड़ने में सफलता मिली। मुकदमा दर्ज कर मंगलवार को न्यायालय में प्रस्तुत की, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसके दूसरे साथी की तलाश की जा रही है। देर रात प्रभारी निरीक्षक प्रमोद यादव को सूचना मिली कि संदिग्ध युवक बढ़हरा चौराहे पर चोरी के सामान के साथ खड़ा है। पुलिस टीम पहुंची तो गाड़ी देखते ही संदिग्ध युवक भागने लगा। कुछ दुकानदारों ने दौड़ाकर उसे पकड़ लिया और पुलिस को सिपुर्द कर दिए। टीम ने तलाशी ली तो उसके पास से चांदी की 80 बिछिया व नकदी मिली। उसकी पहचान उड़ीसा प्रांत के गुंजम जिले के अंशिका थाने के गांव शाहपुर बब्बन निवासी ऐशिवा के रूप में हुई। उसने अपने साथ एक और साथी को चोरी करने में शामिल होने की बात स्वीकार की है। प्रभारी निरीक्षक यादव ने बताया कि पूछताछ में कुछ सुराग मिले हैं। (जासं)

# मुठभेड़ के दौरान फरार बदमाश गिरफ्तार

**जासं, खड्डा :** क्षेत्र के मुख्य पश्चिमी गंडक नहर के समीप खड्डा पुलिस ने मंगलवार को एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान नियाज निवासी बसहिया बनवीरपुर नौका टोला थाना कोतवाली पडरौना के रूप में हुई। एसएचओ अमित शर्मा मातहतों संग शाम को गश्त पर थे। मठिया के समीप पुलिस का वाहन देख एक युवक भागने लगा। पुलिसकर्मियों ने दौड़ाकर पकड़ा। एसएचओ ने बताया कि नियाज पशु तस्कर है। बीते एक जनवरी की सुबह साढ़े चार बजे कस्बे के समीप मुख्य पश्चिमी गंडक नहर पर हुई मुठभेड़ के दौरान फरार हो गया था।

# साइकिल चुराते धरा गया चोर

**गोबरही :** कसया के अहिरौली राजा चौराहे पर मंगलवार को साइकिल चुराते एक चोर रंगे हाथ पकड़ा गया। अहिरौली बाजार में अजय जायसवाल की मिठाई की दुकान पर खोराबर निवासी सलमान अपनी साइकिल लगाकर नाश्ता करने के लिए दुकान में चले गए। कुछ समय बाद एक संदिग्ध व्यक्ति साइकिल लेकर जाने लगा। तब उनकी नजर पड़ गई। दौड़ कर उसे पकड़ लिए। हल्का दारोगा आकाश वर्मा ने बताया कि साइकिल की चोरी करते पकड़ा गया है। (जासं)

MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-03-2023



कोतवाल जेपी सिंह यादव लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी पहुंच भूख हड़ताल पर बैठे किसान को चाय पिलाई। ● हिन्दुस्तान

- पुलिस की पिटाई से किसान ने तीन दिन से शुरू किया था अनशन
- सोमवार की देर रात इंस्पेक्टर ने चाय पिलाकर तोड़वाया अनशन

**ठूठीबारी, हिन्दुस्तान संवाद।** तीन दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे किसान अनिल जायसवाल का अनशन सोमवार की देर रात ठूठीबारी इंस्पेक्टर जेपी सिंह यादव ने चाय पिलाकर तुड़वा दिया। उन्होंने पीड़ित परिवार को उचित न्याय दिलाने का वादा किया। साथ ही दोषी को कार्यवाही के लिए भरोसा दिया। अनशन तोड़वान से पहले करीब घंटे भर अधिकारियों के साथ अनशनकारी अनिल जायसवाल की वार्ता चली। जिसमें सहमति बनी। कोतवाल ने बताया कि जिन मांगो को लेकर पीड़ित किसान अनशन पर है उस मामले में रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेज न्याय संगत कार्रवाई की जाएगी।

लक्ष्मीपुर खुर्द पुलिस चौकी पर तैनात पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि 14 मार्च को लक्ष्मीपुर गांव निवासी अनिल कुमार जायसवाल को निचलौल से दो बोरी खाद लाते समय गांव के दक्षिण भौरहियां पुल पर रोककर बिना पूछताछ डंडे से पीट घायल कर दिया। इस पर पीड़ित किसान ने एसपी और सीओ निचलौल से मिलकर शिकायती पत्र देकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्यवाही करने की मांग किया था। घटना के चार दिन बाद संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई कार्यवाही होता न देख पीड़ित किसान लक्ष्मीपुर पुलिस चौकी समीप अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठ गया था।

# प्रतिबंधित दवाएं बरामद, दुकानदार दबोचा

**सोनौली, हिन्दुस्तान संवाद।** स्थानीय एसएसबी रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर की दुकान पर एसएसबी, पुलिस और ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने छापेमारी किया। इस दौरान दुकान से भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद हुई। इस मामले में संचालक को गिरफ्तार किया गया है।

मंगलवार की दोपहर स्थानीय कस्बे के एसएसबी रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर पर चौकी प्रभारी अंकित सिंह, एसएसबी इंस्पेक्टर जयंत घोष, ड्रग इंस्पेक्टर शिव कुमार नायक ने संयुक्त चेकिंग किया। इस दौरान मेडिकल स्टोर में कोडिप्रेश सिरफ, टैबलेट नाइट्रावेट, टैबलेट प्रॉक्सीवान प्लस,



सोनौली में मंगलवार को पुलिस, एसएसबी ने प्रतिबंधित दवाओं के साथ पकड़े गए आरोपित के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई। ● हिन्दुस्तान

टैबलेट प्राक्सिकोसपाक्स, डाइजापाम इंजेक्शन, टेलेजेस्की न्यूजेक्शन बरामद हुआ। मौके से संचालक सरफराज खान पुत्र मोहम्मद मारूफ (सुकरौली) को गिरफ्तार किया। कोतवाल सोनौली ने बताया कि अवैध रूप से चल रहे दो मेडिकल स्टोर सीज कर प्रतिबंधित दवाएं रखने के आरोप में सरफराज के खिलाफ केस दर्ज कर न्यायालय चालान किया गया है।

# बसडीला गांव में पसरा सन्नाटा, पुलिस और पीएसी तैनात

**फॉलोअप**

कोठीभार, हिन्दुस्तान संवाद। गन्ना लादने के विवाद में दोनों पक्ष के एक-एक लोगों की मौत से बसडीला व मधवलिया गांव में मातमी सन्नाटा है। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस के जवान व पीएसी बल को तैनात कर दिया गया है।

इसमें से एक मृतक शिवसरन का शव पोस्टमार्टम के बाद गांव में पहुंचा। पुलिस की मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार किया। शिवसरन के 13 वर्षीय बेटे श्याम मणि ने मुखाग्नि दी। दूसरे पक्ष के मृतक केशव का भी शव उसके घर पहुंच गया है। बेटा नितेश सउदी अरब रहता है।

वहां से घर के लिए निकल गया है। देर रात उसके घर पहुंचने का अनुमान है। बुधवार को केशव के शव का अंतिम संस्कार किया जाएगा। इस घटना से दोनों गांव में उदासी का माहौल है।

बसडीला में रविवार सायं रामाश्रय



बसडीला गांव में मंगलवार को पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। ● हिन्दुस्तान

अपने पुत्र ज्ञान भारत व श्याम बहादुर के साथ खेत से गन्ना काटने के बाद उसे ट्राली पर लाद रहे थे। रामाश्रय ने गांव के ही शिवसरन से यह खेत रेहन पर लिया था। ट्राली पर गन्ना लोड करने के दौरान शिवसरन मौके पर पहुंच गए। उन्होंने एतराज किया। कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। इस घटना शिवसरन गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

इलाज के लिए उन्होंने मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया। इसी घटना को लेकर सोमवार को रामाश्रय के बहनोई मधवलिया निवासी केशव शिवसरन के घर समझाने पहुंचे। वहां मारपीट हो गई। इससे केशव भी घायल हो गए। इलाज के दौरान सिसवा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में उनकी मौत हो गई थी।

**अंतिम संस्कार के बाद होगी विधिक कार्रवाई :** मारपीट के मामले में कोठीभार पुलिस ने रविवार की



बसडीला गांव में मृतकों के परिजन मंगलवार को बिलख रहे थे। ● हिन्दुस्तान

रात में मामूली धाराओं में केस दर्ज किया था। सोमवार को दो घायलों की मौत के बाद एसपी ने कोठीभार थानाध्यक्ष मनोज राय को लाइन हाजिर कर दिया।

हल्का दरोगा तारकेश्वर वर्मा, बीपीओ विनय यादव, हेड कांस्टेबल जयप्रकाश व राजेन्द्र को निलंबित कर दिया। नवागत थानाध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह का कहना है कि अंतिम संस्कार के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। सोमवार की रात से ही बसडीला व मधवलिया में पुलिस बल तैनात है।

शिवसरन के अंतिम संस्कार के बाद पिता राम आधार व माता कवलवासी देवी व अन्य परिजन गमगीन बैठे थे। शिवसरन की बेटी मंगला (19) स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा है। रिश्तेदारों और परीवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया था।

# मेडिकल कॉलेज में किशन की हालत में हो रहा सुधार

संवाद न्यूज एजेंसी

महराजगंज। मेडिकल कॉलेज में किशन गुप्ता की हालत में सुधार है। उधर, सदर कोतवाली क्षेत्र के शास्त्री नगर के रहने वाले किशन गुप्ता (15) की गला रेतने वाले आरोपी को पुलिस चालान कर द चुकी है।

महुअवा के रहने वाले आरोपी पियूष दूबे ने पुलिस को बताया कि पहले सिर पर ईंट से मारा था, फिर ब्लेड से गले पर वार कर हत्या करने की कोशिश की। पुलिस के साइरन की आवाज सुनी तो किशन के गले पर बनियान बांधकर फरार हो गया।

बताया कि शनिवार शाम को किशन के घर आया था। यहां से उसे बाइक से साथ लेकर गैस गोदाम होकर धनेवा पहुंचा। वहां

## मोबाइल पर रील देखने के दौरान हुए विवाद के बाद दिया घटना को अंजाम

बीयर खरीदकर पीया। दोनों ने मोबाइल पर रील्स देखी। इसी दौरान किशन ने कुछ अपशब्द बोल दिया। इस वजह से पियूष नाराज हो गया। उसे कब्रिस्तान के पास ले जाकर पहले सिर पर ईंट मार कर बहोश कर दिया। ब्लेड से गले पर वार कर दिया। यह सब कुछ होने के दौरान पुलिस का साइरन सुनाई देने के बाद, वहां से उसके गले पर बनियान बांधकर फरार हो गया।

सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय ने बताया कि आरोपी ने आक्रोश में आकर घटना का अंजाम दिया। मेडिकल कॉलेज में भर्ती किशन की हालत में सुधार हो रहा है।

# बसडीला में पुलिस का पहरा, पसरा सन्नाटा

## खेत में ट्रॉली खड़ी कर गन्ना लादने के विवाद में हुआ था खून-खराबा, गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म


मधवलिया गांव में मृतक केशव के घर जुटी भीड़।


फफकते हुए शिवसरन के पिता-पुत्र।


बसडीला में सूनी गलियों को निहारते मंगली। संवाद

अमर उजाला फॉलोअप

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** कोठीभार थाना क्षेत्र के बसडीला गांव में बीते दिनों खेत में ट्रॉली पर गन्ना लादने में हुई मारपीट में दो लोगों की मौत हो गई थी। मंगलवार को गांव में सन्नाटा पसरा हुआ था।

लोग अपने-अपने घरों में बैठकर घटना के बारे में चर्चा कर रहे थे। मृतक शिवसरन के घर मातम पसरा हुआ था। परिजन रिश्तेदार सभी एक दूसरे ढांढस बंधा रहे थे। बाहर पुलिस पहरा दे रही थी। गांव के हालात सामान्य हैं। केस दर्ज होने के बाद भी अभी किसी पक्ष के आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

बसडिला गांव में सुबह नौ बजे दूर से ही गांव में सन्नाटे की आहट महसूस हो रही थी। सड़क से गुजरने वाले सहमे हुए बगैर कुछ बोले आगे बढ़ जा रहे थे। गांव में ऐसा मामला होने पर अक्सर लोग कुछ कहने से बचते हैं। गांव के शुरुआत में पड़ने वाले राजमंगल के घर के आसपास कोई नहीं दिखा। गांव में दो पुलिस कर्मी दूर से आते हुए नजर आए। वे गांव की गलियों में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे थे।

राजमंगल के घर से महज 10 कदम की दूरी पर मृतक शिवसरन के भाई नवरंग, मोहन का घर मिला। घर के सामने एक छह साल की बच्ची खेल रही थी। यहीं से शिवसरन के घर पर लगी लोगों की भीड़ दिख रही थी। तमाम लोग पहुंचे थे। रिश्तेदारों के अलावा गांव के कुछ लोग पहुंचकर ढांढस बंधा रहे थे।

सभी यही कह रहे थे कि घटना कैसे हो गई समझ में नहीं आया। शिवसरन का अंतिम संस्कार करने की तैयारी की जा रही थी। सुबह करीब 11 बजे शिवसरन का अंतिम संस्कार संपन्न हो गया।

मृतक का बेटा श्याम मणि चौधरी घर आने पर अपने बाबा रामअधार से लिपट कर रोने लगा। गांव के उत्तर तरफ श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार हुआ।

उधर, घायल ज्ञान भारत के घर पर सन्नाटा पसरा था। यहां नाद पर बंधे मवेशी चारा-पानी नहीं मिलने से तड़प रहे थे। घर पर कोई नहीं था। बाहर पुलिस कर्मी बैठे हुए थे।

इस गांव से करीब सात किमी दूर मधवलिया गांव में मृतक केशव के घर पर उनके भाई ब्रह्मदेव मिले। उन्होंने बताया कि बेटा रितेश सऊदी से आ रहा है।

उसके आने के बाद बुधवार को अंतिम संस्कार किया जाएगा। मृतक की पत्नी विंद्रावती रोते-रोते बेहोश हो जा रही थीं। दोनों बेटियां आई थीं। शव बरामदे में रखा हुआ था।

इनके घर से आगे आने पर साइकिल से जाता हुआ एक युवक मिला। उसने बताया कि घटना को लेकर आक्रोश ज्यादा है। यह कहते हुए आगे बढ़ गया।


घायल ज्ञान भारत के घर पर तैनात पुलिस। संवाद

### तीन थाने की पुलिस, दो सीओ तैनात

**सिसवा बाजार।** क्षेत्राधिकारी निचलौल सूर्यबली मौर्य का कहना है कि गांव में सुरक्षा के दृष्टिकोण से सोमवार रात घुघली, कोठीभार थाने की पुलिस और पीएसी तैनात रही। मंगलवार को निचलौल, चौक व महिला थाने की पुलिस मौके पर तैनात की गई है। स्थिति सामान्य है। कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। शिवसरन का अंतिम संस्कार हो चुका है। दूसरे मृतक केशव का शव उनके घर है। उनके पुत्र का इंतजार हो रहा है। बुधवार को अंत्येष्टि होगी। संवाद

### खेत में अब भी पड़ी है ट्रॉली और बाइक

गांव से करीब एक किमी दूरी पर गन्ने का खेत है। मंगलवार को खेत में ट्रॉली से थोड़ी दूरी पर बाइक पड़ी थी। खेत में गांव के बसंत मिले। वह अपना खेत देखने जा रहे थे। उनसे पूछने पर पहले तो कुछ नहीं बोले। कुछ दूर आगे जाने पर बोले कि बाबू इस सब जान के का करब। जवन होखे के रहल उत हो गइल। गांव के मामला ह, कुछ कहल ठीक नहीं बाटे, यह कहते हुए अपने खेत की ओर चले गए।


गांव में घटना के बाद सूनी सड़क। संवाद


पिता शिवसरन का अंतिम संस्कार करता पुत्र श्याममणि। संवाद


शिवसरन के घर पर जुटी महिलाओं की भीड़। संवाद


बसडीला गांव में वह जगह, जहां हुई थी मारपीट। संवाद


ठूठीबारी में दोषी पर कारवाई का आश्वासन देकर कोतवाल जेपी सिंह यादव ने चाय पिलाकर किसान की भूख हड़ताल खत्म कराई। संवाद

## किसान की भूख हड़ताल खत्म

**ठूठीबारी।** बीते तीन दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे किसान अनिल जायसवाल का अनशन सोमवार देर रात ठूठीबारी प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह यादव ने चाय पिलाकर समाप्त कराया। कसूरवार कर्मियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि जांच हो रही है। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दी जाएगी। इसके बाद कार्रवाई होगी। 14 मार्च को लक्ष्मीपुर निवासी अनिल जायसवाल का आरोप है कि दक्षिण भौरहियां पुल पर पुलिस ने पिटाई की थी। संवाद

# मेडिकल स्टोर से प्रतिबंधित दवा बरामद, एक गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, सोनौली :** सोनौली कस्बा के एसएसबी रोड पर स्थित मेडिकल स्टोर में एसएसबी, पुलिस व ड्रग इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने मंगलवार को छापेमारी की। इस दौरान भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद हुई। मामले में एक युवक को गिरफ्तार किया गया है।

दोपहर में चौकी प्रभारी अंकित सिंह, एसएसबी इंस्पेक्टर जयंत घोष , ड्रग इंस्पेक्टर शिव कुमार नायक जांच करने पहुंचे। सेवा फार्मा मेडिकल स्टोर में बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं मिलीं। मौके से मेडिकल स्टोर संचालक सरफराज खान निवासी वार्ड नंबर एक आंबेडकरनगर (सुकरौली) को गिरफ्तार किया गया। लाइसेंस नहीं होने के कारण दुकान सीज कर दी गई।

कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि अवैध रूप से चल रहे दो मेडिकल स्टोर सीज किए गए हैं।

एक अन्य दुकानदार सरफराज पुत्र मोहम्मद मारूफ के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# नशीली दवाएं बरामद दो मेडिकल स्टोर सील

संवाद न्यूज एजेंसी

## दुकान संचालक सरफराज खान को किया गया गिरफ्तार

सोनौली। स्थानीय एसएसबी रोड स्थित एक मेडिकल स्टोर पर मंगलवार सुबह एसएसबी पुलिस और औषधि निरीक्षक की संयुक्त छापेमारी में एक दुकान से अधिक मात्रा में प्रतिबंधित नशीली दवाएं बरामद हुईं। मौके से दुकान संचालक सरफराज खान निवासी वार्ड नंबर एक सोनौली को गिरफ्तार किया गया।

जांच के दौरान पिपरहिया चौराहा थाना सोनौली के पास दो मेडिकल स्टोर्स को लाइसेंस नहीं होने के कारण सील किया गया।

कोतवाल सोनौली अभिषेक सिंह ने बताया कि अवैध रूप से संचालित दो मेडिकल स्टोर सील कर प्रतिबंधित दवाएं रखने के आरोप में सरफराज के खिलाफ थाना सोनौली में केस दर्ज कर चालान कर दिया गया। संवाद

# एसपी ने थाने का निरीक्षण किया

फरेंदा। एसपी डॉ. कौस्तुभ ने मंगलवार को फरेंदा कोतवाली व पुरन्दरपुर थाना का औचक निरीक्षण किया। माल खाना, बंदी गृह, कार्यालय के अभिलेखों सीसीटीएनएस कक्ष आदि की मुआयना किया। मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान सीओ फरेंदा कोमल प्रसाद मिश्र भी मौजूद रहे।

# मेडिकल स्टोर पर छापे में मिली सरकारी दवा

## दुकान सील कर दवा की जांच शुरू, शिकायत मिलने पर हुई कार्रवाई

संवाद न्यूज एजेंसी

**बृजमनगंज।** क्षेत्र के लेहड़ा बाजार में मंगलवार को एक दवा की दुकान पर गोरखपुर औषधि निरीक्षक ने स्थानीय टीम के साथ मिलकर छापा डाला। दुकान पर सरकारी दवाइयां, पशुओं की दवा, आयुर्वेदिक, एलोपैथिक दवा बरामद कर दुकान को सील कर दिया गया।

शिकायत पर जांच में आई टीम ने लेहड़ा बाजार में पुलिस के साथ अचानक छापा डाला। छापा में बड़ी मात्रा में सरकारी दवाइयों के साथ-साथ एलोपैथिक, आयुर्वेदिक और पशुओं की दवाइयां मिलीं। मकान में पीछे की तरफ एक डेंटल चेयर और औंजार भी पाया गया।



मेडिकल स्टोर की जांच करते ड्रग इंस्पेक्टर गोरखपुर जयसिंह। संवाद

सीएससी अधीक्षक डॉ. सुशील गुप्ता ने बताया कि एसडीएम के आदेश पर यह कार्रवाई हुई है। बिना लाइसेंस के संचालित मेडिकल दुकान से प्राप्त सरकारी दवाओं को जांच के लिए औषधि निरीक्षक गोरखपुर ने जब्त कर लिया है।

औषधि निरीक्षक गोरखपुर जय सिंह ने बताया मेडिकल स्टोर पर उपस्थित रामप्रकाश से पूछताछ कर जरूरी जानकारी ली गई है। रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। इस दौरान थानाध्यक्ष संजय मिश्रा, राजेश त्रिपाठी, देवेंद्र कन्नौजिया आदि आदि मौजूद रहे।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-03-2023

# बहला फुसला कर किशोरी को भगाया, केस

**बस्ती (एसएनबी)** । बहला फुसला कर किशोरी को भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने दो लोगो पर मुकदमा दर्ज किया है।

कार्यवाही किशोरी के पिता की शिकायत सोनहा पुलिस ने किया है। सोनहा पुलिस को तहरीर देकर एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बेटी को आरोपी अवधेश शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर भगा ले गया। जिसके इस कार्य में रीमा पुत्री रामकेवल भी शामिल थी। मामले में पुलिस ने आरोपी अवगेश पुत्र रामकेवल, रीमा पुत्री रामकेवल निवासीगण सुरजी थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर के विरूद्ध धारा 363, 366 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है

# दो बच्चों की मां फरार, पति ने दी तहरीर

दुबौलिया। दुबौलिया थाना क्षेत्र की एक विवाहिता दो बच्चों की मां प्रेमी के साथ फरार हो गई है। पुलिस अधीक्षक एवं पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में काशीराम ने गुमशुी दर्ज करने की मांग की है। दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ने दुबौलिया थाने पर प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि 18 मार्च को उसकी पत्नी मनीषा देवी घर से फरार हो गई। उनकी काफी खोजबीन करने के बाद कहीं पता नहीं चल सका। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर गुमशुी दर्ज करके कार्रवाही की मांग की है। कांशीराम ने बताया है उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं उन्हें काफी दिक्कत हो रही है।

# सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रो को किया गया जागरूक

**गौर।** पंडित महादेव शुक्ल षक पीजी कलेज गौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (सावित्री बाई फुले इकाई)के सप्त दिवसीय (रात्रि-दिवस) शिविर के चतुर्थ दिवस सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी ड राजेश कुमार तिवारी के निर्देश पर स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास तत्पश्चात प्रार्थना एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का गायन किया। चतुर्थ दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि थाना अध्यक्ष गौर बृजेंद्र पटेल द्वारा ष्सड़क सुरक्षा संबंधी सभी नियमों जैसे-वाहन निर्धारित गति से चलाएं। बाइक पर केवल दो ही सवारी करें, हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाए व यात्रा करें आदि तथा अपने व्यावहारिक अनुभव द्वारा अर्जित ज्ञान से स्वयंसेवियों को अवगत कराया गया। मुख्य अतिथि के वक्तव्य के पश्चात कार्यक्रम के अगले क्रम में स्वयंसेवियों ने सड़क सुरक्षा संबंधी पोस्टर बनाया उसके पश्चात अलग-अलग टोली बनाकर क्षेत्रवासियों को सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों तथा जन जागरूकता अभियान चलाया इस संपूर्ण क्रियाकलाप में स्वयंसेवी शैलेश कुमार, अनिलवर्मा, मोशरीफ, मायाराम, अखिलेश तथा सरिता जायसवाल, उर्मिला गुप्ता, रोशनी कुमारी, हिना खातून, आदि का योगदान सराहनीय रहा। कार्यक्रम का संचालन सत्य प्रकाश जी तथा धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी ड राजेश कुमार तिवारी ने किया। डा भारत गौतम, डक्टर गजेंद्र उबारन गिरि, ड ललित गोयल, ड सीमा जायसवाल, सतीश कुमार, आलोक चतुर्वेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे। चतुर्थ दिवस के कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यालय सहायक अभिषेक त्रिपाठी का योगदान अतिमहत्वपूर्ण रहा। सरस्वती गीत एवम् स्वागत गीत स्वयंसेविका आंचल मिश्रा तथा वैष्णवी श्रीवास्तव ने प्रस्तुत किया।

# झोले से निकाल ले गया रुपया दर्ज हुआ केस

**बस्ती (एसएनबी)।** बैंक से पैसे निकाल कर घर जाते समय पीड़ित साईकिल खड़ी कर लघुशंका करने लगा। इसी बीच किसी अज्ञात द्वारा झोले से पैसा निकाल कर फरार हो गया। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए झिनकान पुत्र पारस नाथ निवासी आवासा विकास कालोनी ने बताया कि वह सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया से 49 हजार 500 रूपये निकाल कर झोले में रखकर अपने घर जा रहा था। वह शास्त्री चौक स्थित चौधरी होटल के पास साईकिल को खड़ी कर लघुशंका करने लगा। इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके झोले से पैसे निकाल कर फरार हो गयां। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के विरूद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**बस्ती (एसएनबी)।** क्षेत्र में घूमकर लोन दिलाने का झांसा देकर लोगो का खाता खुलवान तथा उसी खाते से अन्य लोगो के साथ ठगी करने के बाद धन के जमा व निकाली का कार्य करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए जिले की साइबर सेल तथा थाना दुबौलिया की पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से काई लोगो का खाता खुलवाने के दस्तावेज सहित मोबाइल व नकदी भी बरामद किया गया है।

पुलिस कार्यालय में ठगी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने बताया कि थाना दुबौलिया पुलिस व साइबर सेल बस्ती की संयुक्त कार्यवाही में लोगों को लोन दिलाने के नाम पर विभिन्न व्यक्तियों के फर्जी खाते खोलकर उन खातों का प्रयोग कर साइबर ठगी करने के सम्बन्ध में धारा 419, 420 आईपीसी व 66डी आईटी एक्ट का अन्तर्जनपदीय अभियुक्त अंकित सिंह पुत्र सत्यदेव निवासी मोरापारा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर को भिउरा से कप्तानगंज जाने वाली रोड से मंगलवार को गिरफ्तार कर उसके पास से एक मोबाइल सैमसंग ग्लैक्सी, भिन्न भिन्न व्यक्तियो के आधार कार्ड व पैन कार्ड की 20 वर्क छाया प्रति तथा 4370 रूपये नगद बरामद किया गया। पूछताछ में अभियुक्त अंकित सिंह ने बताया कि हम लोग गाँव मे जाकर लोगो को दो लाख रुपये लोन दिलाने के नाम पर झांसा देकर उनका आधार कार्ड, पैन कार्ड प्राप्त कर उसका विवरण ले कर मौके पर ही उनसे मार्को मशीन पर अंगुठा लगवाकर मोबाइल में पहले से मौजूद भिन्न भिन्न बैंको के एप के माध्यम से उनका खाता खोल लिया जाता है। इन खातों में हमारे पास पहले से मौजूद एक्टिव सिम को लिंक मोबाइल के रुप में एड कर दिया जाता है। जिससे किसी भी लेन देन का मैसेज विवरण खाता धारको से पास नही पहुंच पाता है। खातों का एटीएम भी हम लोग प्राप्त कर लेते हैं। हमारे द्वारा खोले गये सभी खातो का संचालन हमारे मामा रजनीश प्रताप सिंह पुत्र इन्द्रजीत सिंह निवासी रामपुर नौरहनी थाना हसवल जनपद अम्बेडकरनगर द्वारा किया जाता है। रजनीश द्वारा प्रति खाता खोल देने के लिए 1000 से 2500 रुपये तक दिया जाता है। खाता खोलने के बाद खाते से सम्बन्धित सभी जानकारी वह अपने मामा को दे दिया करते हैं। अभियुक्त के मोबाइल के अवलोकन से फीनो बैंक, फेडरल बैंक व बैंक आफ बड़ौदा के लगभग 200 खाता प्राप्त हुए हैं जिसकी जानकारी हेतु सम्बंधित बैंकों से पत्राचार किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया विनय पाठक, निरीक्षक अरुण कुमार थाना दुबौलिया, प्रभारी साइबर सेल सुभाष चंद्र सिंह आदि रहे।

**साइबर सेल व दुबौलिया थाने की पुलिस को मिली कामयाबी**

# लड़का-लड़की में अंतर समाप्त करें

बस्ती। लड़के और लड़की में अंतर की शुरुआत हमारे परिवार से ही होती है। इस सोच को बदलने की आवश्यकता है। अपने अधिकारों को लेकर शिक्षित और जागरूक होना आज की महिलाओं के लिए आवश्यक है। महिलाओं को लेकर बनाए गए कानूनों की जानकारी होनी चाहिए। सोशल मीडिया और फोन पर परेशान करने के कानून, पोस्को एक्ट, दहेज को लेकर बने कानून, महिला सुरक्षा को लेकर बने हेल्पलाइन नंबर, साइबर हेल्पलाइन नंबर इत्यादि को अपने व्यावहारिक जीवन से उतारें।

यह बातें महिला थाने की प्रभारी निरीक्षक भाग्यवती पांडेय ने कही। वह शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज के एनएसएस शिविर को संबोधित कर रही थीं। किसान प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में चल रहे शिविर में मुख्य अतिथि महाविद्यालय प्राचार्या प्रो. रीना पाठक ने कहा क चरित्र एवं व्यक्तित्त्व को हमेशा ऊंचा रखें।

# धार्मिक स्थलों का कराएं निरीक्षण : आईजी

**समीक्षा बैठक**

- आईजी ने तीनों जिले के पुलिस अधीक्षकों के साथ की समीक्षा
- पीस कमेटी के साथ समन्वय स्थापित करने के दिए निर्देश

**बस्ती, निज संवाददाता।** आईजी रेंज आरके भारद्वाज ने मंगलवार को परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के एसपी संग कानून व्यवस्था और अपराध की समीक्षा की। इस दौरान त्योहारों के मद्देनजर धार्मिक स्थलों पर सतर्क नजर रखने को कहा गया। आईजी ने एसडीएम/ क्षेत्राधिकारी को संयुक्त रूप से धार्मिक स्थलों का निरीक्षण करने की सलाह दी। नवरात्र, रामनवमी, रमजान के संबंध में तैयारियों की समीक्षा करने, पीस कमेटी के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिए।

आईजी ने कहा कि चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए सतर्कता बेहद अनिवार्य है। सर्राफा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए ढाबा, होटल, बस स्टैंड आदि संवेदनशील स्थानों पर रात्रि पैदल गस्त व चेकिंग करने के निर्देश दिए। परिक्षेत्रीय कार्यालय पर की गई इस समीक्षा बैठक में हिस्ट्रीशीटरों एवं जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगाह रखने को कहा।

उन्होंने महिला संबंधित अपराधों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण करवाया जाए। ग्राम चौकीदारों की थानान्तर्गत रिक्तियों की पूर्ति करने, माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान एसपी बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी, एसपी संतकबीरनगर सत्यजीत कुमार गुप्ता, एसपी सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनंद व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। वहीं रेंज कार्यालय पर शोहरतगढ़ सर्किल की समीक्षा की। इस दौरान सीसीटीएनएस प्रणाली पर कार्य में शिथिलता पर आईजी बस्ती ने कड़ी नाराजगी जताई।



आईजी रेंज कार्यालय पर मंगलवार को बस्ती, संतकबीरनगर व सिद्धार्थनगर के एसपी संग बैठक करते आईजी रेंज। ● हिन्दुस्तान

# पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों का प्रदर्शन

बस्ती (एसएनबी)। मंगलवार को एक सूबेदार पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग को लेकर कर्मचारियों ने अपनी ताकत का एहसास कराया। प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर हजारों की संख्या में सवेरे से ही जिला हर्रैया किसान पीजी कालेज के परिसर में कर्मचारियों का जमावड़ा शुरू हुआ। हाथों में पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग को लेकर तख्तियां और सर पर टोपी लगाये कर्मचारी मांगों को लेकर गगनभेदी नारे लगा रहे थे। पुरानी पेंशन योजना बहाली संयुक्त मंच के आवाहन पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष राम अचल पाल के नेतृत्व में जनपद के सभी विभागों, तहसीलों, ब्लाकों के कर्मचारी पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग कर रहे थे। दोपहर में आन्दोलित कर्मचारियों का काफिला जब कम्पनी बाग, फौव्वारा तिराहा, न्याय मार्ग, शास्त्री चौक होते हुये जिलाधिकारी पहुंचा तो जाम की स्थिति पैदा हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिये पुलिस बल को काफी पसीना बहाना पड़ा। जिलाधिकारी कार्यालय पर सभा के बाद कर्मचारी कार्यस्थल पर लौट गये।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष राम अचल पाल, जिला मंत्री तौलू प्रसाद आदि ने कहा कि देश के अनेक राज्यों में जब पुरानी पेंशन नीति बहाल हो चुकी है तो उत्तर प्रदेश सरकार को भी जायज मांग मान लेना चाहिये। चेतावनी दिया कि यदि मांग शीघ्र न मानी गई तो कर्मचारी 21 मई को परिवार सहित विशाल मशाल जुलूस निकालने के बाद 21 जून को लखनऊ में आयोजित होने वाले महारैली में हिस्सा लेंगे। इसके बाद भी सरकार ने मांग न मानी तो जुलाई व अगस्त माह में दिल्ली में महारैली होगी।

पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग को लेकर हुई रैली एवं सभा में मुख्य रूप से कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ

**मांगे न मानने पर आन्दोलन की चेतावनी**

के अध्यक्ष अशोक मिश्र, पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ अध्यक्ष अजय आर्य, ग्राम पंचायत अधिकारी संघ अध्यक्ष अमरेश पाल, राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के मण्डल मंत्री ई राजेश श्रीवास्तव, ग्राम विकास अधिकारी संघ मण्डल अध्यक्ष राकेश पाण्डेय, जिला मंत्री अमरनाथ गौतम, डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ अध्यक्ष ई0 अभिषेक सिंह, चकबंदी लेखपाल संघ अध्यक्ष योगेश कुमार, राजस्व संग्रह अमीन संघ अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, दीवानी न्यायालय कर्मचारी संघ अध्यक्ष अशोक सिंह, व्यापार कर मिनिस्ट्रीयल अध्यक्ष मनोज मिश्र, आरटीओ कर्मचारी संघ अध्यक्ष सभाजीत पाल, विकास भवन कर्मचारी संघ महामंत्री ओम प्रकाश, सिंचाई विभाग मिनिस्ट्रीयल अध्यक्ष अशोक सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष चन्द्रिका सिंह, लोक निर्माण विभाग मिनिस्ट्रीयल अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, कृषि विभाग मिनिस्ट्रीयल मंत्री अमन प्रताप सिंह, लेखपाल संघ अध्यक्ष राम सुरेश, स्टेनोग्राफर महासंघ के सचिव डीएन वर्मा आदि ने कहा कि कर्मचारी एकजुट रहें तो हमारी मांगें पूरी होकर रहेंगी। हमें पूरी ताकत से अपनी एकजुटता पर जोर देना होगा। कहा कि पुरानी पेंशन नीति बहाली की मांग जब तक पूरी नहीं हो जाती चरणबद्ध आन्दोलन जारी रहेगा। कर्मचारी अपना हक लेकर रहेंगे। विशाल रैली में अनिरुद्ध त्रिपाठी, प्रमोद शुक्ल, मनोज राय, अशर्फीलाल, दिनेश सिंह मगन, फिरोज खान, शिवमंगल पाण्डेय, मंसाराम, विनय शुक्ल, अरविन्द चौधरी, शीतल गुप्ता, अमरजीत चौहान, अजय श्रीवास्तव, अशोक तिवारी, राजेश कुमार, बजरंगी प्रसाद, पेशकार, सहजराम कश्यप, शिव कुमार यादव, उमेश वर्मा, दिनेश सिंह 'मगन' लालजी कन्नौजिया, आशुतोष पटेल, रामचन्द्र, शिव कुमार यादव, राम बहादुर, जितेन्द्र कुमार, बलराम यादव, जंग बहादुर, असलम अंसारी, हनुमान शरन, जय प्रकाश, महेन्द्र प्रताप, रीना चौधरी, प्रियंका चौधरी, ज्ञानेश कुमार, संजय यादव, राघव प्रसाद, महेन्द्रराय, फैजान अहमद, सुजीत कुमार, रणंजय सिंह, मुकेश सोनकर, आमरेश श्रीवास्तव, रामशकल यादव, जितेन्द्र अरोरा, मनोज मिश्र, सुभाष मिश्र, रामप्यारे, जंग बहादुर, परमात्मा प्रसाद, हरीराम पाल, रघुवंशमणि यादव, रामशंकर चौधरी, दुर्गेश यादव, योगेश मिश्र, डा त्रिलोकनाथ, रणजीत उपाध्याय, अखिलेश शुक्ल, सुधीर सिंह, दीनमणि शुक्ल, शैलेन्द्र त्रिपाठी, आशीष श्रीवास्तव, मो. कलीम, सीमा देवी, कमलावती, सुरेश गौड़, ई आरपी यादव, धर्मेन्द्र चौधरी, उमारमण त्रिपाठी, राजेन्द्र चौधरी के साथ ही परिषद एवं विभिन्न विभागों के अनेक पदाधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।



बस्ती: मांगों को लेकर प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो: हिन्दुस्तान

केडीसी, कंपनीबाग से कलक्ट्रेट तक रहा कर्मचारियों का रेला, पेंशन को बताया अधिकार

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर गरजे कर्मचारी

**आक्रोश**

**बस्ती, निज संवाददाता।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के आह्वान पर मंगलवार को जिले में शिक्षकों और विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने पुरानी पेंशन बहाली शंखनाद रैली निकाली। केडीसी से कंपनीबाग होते हुए कलेक्ट्रेट तक कर्मचारियों का रेला उमड़ पड़ा। रैली में हिस्सा लेने के लिए जिले भर तहसीलों व ब्लॉकों से बड़ी संख्या में शिक्षक और कर्मचारी पहुंचे। हजारों की संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे कर्मचारियों ने एकजुटता और अपनी ताकत का अहसास कराया।

रैली शुरू होने से पहले केडीसी में आयोजित सभा का आयोजन किया गया। पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शंखनाद रैली की सफलता के लिए कर्मचारी और शिक्षक संगठन कई दिनों से तैयारी कर रहे थे। मंगलवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा और कार्यवाहक अध्यक्ष रामअधार पाल के नेतृत्व में रैली निकालकर कर्मचारियों ने अपनी ताकत दिखायी। इस दौरान कई बार जाम की समस्या भी पैदा हुई। हालांकि, ट्रैफिक पुलिस भी साथ-साथ व्यवस्था सुचारु करने में जुटी रही। इस दौरान कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अशोक मिश्र, पंचायती राज के अजय आर्य, अरूणेश पाल, ई. राजेश श्रीवास्तव, राकेश पाण्डेय, जिला मंत्री अमरनाथ गौतम, ई. अभिषेक सिंह, चकबंदी के योगेश कुमार, राजस्व निरीक्षक सुभाष चौबे, संग्रह अमीन राकेश श्रीवास्तव, दीवानी न्यायालय के अशोक सिंह, व्यापार कर के सरोज मिश्र, आरटीओ के सभाजीत पाल, विकास भवन के ओम प्रकाश, सिंचाई विभाग के अशोक सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ के चन्द्रिका सिंह, लोक निर्माण के बृजेश श्रीवास्तव, कृषि के अमन प्रताप सिंह, लेखपाल संघ के राम सुमेर, स्टेनाग्राफर के डीएन वर्मा व उनके संगठन के लोग शामिल रहे।




पुरानी पेंशन की मांग को लेकर रैली निकालते राज्य कर्मचारी।

**14** लाख प्रदेश के कर्मचारी कर रहे हैं पेंशन की मांग

### मांग पूरी न होने पर आर-पार की लड़ाई का एलान

रैली शुरू होने से पहले संयुक्त मोर्चा के संयोजक रामाधार पाल ने कहा कि शंखनाद रैली सरकार को आगाह करने के लिए है। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष मस्तराम वर्मा ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाल न होने पर आर-पार की लड़ाई होगी। महामंत्री तीलू प्रसाद ने कहा कि पुरानी पेंशन बहाली की मांग अब जन आंदोलन बन चुका है। मिनिस्ट्रियल कर्मचारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्र ने कहा कि प्रदेश के 14 और केंद्र के करीब 70 लाख शिक्षक/ कर्मचारियों का पुरानी पेंशन व्यवस्था खत्म होने से भविष्य अंधेरे में है। पेंशन कर्मचारी के बुढ़ापे की लाठी होती है। जिसे छीन लिया गया है। इस व्यवस्था से शिक्षक, कर्मचारी और अधिकारी सभी निराश हैं।

# रहस्यमय हाल में महिला लापता

दुबौलिया। थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला रहस्यमय ढंग से गायब हो गई। महिला के पति ने थाने पर तहरीर देकर बताया है कि उसके दो छोटे बच्चे हैं और उसकी पत्नी उन्हें छोड़ कर कहीं चली गई। प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया विनय पाठक ने बताया कि तहरीर के आधार पर खोजबीन शुरू कर दी गई है।

# लंबित विवेचना को समय से पूरा करने के निर्देश

रुधौली। सीओ रुधौली प्रीति खरवार ने रुधौली थाने के सभागार में विवेचनाओं के निस्तारण को लेकर विवेचकों की बैठक किया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के मौजूदगी में विवेचना को गुणवत्तापूर्वक निस्तारित करने का निर्देश दिया। लंबित विवेचना को सघनता पूर्वक निस्तारण के लिए कहा। अपराध निरीक्षक मनोहर लाल, एसआई रीतेश सिंह, चौकी प्रभारी विशुनपुर आदि उपस्थित रहे।


पकड़े गए ठग के बारे में खुलासा करते एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी।

# ठगी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का खुलासा, एक दबोचा

- साइबर सेल व दुबौलिया थाने की संयुक्त टीम ने किया खुलासा
- अंबेडकरनगर का है शातिर, लोन देने के नाम पर जुटाता था अभिलेख

बस्ती, निज संवाददाता। दुबौलिया पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने लोन दिलाने के नाम पर विभिन्न व्यक्तियों के फर्जी खाते खोलकर उन खातों का प्रयोग कर साइबर ठगी के लिए करने वाले को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्त में आए आरोपी अंकित सिंह निवासी मोरापारा थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकरनगर के कब्जे से एक मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड व नगदी बरामद किया है।

एएसपी दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने पुलिस कार्यालय में मंगलवार को खुलासा करते हुए बताया कि दुबौलिया थाने में दर्ज मुकदमे की तफ्तीश में टीम के हाथ अहम सुराग लगे थे। पकड़ में आए आरोपी ने बताया कि गांव में जाकर लोगों को दो लाख रुपये लोन दिलाने के नाम पर झांसा देकर उनका आधार कार्ड, पैन कार्ड प्राप्त का विवरण लेने के साथ मौके पर ही उनसे मार्को मशीन पर अंगूठा लगवा लेते थे। इसके बाद मोबाइल में पहले से मौजूद भिन्न-भिन्न बैंकों के एप के माध्यम से उनका खाता खोल लिया जाता है। इन खातों में हमारे पास पहले से मौजूद एक्टिव सिम को लिंक मोबाइल के रूप में एड कर दिया जाता। जिससे किसी भी लेनदेन का मैसेज विवरण खाता धारकों के पास नहीं पहुंच पाता। एटीएम भी जारी करा लेते थे। खातों का संचालन आरोपी का मामा रजनीश प्रताप सिंह निवासी रामपुर नौरहनी थाना हसवल जनपद अम्बेडकरनगर करता था। खाता खोलने के एवज में उन्हें 1000 से 2500 रुपये तक मिलते थे। पुलिस आरोपी रजनीश की तलाश में जुट गई है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक दुबौलिया विनय पाठक, निरीक्षक अरुण कुमार, प्रभारी साइबर सेल सुभाष चंद्र सिंह, कांस्टेबल धनन्जय यादव, इन्द्रपाल प्रजापति, स्वीकृति मिश्रा, साइबर सेल के हेड कांस्टेबल मोहन, अभिषेक तिवारी, घनश्याम, गौरव यादव शामिल रहे।

# ठगी करने का आरोपित गिरफ्तार

## ऋण दिलाने के नाम पर लोगों से खाता खोलवाकर करता था ठगी

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** लोन दिलाने के नाम पर लोगों से खाता खुलवाकर ठगी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह का दुबौलिया पुलिस व साइबर सेल ने पर्दाफाश कर एक आरोपित को गिरफ्तार किया है।

लोगों को लोन दिलाने के नाम पर उनका खाता खोलवाकर उन खातों का प्रयोग साइबर ठगी के लिए करने वाले आरोपित अंकित सिंह निवासी मोरापारा थाना अहिरौली जनपद आंबेडकरनगर को पुलिस ने भिउरा से कप्तानगंज जाने वाले मार्ग पर मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक ने बताया कि आरोपित के विरुद्ध दुबौलिया थाने पर धोखाधड़ी और आइटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज था। आरोपित के पास से एक स्मार्ट फोन, व्यक्तियों के आधार कार्ड व पैन कार्ड की 20 छाया प्रति, 4370 रुपये बरामद किया गया है।

पूछताछ में आरोपित ने बताया गया कि उनका एक गिरोह है। वे गांव मे जाकर लोगो को दो लाख रुपये लोन दिलाने के नाम पर झांसा देकर उनका आधार कार्ड, पैन कार्ड प्राप्त कर उसका विवरण ले कर मौके पर ही उनसे मार्को मशीन पर अंगूठा लगवाकर मोबाइल में पहले से मौजूद भिन्न भिन्न बैंकों के एप के माध्यम से उनका खाता खोल लेते हैं। इन खातों को उनके पास पहले से मौजूद एक्टिव सिम को लिंक मोबाइल के रूप में एड कर दिया जाता है। जिससे किसी भी लेन देन का मैसेज विवरण खाता धारकों से पास नहीं पहुंच पाता है। खोले गये सभी खातो का संचालन उसके मामा रजनीश सिंह निवासी रामपुर नौरहनी थाना हंसवर जनपद आंबेडकरनगर द्वारा किया जाता है। गिरोह के लोगों को रजनीश द्वारा प्रति खाता खोल देने के लिए 1000 से 2500 रुपये तक दिया जाता है ।

# जेल के छूटे अपराधियों पर रखें पैनी नजर : महानिरीक्षक

**बस्ती (एसएनबी)।** मंगलवार को पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज की अध्यक्षता में तीनो जनपदो के पुलिस अधीक्षको के साथ रेंज कार्यालय पर मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें आईजी ने अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के लिए मातहतों को जरूरी दिशा निर्देश दिया।

रेंज कार्यालय में पुलिस अधीक्षको को निर्देशित करते हुए आईजी आरके भारद्वाज ने कहा कि परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण के ष्टिगत ढाबा, होटल, बस स्टैंड आदि संवेदनशील स्थानों में रात्रि पैदल गस्त व चेकिंग की जाए, हिस्ट्रीशीटरो एवं जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगाह रखी जाए। परिक्षेत्र के थाना क्षेत्रों में संदिग्ध स्थान चिन्हित कर वाहन चेकिंग की जाए साथ ही बैंकः एटीएम आदि के आसपास अभियान चलाकर नियमित चेकिंग कराया जाय। महिलाओं के प्रति बढ़ रहे अपराधो को उन्होंने गम्भीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण करवाने का निर्देश दिया।



बस्तीः अपराध गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए आईजी आरके भारद्वाज। फोटो : एसएनबी

उन्होंने कहा कि पशु तस्करों के विरूद्ध गोवध अधिनियम के तहत कार्यवाही की जाए, पूर्व से लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्वक शीघ्र निस्तारण किया जाए,

> पुलिस महानिरीक्षक ने रेंज के पुलिस अधीक्षको के साथ की अपराध गोष्ठी

एसडीएमः क्षेत्राधिकारी संयुक्त रूप से धार्मिक स्थलों का निरीक्षण करें एवं गुंडा एक्ट , 107ध16, 110 जी सीआरपीसी, गैंगस्टर की कार्यवाही की जाए। नवरात्रिः रामनवमीः रमजान की तैयारियों की समीक्षा करते हुए उन्होंने हर थाने पर पीस कमेटी की बैठक कर शान्तिपूर्ण ढंग से त्यौहारो को सम्पन्न कराने का निर्देश दिया। कहा कि थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्याओं को नम्रता पूर्वक सुनकर भरोसा दिलाकर उसकी समस्याओं का निस्तारण करें। वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए, वाहन चेकिंग के दौरान महिलाओं के प्रति नरमी बरती जाए, सर्राफा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए, ग्राम चौकीदारों की थानान्तर्गत रिक्तियों की पूर्ति की जाय, 14(1) की कार्यवाही करने में कार्यवाही की प्रक्रिया कम समय में निर्णय लिया जाय, 117 की कार्यवाही सुनिश्चित करने के साथ ही माफियाओं के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। बैठक में एसपी बस्ती गोपाल ष्ण चौधरी, एसपी संतकबीरनगर सत्यजीत कुमार गुप्ता , एसपी सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनंद व पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# अनुसूचित उत्पीड़न के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** विशेष सत्र न्यायाधीश एसीएसटी शिवचन्द ने अनुसूचित जाति उत्पीड़न के मामले में सात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर थानाध्यक्ष दुबौलिया को न्यायालय में आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

दुबौलिया थाना क्षेत्र के नानकार गांव के राज ने वीरेंद्र श्रीवास्तव एडवोकेट के माध्यम से न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया। बताया कि दुबौलिया थाना क्षेत्र के एक डिग्री कालेज के पास 26 जनवरी 2023 को गाड़ी खड़ा करने को लेकर विवाद हो गया था। कलवारी थाना क्षेत्र के ग्राम सरवन पुर निवासी सुरेश शर्मा, फेटवा निवासी अनुराग उपाध्याय, गौसपुर निवासी रिंकज दुबे, भैंसहटी निवासी छोटू सिंह, दुबौली दुबे निवासी सचिन यादव और डिंगरापुर निवासी विशाल सिंह उर्फ अक्षय सिंह व एक अज्ञात ने पायकपुर गांव के पास अपशब्द कहते हुए राज, पंकज सौरभ, राहुल व प्रिंस को मारापीटा।

# शांतिभंग की आशंका में चार का चालान

बनकटी। लालगंज थानाक्षेत्र के कुम्हिया गांव में जमीन की रंजिश में मंगलवार दो पक्षों में विवाद बढ़ गया। सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने दोनों पक्षों के चार लोगों को थाने ले आई।

उनका शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, कुम्हिया निवासी महेश पाल, ओम प्रकाश तथा राजेश कुमार के बीच जमीन का विवाद चल रहा है। आरोप है कि मंगलवार सुबह एक पक्ष दूसरे के दरवाजे पर पहुंचकर अपशब्द कहने लगा। दूसरे पक्ष ने पुलिस को फोन कर दिया।

एसओ महेश सिंह ने बताया कि महेश पाल, उनके पुत्र अभय पाल, ओमप्रकाश व राजेश कुमार पर शांतिभंग की आशंका के तहत कार्रवाई करके न्यायालय भेज दिया गया है। संवाद

# त्योहारों के मद्देनजर धार्मिक स्थलों पर रखें नजर : आईजी

बस्ती। पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने मंगलवार को परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के पुलिस अधीक्षकों के साथ कानून व्यवस्था और अपराध की समीक्षा की।

इस दौरान त्योहारों के मद्देनजर धार्मिक स्थलों पर सतर्क नजर रखने को कहा। आईजी ने एसडीएम व क्षेत्राधिकारी को संयुक्त रूप से धार्मिक स्थलों का निरीक्षण करने की सलाह दी। नवरात्रि, रामनवमी, रमजान के संबंध में तैयारियों की समीक्षा करने, पीस कमेटी के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिए।

कहा कि सर्राफा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। परिक्षेत्र में अपराध नियंत्रण के लिए ढाबा, होटल, बस स्टैंड आदि संवेदनशील स्थानों पर गश्त व चेकिंग करने के निर्देश दिए। संवाद

# ‘महिलाओं की समाज में बढ़ रही सहभागिता’

संवाद न्यूज एजेंसी

## एनएसएस शिविर में महिला सशक्तीकरण विषय पर हुई गोष्ठी

बस्ती। शिवहर्ष किसान पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन महिला सशक्तीकरण विषय पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो. रीना पाठक ने कहा कि समाज में महिलाओं की सहभागिता कुछ सालों से लगातार बढ़ रही है। सरकार की योजनाओं के माध्यम से लगातार महिलाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिल रही है।

विशिष्ट अतिथि महिला थाना प्रभारी भाग्यमति पांडेय ने कहा कि अधिकारों को लेकर शिक्षित और जागरूक होने तक महिलाएं और बेटियां रुचि ले रही हैं। नारी सशक्तीकरण के तहत बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा के तमाम उपाय किए गए हैं। जिससे उनके मनोबल में भी वृद्धि देखने को मिल रही है। एंटी रोमियो दल लगातार गश्त कर बेटियों को सुरक्षा के लिए जागरूक कर रहा है। गोष्ठी को प्रो. सुष्मिता श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. धर्मेंद्र कुमार सिंह और डॉ. सपना रानी ने स्वयंसेवकों को सेवा योजना के उद्देश्यों के बारे में बताया। संचालन मुख्य नियंता डॉ. शिवेंद्र मोहन पांडेय ने किया।मौके पर डॉ. रोहित सिंह, डॉ. धर्मेंद्र, डॉ. रंजन कुमार बसाक आदि मौजूद रहे।

# अंतरजनपदीय ठगी गिरोह का खुलासा

संवाद न्यूज एजेंसी

## दुबौलिया पुलिस व साइबर सेल ने आंबेडकरनगर के व्यक्ति को किया गिरफ्तार

**बस्ती।** दुबौलिया पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम ने लोन दिलाने के नाम पर विभिन्न व्यक्तियों के फर्जी खाते खोलकर साइबर ठगी के लिए इस्तेमाल करने वाले जालसाज को गिरफ्तार किया है। हालांकि सरगना अभी पकड़ से दूर है। जिसकी तलाश की जा रही है।

गिरफ्त में आए आरोपी अंकित सिंह निवासी मोरापारा थाना अहिरौली जनपद आंबेडकरनगर के कब्जे से एक मोबाइल, आधार कार्ड, पैन कार्ड व नगदी बरामद किया है।

एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने पुलिस कार्यालय में प्रेसवार्ता में बताया कि दुबौलिया थाने में दर्ज मुकदमे की तफ्तीश में टीम के हाथ अहम सुराग लगे थे। पकड़ में आए आरोपी ने बताया कि गांव में जाकर लोगों को दो लाख रुपये लोन दिलाने के नाम पर झांसा देकर उनका आधार कार्ड, पैन कार्ड प्राप्त का विवरण लेने के साथ मौके पर ही उनसे मार्को मशीन पर अंगूठा लगवा लेते थे। इसके बाद मोबाइल में पहले से मौजूद भिन्न-भिन्न बैंकों के एप के माध्यम से उनका खाता खोल लिया जाता है।

इन खातों में हमारे पास पहले से मौजूद एक्टिव सिम को लिंक मोबाइल के रूप में एड कर दिया जाता। जिससे किसी भी लेन देन का मैसेज विवरण खाता धारकों के पास नहीं पहुंच पाता।

एटीएम भी जारी करा लेते थे। खातों का संचालन आरोपी का मामा रजनीश प्रताप सिंह निवासी रामपुर नौरहनी थाना हसवल जनपद आंबेडकरनगर करता था। खाता खोलने के एवज में उन्हें 1000 से 2500 रुपये तक मिलते थे।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-03-2023

# दो लोगों पर गुण्डा एक्ट की कार्रवाई

सिद्धार्थनगर। जनपद में कानून-व्यवस्था बनाए रखने व अपराध/अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने को लेकर चोरी के आरोप में संलिप्त दो लोगों पर ढेबरूआ थाना की पुलिस ने धारा (3)3 गुण्डा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत मंगलवार को कार्रवाई की। सूरज यादव निवासी बैरियहवा व इसी गांव के सफीउल्लाह पुत्र रफातुल्लाह पर गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई।

# अपहरण के आरोपी को 4 साल की सजा

सिद्धार्थनगर। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट प्रमोद कुमार सिंह सेकंड ने अपहरण के एक आरोपी को चार साल की सजा सुनाई है। आरोपी पर आठ हजार रुपये का जुर्मान भी लगाया है।

रोहित निवासी लोहरौली थाना डुमरियागंज के खिलाफ थाना में पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज था। इसी मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने फैसला सुनाते हुए आरोपी को चार साल की सजा सुनाई। आरोपी पर आठ हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। सरकार की तरफ से पैरवी पवन कुमार कर पाठक अपर जिला शासकीय अधिवक्ता ने की।

# सीसीटीएनएस कार्यप्रणाली में शिथिलता पर बिफरे आईजी

- बस्ती में आईजी आरके भारद्वाज ने सिद्धार्थनगर जिले की बैठक की
- शोहरतगढ़ सर्किल सीओ व थानेदारों के साथ की समीक्षा

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र आरके भारद्वाज ने मंगलवार को शोहरतगढ़ सर्किल सीओ व थाना शोहरतगढ़, ढेबरूआ, चिल्हिया व कठेला समय माता के थाना प्रभारियों के साथ अर्दली रूम किया। की गई। सीओ कार्यालय शोहरतगढ़ सीसीटीएनएस कार्य प्रणाली में शिथिलता बरतने पर कड़ी नाराजगी यक्त की गई।

उन्होंने अर्दली रूम, अपराध रजिस्टर, लंबित विवेचना, प्रारंभिक जांच, जेड रजिस्टर आदि की समीक्षा की। क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ को निर्धारित समयान्तर्गत अर्दली रूम करने व विवेचना को समयावधि व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण कराने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारियों को विवेचना निस्तारण के प्रतिशत को सुधारने के लिए निर्देशित किया गया। समीक्षा के दौरान आइजीआरएस की स्थिति काफी खराब मिली गुणात्मक सुधार के लिए निर्देशित किया गया। प्रारंभिक जांच व सामान्य जांच को अति शीघ्र निस्तारण करने को सीओ शोहरतगढ़ को निर्देशित किया। कहा भूमि विवाद मामलों में पुलिस सीधे किसी भी दशा में हस्तक्षेप न करें। पब्लिक अप्रूवल सिस्टम में रेटिंग खराब होने पर सभी प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष को रेटिंग ठीक करने का निर्देश दिया। पासपोर्ट जांच में भी स्थिति संतोषजनक न होने पर नाराजगी व्यक्त की।

# टीबी के लक्षणों की दी गई जानकारी

**कार्यक्रम**



पुलिस लाइन सभागार में टीबी संवेदीकरण कार्यशाला को संबोधित करते जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. डीके चौधरी व अन्य। • हिन्दुस्तान

सिद्धार्थनगर, निज संवाददाता। स्वास्थ्य विभाग की ओर से राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत मंगलवार को पुलिस लाइंस सभागार में संवेदीकरण कार्यशाला हुई। इसमें पुलिसकर्मियों को टीबी की जानकारी देकर टीबी मुक्त देश बनाने में सहयोग की अपील की गई। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. डीके चौधरी ने कहा कि खांसी के साथ खून आना, सीने में दर्द, सांस लेने में तकलीफ टीबी के लक्षण हैं। इसे लेकर सभी को जागरूक होने की जरूरत है।

उन्होंने बताया कि टीबी बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए विभाग लगातार जागरूकता फैला रहा है। तीन हफ्ते से खांसी आना, सीने में दर्द, सांस लेने-खांसने में दर्द, लगातार वजन कम होना, चक्कर आना, रात में पसीना आना व भूख न लगना भी टीबी के लक्षण हैं। अगर किसी व्यक्ति में इस तरह के लक्षण दिखें तो वह टीबी का संभावित मरीज हो सकता है। ऐसे में इस तरह के संभावित लक्षण वाले लोगों की जांच कराने में सभी लोग मददगार बनें। जिला पब्लिक प्राइवेट मिक्स कोआर्डिनेटर (पीपीएम समन्वयक) सतीश मिश्र ने कहा कि एक टीबी मरीज 10 से 15 लोगों को संक्रमित कर सकता है। जिला समन्वयक पंकज त्रिपाठी ने बताया कि टीबी अभिशाप नहीं है। इसे जागरूकता व दवा के जरिए जड़ से खत्म किया जा सकता है, इसलिए समाज को टीबी के प्रति नजरिया बदलने की जरूरत है। इस दौरान फिरोज, एसआई उमेश दुबे, फेकू, रीता, संगीता देवी आदि मौजूद रहीं।

# त्योहारों के मद्देनजर सभी धार्मिक स्थलों पर रखें नजर : पुलिस महानिरीक्षक

**सिद्धार्थनगर/बस्ती।** पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने मंगलवार को परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के पुलिस अधीक्षकों के साथ कानून व्यवस्था और अपराध की समीक्षा की। इस दौरान त्योहारों के मद्देनजर धार्मिक स्थलों पर सतर्क नजर रखने को कहा। आईजी ने एसडीएम/क्षेत्राधिकारी को संयुक्त रूप से धार्मिक स्थलों का निरीक्षण करने की सलाह दी। नवरात्र, रामनवमी, रमजान के संबंध में तैयारियों की समीक्षा करने, पीस कमेटी के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिए। ग्राम चौकीदारों की रिक्तियों की पूर्ति व माफिया के विरुद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान एसपी बस्ती गोपाल कृष्ण चौधरी, एसपी संतकबीरनगर सत्यजीत कुमार गुप्ता, एसपी सिद्धार्थनगर अमित कुमार आनंद व अन्य अधिकारी मौजूद रहे। संवाद

## एक नजर में

# बांध को क्षति पहुंचा रहे बुलडोजर व डंफर सीज

सिद्धार्थनगर : एसडीएम सदर डा. ललित कुमार मिश्रा ने मंगलवार को कार्रवाई करते हुए मिट्टी खनन कार्य में लगे बुलडोजर व डंफर ( खनन सामग्री ढोने वाला हाइड्रोलिक ट्रक ) को सीज किया। इन्हें बाढ़ रोकने के लिए बने बांध को क्षतिग्रस्त करने के आरोप में पकड़ कर जोगिया थाना पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। एसडीएम ने बताया कि ककरही सियरापार तटबंध बाढ़ सुरक्षा को लेकर संवेदनशील है। (जासं)

# सिर्फ एक चालक की तैनाती, कैसे बुझेगी आग

- सीमित कर्मियों पर दो तहसीलों में आग बुझाने का भार
- प्रत्येक वर्ष सैकड़ों बीघा फसल होती है जलकर राख

**जागरण संवाददाता, डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर** : करीब 30 किमी की परिधि, दो तहसीलें व चार सौ के करीब गांवो में आग बुझाने का जिम्मा शाहपुर मंडी समिति स्थित अग्निशमन विभाग के पास है। भवन के साथ कर्मियों की भारी किल्लत के बीच दोनों तहसीलों में आग बुझाने का कार्य कैसे सम्भव बन पाएगा इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

क्षेत्र में अगलगी की घटनाएं आए दिन सामने आती रहती हैं पर दमकल की गाड़ियां मौके पर समय से पहुंच जाए, ऐसा कभी-कभी ही सुनाई पड़ता है। अगलगी की घटनाओं में आग प्रायः या तो ग्रामीणों द्वारा खुद ही नियंत्रित करनी पड़ती है या आग पीड़ित का सब कुछ राख कर के ही दम लेती है। जब इसके कारणों का पता लगाया गया तो पता चला विभाग के पास पर्याप्त इंतजाम ही नहीं है। अगलगी को नियंत्रित करने के लिए विभाग के पास दो दमकल व दो बोलेरो सहित चार गाड़ियां तो हैं पर इनको चलाने के लिए सिर्फ एक ही चालक तैनात है। यहां 16 फायर मैन, दो लीडिंग फायर मैन व तीन चालक के पद सृजित हैं । लेकिन वर्तमान समय मे यहां सिर्फ छह फायर मैन, एक लीडिंग फायर मैन व एक चालक की ही तैनाती है।



शाहपुर स्थित इस अस्थाई भवन से संचालित होता है अग्निशमन केंद्र ● जागरण

रख- रखाव के नाकाफी इंतजामों के कारण गाड़ियों की स्थिति भी दिनों-दिन दयनीय होती जा रही है। इनके लिए खुद के भवन का निर्माण तो शुरू हो गया है पर वह कब पूरा होगा कहा नहीं जा सकता। इस संबंध में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेश सिंह, शाहपुर ने बताया कि स्थानीय अग्निशमन विभाग के पास सिर्फ एक ही चालक है, इसलिए दिक्कत है। फायर स्टेशन में अभी कर्मचारियों रहने की व्यवस्था नहीं हो सकी है। फिर भी कर्मियों व संसाधन की डिमांड की गई है।

**स्कूल तक जाने का मार्ग नहीं**: मन्नीजोत : विकासखंड भनवापुर के मलहवार में संचालित प्राथमिक विद्यालय तक जाने लिए रास्ता नहीं है। उक्त विद्यालय गांव के उत्तर दिशा में स्थित है और स्कूल के बगल में तालाब भी है। बाउंड्री भी क्षतिग्रस्त है जिसके कारण बच्चों के सुरक्षा पर खतरा बना हुआ है। गांव के बैजनाथ, प्रमोद मिश्रा अनिल, रामप्रकाश आदि ने रास्ता बनवाने की मांग की है।

# अलीगढ़वा सीमा से की जा रही कपड़े की तस्करी

**जासं, कपिलवस्तु:** अलीगढ़वा कस्बे से प्रतिदिन कपड़े की तस्करी कर सीमापार भेजा जा रहा है। इसके बदले कारोबार से जुड़े लोगों को पकड़े की लागत से 15 से 20 प्रतिशत तक मोटी कमाई हो रही है। कपड़ों को रात में सीमापार पहुंचाया जा रहा है, जबकि सुरक्षा एजेंसियों की इस पर जरा भी नजर नहीं है। नेपाल के चाकरचौड़ा में सोमवार भारत से बिना कागजात पिकअप व बाइक पर लादकर भेजे जा रहे लाखों रुपये का कपड़ा पकड़ा है।

अलीगढ़वा में कपड़ा व्यवसाय से जुड़े कुछ दुकानदार तस्करी के कपड़ों को पहुंचाने में मददगार बने हुए हैं। नेपाल के बड़े व्यापारी गुजरात, पंजाब आदि प्रांतों से कपड़े को खरीदकर अलीगढ़वा के कुछ व्यापारियों के नाम उसे बुक कर देते हैं। माल यहां पहुंचने पर उसे कैरियर के जरिये रात में बिना जीएसटी,आयकर,सीमा शुल्क भुगतान के नेपाल पहुंचा दिया जाता है। सीमापार होते ही वहां से कारोबार से जुड़े लोग कपड़े को पिकअप आदि वाहनों पर लादकर तौलिहवा, भैरहवा, बुटवल आदि शहरों में भेज देते हैं, फिर तय कमीशन कैरियर के माध्यम से दुकानदार तक पहुंच जाता है। बताया जा रहा है कि अलीगढ़वा कस्बे में सीमा के निकट एक पुराने कपड़ा के व्यापारी व उसके सगे संबंधी की नेपाल के तौलिहवा में थोक कपड़े की दुकान है। उनकी पहचान बड़े राजनैतिक दल के नेताओं से भी है। वह इसका फायदा उठाकर खूल लाभ कमा रहा है। यदि सामान पकड़ा भी गया तो उसका घाटा नेपाल के व्यापारी उठाते हैं। नेपाल के कपिलवस्तु जनपद के एसपी प्रेम वस्नेत ने बताया कि तस्करी रोकने के लिए नेपाल पुलिस कार्य कर रही है।

> सीमा पर चौबीस घंटे जवानों की तैनाती है। सीमा खुली होने के कारण कई बार तस्करी की संभावना बनती है। फिर भी इसे हर हाल में रोकने का प्रयास किया जा रहा है। सीमा पर तैनात जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गए हैं।
>
> **आरके डोंगरा,** कमांडेंट 43वीं वाहिनी एसएसबी

> बार्डर पर तस्करी रोकने के लिए सीमाक्षेत्र से जुड़े थानों को सतर्क रहने को कहा गया है। यदि कोई तस्करी में लिप्त मिला तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> **अमित कुमार आनंद,** एसपी

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-03-2023

# सात के विरूद्ध विश्वास हनन का केस

**सभी नामजद आरोपी गैर जिले के हैं निवासी**

**ईट भट्ठा व्यवसाई एवं नाथनगर के ब्लाक प्रमुख की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा**

**नाथनगर (एसएनबी)।** भाजपा नेता एवं महुली थानान्तर्गत कोहरगड्डी गांव निवासी ईंट भट्ठा व्यवसाई तथा नाथनगर के ब्लाक प्रमुख की तहरीर पर मंगलवार को महुली पुलिस ने शाहजंहापुर जिले के सात लोगों के विरूद्ध विश्वास हनन के आरोप में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ईंट भट्ठा व्यवसाई एवं ब्लाक प्रमुख नाथनगर रामवृक्ष यादव ने महुली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि इसी वर्ष उन्होंने ईंट भट्ठा संचालित करने का व्यवसाय शुरू किया है। उनको ईंट की पथाई करने के लिए मजदूरों की आवश्यकता थी। वह थाना क्षेत्र के मैन्सिर गांव स्थित अख्तर जमाल खान के ईंट भट्ठे पर अपने दो-तीन सहयोगियों के साथ गया जहां शाहजंहापुर जिले के बण्डा थानान्तर्गत मुरादपुर बण्डा गांव निवासी कमालुद्दीन नामक व्यक्ति से मुलाकात हुई तो कमालुद्दीन ने बताया कि वह इसी ईंट भट्ठे पर मजदूरों के साथ ईंट पथाई का कार्य करवाता हूं। कमालुद्दीन ने कहा कि अगर मजदूर की आवश्यक्ता हो तो मैं शाहजंहापुर जिले के बण्डा थानान्तर्गत मुरादपुर बण्डा गांव निवासी अपने ससुर खिलाफत पुत्र शेखावत व बंदेहसन और मुरारीलाल से बात करता हूं और आप वहां चले जाइए। ब्लाक प्रमुख ने तहरीर में बताया कि कमालुद्दीन की बात पर भरोसा कर वह मैन्सिर के भट्ठा मालिक अख्तर जमाल खान समेत अन्य तीन सहयोगियों के साथ बीते दो फरवरी को शाहजंहापुर जिले के मुरादपुर बण्डा गांव पहुंचा जहां कमालुद्दीन के ससुर खिलाफत के अलावा बंदेहसन और मुरारीलाल से मिला। उक्त तीनों के साथ दिनेश यादव उर्फ शिवम व रजनीश पुत्रगण मानसिंह निवासी ग्राम मिर्जापुर, थाना तिलहर जिला शाहजंहापुर तथा शमशेर पुत्र गुलशेर निवासी ग्राम स्टेशन रोड तिलहर, थाना तिलहर जिला शाहजंहापुर से भी मिला। उक्त सभी ने मजदूरों के सम्बन्ध में बात हुई और मजदूरों को पहुंचाने की शर्त पर दो लाख नगदी एडवांस के तौर पर उक्त सभी को दे दिया। तीन फरवरी को कुछ मजदूर भट्ठे पर आए भी जो चार फरवरी को उनसे एक लाख नकदी लिया लेकिन भट्ठे पर उक्त मजदूरों ने काम भी शुरू नहीं किया। काम न शुरू करने के सम्बन्ध में शाहजंहापुर फोन कर जब उक्त सभी से बात की तो उक्त सभी ने कहा कि दो दिन बाद वह आएंगे तब काम शुरू कराएंगे। उक्त खिलाफत, बंदेहसन, दिनेश यादव, रजनीश व शमशेर से दुबारा 6 फरवरी को फोन पर बात किया तो उक्त सभी ने एक लाख 40 हजार नकदी भेजने का फरमान सुनाते हुए कहा कि दूसरे मजदूरों को भेज देंगे तो वह एक लाख 40 हजार फोन पे के द्वारा भेज दिया लेकिन उसके बाद लगातार बात करने के बाद उक्त सभी ने आज तक एक भी मजदूर नहीं भेजा और दी गई नगदी को वापस करने से भी मना कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त कमालुद्दीन, खिलाफत, बंदेहसन, दिनेश यादव, रजनीश तथा शमशेर के विरूद्ध विश्वासहनन के आरोप में आईपीसी की धारा 406 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जल्द ही सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# दो महिलाओं समेत आठ के विरूद्ध केस

**सभी नामजद आरोपी महुली थानान्तर्गत कोल्हूगाड़ा गांव के एक ही परिवार के हैं सदस्य**

**धनघटा (एसएनबी)।** महुली थानान्तर्गत बेल्डूहा गांव में बीते 12 मार्च को एक महिला दुकानदार समेत उसके परिजनों को मारपीट कर घायल करने के आरोप में मंगलवार को महुली पुलिस ने हमलावर थाना क्षेत्र के कोल्हूगाड़ा गांव की दो महिलाओं समेत आठ लोगों के विरूद्ध बलवा, घर में घुसकर मारपीट करने, तोड़-फोड़ और जानमाल की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। घटना में सभी नामजद आरोपी एक ही परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं।

घटना के सम्बन्ध में पुलिस को दी गई तहरीर में थाना क्षेत्र के बेल्डूहा गांव निवासी ओममती पत्नी साधूसरन ने बताया कि बीते 12 मार्च की रात करीब 10 बजे बगल के कोल्हूगाड़ा गांव निवासी कमलावती पत्नी श्रीराम उसकी दुकान पर पहुंची और उसे अकारण भद्दी-भद्दी गालियां देने लगी जिसका विरोध करने पर उसके परिवार के गंगेश्वर, अवधेश, महेन्द्र, सूर्यकान्त उर्फ नन्दन तथा नन्दलाल पुत्रगण श्रीराम, जनकदुलारी पत्नी अवधेश व आशुतोष पुत्र अवधेश निवासीगण ग्राम कोल्हूगाड़ा समेत कुछ अन्य अज्ञात लोग बेल्डूहा गांव [illegible] उसकी दुकान पर एकराय होकर पहुं[illegible] और दुकान का सामान उठा-उठाकर फेंकने लगे। सामान फेंकने से मना करने पर उक्त सभी गाली और जान से मारने की धमकी देते हुए उसके उपर हमला कर दिया। इस बीच शोर सुनकर उसके परिवार के लोग पहुंचे और बचाव करने का प्रयास किए तो उक्त सभी पूरे परिवार को मारने-पीटने लगे। परिवार के लोग जान बचाने के लिए घर के भीतर भागे तो उक्त सभी घर में घुसकर सभी को मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही तोड़-फोड़ कर घर और दुकान का तमाम सामान भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने उक्त सभी हमलावरों के खिलाफ आईपीसी की धारा 147, 323, 352, 427, 452, 504, 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक महुली संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जल्द ही सभी नामजद आरोपियों को गिरफ्त में लेकर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# यातायात नियमों को लेकर किया जागरूक

संतकबीरनगर। जिले की यातायात पुलिस ने मंगलवार को स्कूली छात्रों को यातायात नियम के प्रति जागरूक किया। प्रभारी यातायात परमहंस यादव की अगुवाई में पुलिस टीम ने थाना धनघटा क्षेत्रं के राम अवध चिल्ड्रेन एकेडमी के छात्र व छात्राओं को यातायात नियमों के बारे में जानकारी दी। उन्हें सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम करने, यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने, तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के लिए प्रेरित किया। उपस्थित अध्यापकगणों को भी बच्चों को पढ़ाई के साथ यातायात नियमों की भी जानकारी देने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य आरक्षी रामकरन गुप्ता, संदीप सिंह, आरक्षी प्रमोद साहनी व स्कूल के प्रबन्धक सहित विद्यालय के प्रिंसिपल, शिक्षक आदि अन्य उपस्थित रहे।

# गुमशुदा की तलाश कर किया सुपुर्द

**संतकबीरनगर।** थाना धर्मसिंहवा पुलिस ने गुमशुदा रामजी उपाध्याय पुत्र स्वर्गीय गोविन्द नारायण उपाध्याय उम्र करीब 80 वर्ष निवासी रैधरपार को सकुशल बरामद कर उनके परिजनों को सुपुर्द किया। उक्त गुमशुदा व्यक्ति के संबंध में परिजनों ने थाना धर्मसिंहवा पर गायब होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गुमशुदा को सकुशल बरामद कर बुजुर्ग को परिजनों को सौंप दिया।

# चार आरोपितों पर की कानूनी कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने चार आरोपितों को दबोचकर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना बखिरा पुलिस ने चार आरोपितों को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

# चोरी की बाइक बरामद, आरोपी धराया

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस आकाश पाण्डेय पुत्र प्रद्युम्न पाण्डेय निवासी घोरही थाना महुली को 01 अदद चोरी की मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स के साथ गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। प्रभारी चौकी नवीन मंडी उ.नि. सुरश यादव ने बताया कि अभियुक्त द्वारा 20.03.2023 को नवीन सब्जी मंडी से उक्त मोटरसाइकिल को चोरी कर ली गई थी। जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। मामले में पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का सफल अनावरण करने के बाद उसे न्यायालय रवाना किया गया।

# सात पर दर्ज कराया विश्वास हनन का केस

नाथनगर, हिन्दुस्तान संवाद। महुली थाना क्षेत्र के कोहरगड्डी निवासी एवं प्रमुख राम वृक्ष यादव ने थाने पर तहरीर दिया है। उनका आरोप है कि भट्ठे पर मजदूर उपलब्ध कराने के नाम पर चार लाख चालीस हजार रुपया पथेरा पहुंचाने के नाम पर विश्वास हनन किया गया। नामजद आरोपी अपना मोबाइल फोन को स्विच ऑफ कर लिया।

पुलिस को दिए गए तहरीर में नाथनगर के ब्लाक प्रमुख राम वृक्ष यादव ने बताया है। कि वह इस वर्ष से ईट भट्ठा का काम शुरू किया है। उन्होंने बताया कि भट्ठे पर ईट पथेरा की जरूरत थी। इसके लिए कुछ सहयोगीयो के साथ वह मैनसिर स्थित अख्तर जमाल के ईट भट्ठे पर पहुंचे। मौके पर शाहजहांपुर निवासी कमालुद्दीन मिला। बताया कि उसके ससुर खिलाफत उन्हें ईट निर्माण के लिए मजदूर की व्यवस्था करा देंगे। मोबाइल पर वार्ता पर कराया। वादी के अनुसार उनके साथ अख्तर जमाल और कुछ लोग 2 फरवरी 23 को शाहजहांपुर पहुंचे। इस दौरान खिलाफत समेत सात लोग मिले। मजदूर के उपलब्ध कराने के नाम पर उक्त लोगो ने उनसे बतौर दो लाख रुपया एडवांस में ले लिया। अगले दिन 3 फरवरी 23 को उनके भट्ठे पर कुछ मजदूर पहुंचे। 4 फरवरी को एक लाख रुपया पहुंचे लेबर ले लिए। गायब हो गए। फोन पर सम्पर्क किया।तो उक्त लोगो ने 6 फरवरी 23 को फोन पे पर एक रुपया, निन्यानवे हजार नौ सौ निन्यानवे व चालीस हजार रुपया भेज दिया। प्रमुख राम वृक्ष के अनुसार जब पुनः दस फरवरी को फोन किया। तबसे उक्त आरोपितों का नम्बर स्विच ऑफ बता रहा है। इंस्पेक्टर सन्तोष मिश्र ने बताया कि कमालुदीन, खिलाफत, बदरे हसन, मुराली लाल, दिनेश यादव उर्फ शिवम निवासी गण मुरादपुर बंडा जिला शाहजंहापुर, रजनीश निवासी मिर्जापुर तिलहा जिला शाहजंहापुर, शमशेर स्टेशन रोड तिलहर शाह जँहापुर पर केस किया है।

# लावारिस बच्ची को किया सुपुर्द

संतकबीरनगर। पीआरवी 1490 को धनघटा से एक लावारिस लड़की के मिलने के सम्बन्ध में सूचना मिली। सूचना पर पीआरवी कर्मियों ने लड़की के परिजनों की तलाश कर माता को सुपुर्द कर घटना के सम्बन्ध में थाना धनघटा पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने समय से घटना स्थल पर पहुंचकर लड़की सुपुर्द किया।

# चोरी की बाइक समेत दबोचा

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने चोरी की बाइक समेत बाइक चोर को दबोचने में कामयाबी हासिल की। थाना कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए आरोपित अभियुक्त को गिरफ्तार कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद संबंधित न्यायालय प्रस्तुतकर जेल रवाना कर दिया।

पुलिस के अनुसार आरोपित आकाश पाण्डेय निवासी घोरही थाना महुली ने 16 मार्च को नवीन सब्जी मंडी से मोटरसाइकिल को चोरी किया था। इस संबंध में स्थानीय थाना पर अभियोग पंजीकृत किया गया था।

# 66 वाहन चालकों से वसूला शमन शुल्क

संतकबीरनगर। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की धर पकड़ को गहनता से जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने कड़ी कार्रवाई की। 66 वाहनों के चालकों से यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 68 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# धार्मिक स्थलों पर नजर रखने की सलाह

## आईजी ने तीनों जिले के एसपी के साथ की कानून व्यवस्था की समीक्षा

संवाद न्यूज एजेंसी

बस्ती। पुलिस महानिरीक्षक आरके भारद्वाज ने मंगलवार को परिक्षेत्र के तीनों जनपदों के पुलिस अधीक्षकों के साथ कानून व्यवस्था और अपराध की समीक्षा की। इस दौरान त्योहारों के मद्देनजर धार्मिक स्थलों पर सतर्क नजर रखने को कहा।

आईजी ने एसडीएम/क्षेत्राधिकारी को संयुक्त रूप से धार्मिक स्थलों का निरीक्षण करने की सलाह दी। नवरात्रि, रामनवमी, रमजान के संबंध में तैयारियों की समीक्षा करने, पीस कमेटी के साथ बैठक कर समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिए।

कहा कि सर्राफा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। ढाबा, होटल, बस स्टैंड आदि संवेदनशील स्थानों पर रात्रि पैदल गश्त व चेकिंग करने के निर्देश दिए। हिस्ट्रीशीटरों एवं जेल से छूटे अपराधियों की गतिविधियों पर विशेष निगाह रखने को कहा।

# छह जुआरियों को दबोचा

जासं, धनघटा : धनघटा थाना क्षेत्र के शनिचरा बाजार में किराए के मकान में चल रहे जुआ कारोबार के बारे में मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छह जुआरियों को हिरासत में लिया। शनिचरा बाजार सहित 10 स्थानों पर जुआ खेले जाने की पुलिस को सूचना मिली।

# तीन वारंटियों को पुलिस ने पकड़ा

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल पुलिस ने मंगलवार को अभियान चलाकर तीन वारंटियों को पकड़ा है। सभी को न्यायालय भेजा गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि लंबे समय से न्यायालय में हाजिर नहीं होने वाले आरोपियों के विरुद्ध गैर जमानती वारंट न्यायालय के द्वारा जारी हुआ था। जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। जिसमें रामचैन, रामकिशुन और रामसनेही निवासी बरईपुर थाना मेंहदावल को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

# पुलिस को मिले लापता बुजुर्ग

संतकबीरनगर। धर्मसिंहवा पुलिस ने लापता बुजुर्ग को ढूंढ लिया। एसओ अनिल कुमार ने बताया कि 80 वर्षीय रामजी उपाध्याय निवासी रैधरपार लापता हो गए थे। इस संबंध में सोमवार को पीड़ित परिजनों ने गुमशुदगी दर्ज कराया था। संवाद

## अपराध संक्षेप



# चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने चोरी की बाइक बरामद कर युवक को मंगलवार को गिरफ्तार किया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान आकाश पांडेय निवासी घोरही थाना महुली के रूप में हुई। संवाद

# दंपती और प्रधान पर केस दर्ज करने का आदेश

संतकबीरनगर। सीजेएम हरिकेश कुमार ने महुली क्षेत्र के मानपुर केवटहिया के दंपती और प्रधान पर केस दर्ज करने का आदेश का दिया है। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उसके पिता की संपत्ति का बैनामा करा लिया और जहर देकर हत्या कर दी। संवाद

# दो महिला समेत आठ पर केस

धनघटा। एक सप्ताह पूर्व बेल्डुहा में एक दुकान में घुसकर तोडफोड़ करने और पीटने के आरोप में पुलिस ने दो महिलाओं समेत आठ नामजद और कुछ अज्ञात पर केस दर्ज किया।

बेल्डुहा गांव निवासी ओममती पत्नी साधूशरन का आरोप है कि 12 मार्च की रात दस बजे कोल्हुआ गांव की कमलावती पत्नी श्रीराम उसकी दुकान पर आई और अपशब्द कहने लगी। विरोध करने पर कमलावती, गंगेश्वर, अवधेश, महेंद्र, सूर्यकांत उर्फ नंदन, नंदलाल, जनक दुलारी, आशुतोष और कुछ अन्य लोग उनकी दुकान में रखा सामान फेकने लगे।

घर में घुसकर पीटा। एसओ संतोष मिश्रा ने बताया कि कोल्हुआ गांव निवासी कमलावती, गंगेश्वर, अवधेश, महेंद्र, सूर्यकांत उर्फ नंदन, नंदलाल, जनक दुलारी, आशुतोष और कुछ अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया गया है। संवाद

# मजदूर भेजने के नाम 4.40 लाख रुपये हड़पे, रिपोर्ट दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा (संतकबीरनगर)। नाथनगर ब्लॉक प्रमुख ने मंगलवार को शाहजहांपुर के रहने वाले सात लोगों पर मजदूर भेजने के नाम पर धोखाधड़ी करके 4.40 लाख रुपये हड़प लेने का आरोप लगाकर तहरीर दी। पुलिस ने सातों आरोपियों पर केस दर्ज कर लिया।

कोहरगड्डी गांव निवासी एवं नाथनगर ब्लॉक के प्रमुख रामवृक्ष यादव का कहना है कि उन्होंने भट्ठे पर ईंट पाथने वाले मजदूरों की आवश्यकता थी। वह मैनसिर में ईंट भट्टे पर कमालुद्दीन निवासी मुरादपुर बंडा, थाना बंडा, जनपद शाहजहांपुर से मिले। आरोप है कि कमालऊद्दीन ने अपने ससुर खिलाफत व बंदे हसन, मुरालीलाल निवासी बंडा से मज़दूरों के लिए बात की। उसकी बात पर विश्वास करके वह अपने तीन सहयोगियों और मैनसिर भट्ठा मालिक अखतर जमाल खान को साथ लेकर दो फरवरी 2023 को बंडा पहुंचे।

वहां पर कमालुद्दीन के कहने पर खिलाफत, बंदे हसन, मुरालीलाल से मिले। उनके साथ दिनेश यादव उर्फ शिवम व रजनीश ग्राम मिर्जापुर, थाना तिलहर, जिला शाहजहांपुर तथा शमशेर निवासी स्टेशन रोड तिलहर से भी मुलाकात की। मजदूर के संबंध में बात होने पर दो लाख रुपये एडवांस के रूप में दिए।

तीन फरवरी 2023 को कुछ मजदूर उनके भट्ठे पर आए तो उन्हें चार फरवरी 2023 को एक लाख रुपये दिए गए। आरोप है कि मजदूर आने के बाद और पैसा लिए, लेकिन काम शुरू नहीं किया।

# शाहजहांपुर जिले के सात लोगों पर मुकदमा

जासं, नाथनगर, संतकबीर नगर: महुली पुलिस ने शाहजहांपुर जिले के सात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थाने में तहरीर देने वाले कोहरगड्डी गांव निवासी और नाथनगर के ब्लाक प्रमुख रामवृक्ष यादव का कहना है कि वह इसी वर्ष ईंट भट्ठा का व्यवसाय शुरू किए हैं। उन्हें ईंट पाथने के लिए मजदूरों की आवश्यकता थी। वह कुछ दिन पूर्व इसी थाना के मैनसिर गांव स्थित ईंट भट्ठे पर तीन साथियों के साथ गए थे। यहां पर शाहजहांपुर जिले के बंडा थाना के मुरादपुर गांव निवासी कमालुद्दीन मिले। उन्होंने बताया कि वह यहां पर मजदूरों के जरिए ईंट पथाई करवाते हैं। वह मजदूर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए इसी जनपद व थाना के बंडा गांव निवासी ससुर खिलाफत व बंदे हसन तथा मुरादपुर गांव निवासी मुरालीलाल से बात कर रहा हूं। आप वहां चले जाइए। इनकी बातों पर विश्वास करके वह अपने तीन सहयोगियों व मैनसिर ईंट भट्ठा के मालिक अख्तर जमाल खान को साथ लेकर दो फरवरी 2023 को गाड़ी से बंडा पहुंचे। यहां पर कमालुद्दीन के कहने पर खिलाफत, बंदे हसन, मुरालीलाल के अलावा इन्हीं के जनपद के तिलहर थाना के मिर्जापुर गांव निवासी दिनेश यादव उर्फ शिवम व रजनीश तथा इसी थाना के स्टेशन रोड निवासी शमशेर से मिले।

# यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

## एचआर पीजी कॉलेज की ओर से आयोजित हुआ एनएसएस शिविर

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। एचआरपीजी कॉलेज खलीलाबाद में एनएसएस शिविर में मंगलवार को सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता के लिए रैली निकाली गई। रैली मड़या चौराहे तक गई। उसके बाद बौद्धिक सत्र का आयोजन हुआ। इस दौरान एनएसएस के उद्देश्य और यातायात नियमों की जानकारी दी गई।



एचआरपीजी कॉलेज के एनएसएस शिविर में यातायात जागरुकता गोष्ठी हुई।

मुख्य अतिथि व सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के एनएसएस के समन्वयक डॉ. पूर्णेश नारायण सिंह ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सेवा योजना के विविध पक्षों से अवगत कराया। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. धर्मदेव सिंह ने विद्यार्थियों को अनुशासन की शिक्षा देते हुए सांस्कृतिक गतिविधियों में शामिल होने का आह्वान किया।

विशिष्ट अतिथि इंस्पेक्टर विजय कुमार दुबे ने 21वीं सदी की पुलिस को कम्युनिटी पुलिस बताते हुए सड़क सुरक्षा के मानक सीट बेल्ट पहनने, नशे में गाड़ी न चलाने, हेलमेट पहनने आदि के बारे में जागरूक किया। कहा कि चोटिल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल पहुंचाने पर सहायता करने वाले से पुलिस पूछताछ नहीं कर सकती।

संचालन कार्यक्रम अधिकारी विनय कुमार सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन शशिकांत राव ने किया। इस अवसर पर सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार यादव, डॉ मनोज कुमार मिश्र, अनीश कुमार, अंबेश, सौरभ गुप्ता, ऋतिक पाठक आदि मौजूद थे।

# बच्चों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

संतकबीरनगर। स्कूली बच्चों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मंगलवार को राम अवध चिल्ड्रेन एकेडमी धनघटा में कार्यशाला आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देश पर यातायात प्रभारी परमहंस यादव की टीम ने विद्यालय के विद्यार्थियों को सड़क पर चलने के तौर-तरीकों के साथ ही सिग्नल का महत्व बताया। यातायात प्रभारी ने सड़क पर हो रही दुर्घटनाओं की रोकथाम करने, दो पहिया वाहन चलाते समय तीन सवारी न बैठाने, बिना नंबर प्लेट लगे वाहन न चलाने, नशा करके गाड़ी न चलाने, वाहन को अधिक गति से न चलाने की अपील की। इस अवसर पर मुख्य आरक्षी रामकरन गुप्ता, संदीप सिंह, प्रमोद साहनी एवं स्कूल के प्रबंधक और सभी शिक्षक उपस्थित रहे। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-03-2023

मंडलीय समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ने उद्योगों की स्थापना के लिए लैंड बैंक तैयार करने को दिए निर्देश

# शहर में रिंग रोड को जल्द मिलेगी मंजूरी: योगी

**दौरा**

गोण्डा, प्रमुख संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विकास भवन सभागार में देवीपाटन मंडल के विकास कार्यों व कानून व्यवस्था की समीक्षा की। इसमें मंडलीय अधिकारी और जिले के जनप्रतिनिधि शामिल हुए। श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर के अफसरों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में हिस्सा लिया। बैठक के बाद सीएम ने शहर के रिंग रोड को मंजूरी दिए जाने की घोषणा की। उन्होंने इसके लिए संबंधित अफसरों को दिशा-निर्देश दिए हैं।

**भूमि से अवैध कब्जे हटवाएं:** मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि भू माफिया और ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे को हटाकर उसे इंडस्ट्री के लिए उपलब्ध कराएं। अधिकारियों से कहा कि निर्माण कार्य बजट के अभाव में रुके हैं, उनके विषय में मुख्य सचिव को जानकारी दें। जल्द से जल्द बजट आवंटित कराकर निर्माण कार्य को समय से पूरा किया जाए।

सीएम ने जल जीवन मिशन के तहत हर घर को जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही इस योजना में अनुसूचित जाति व जनजाति की बस्तियों को विशेष प्राथमिकता दी जाये। सभी डीएम, एसपी व अन्य अफसरों से रोजाना जनसमस्याएं सुनकर उनका निराकरण करने को कहा। समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल ने बताया कि मंडल में 50 करोड़ से अधिक लागत की कुल 10 सड़कें बनाई जा रही हैं। इनमें छह पूरी कर ली गई हैं। वहीं दूसरी ओर सीएम योगी ने राजकीय मेडिकल कॉलेज गोण्डा व बहराइच, बलरामपुर पालिका का सीवरेज सिस्टम, अटल आवासीय विद्यालय गोंडा, सहित अन्य निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अफसरों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को गोंडा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया।

## मुख्यमंत्री योगी सड़क मार्ग से बलरामपुर गए

गोंडा/मेहनौन। सूबे के सीएम योगी आदित्यनाथ मंगलवार को जिले में एक दिवसीय दौरे पर थे। यहां समीक्षा के बाद मौसम अचानक खराब हो गया। इस वजह से सीएम सड़क मार्ग से बलरामपुर के लिए निकले। सीएम का तुलसीपुर में रात्रि प्रवास का कार्यक्रम है। सीएम के लिए बलरामपुर हाईवे को पूरी तरह से खाली करा लिया।

## निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण

गोण्डा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस के सामने निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणाधीन भवन के कार्यों का जायजा लेने के साथ ही डीएम डॉ. उज्वल कुमार से प्रगति भी पूछी। सीएम ने जिला अस्पताल परिसर में चल रहे निर्माण के बारे में जानकारी ली।

## विकास भवन पार्क तक ही रही मीडिया की पहुंच

गोण्डा। सीएम के दौरे के दौरान मीडिया कवरेज के लिए पत्रकारों को सिर्फ विकास भवन पार्क तक ही जाने की इजाजत दी गई थी। वैसे मीडिया कवरेज के लिए मीडिया कर्मियों को प्रशासन की ओर से पास मुहैया जरूर कराए गए थे, इसके बावजूद भी विकास भवन जाने तक पत्रकारों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।

## महिला अपराधों पर जरूर कसें नकेल

सीएम ने महिला संबंधी अपराधों पर लगाम कसने के निर्देश दिए। साथ ही सीसीटीवी कैमरे लगाकर अपराध रोकने की हिदायत दी। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधायक बावन सिंह, प्रेम नारायण पांडेय, विनय कुमार द्विवेदी, प्रभात वर्मा, प्रतीक भूषण सिंह व अजय सिंह, एमएलसी अवधेश कुमार सिंह आदि मौजूद थे।



मंगलवार को विकास भवन सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक करते प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

## जनप्रतिनिधियों की मांग पर सीएम ने हामी भरी

■ प्रदीप तिवारी

गोण्डा। विकास भवन सभागार में हुई समीक्षा बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्र के मुद्दे प्रमुखता से उठाए। इस पर सीएम योगी ने काफी हद तक सहमित जताई

करनैलगंज से भाजपा विधायक अजय सिंह ने लखनऊ हाईवे पर सरयू नदी के पुल का मुद्दा बैठक में उठाया। वहीं कटराबाजार से भाजपा विधायक बावन सिंह ने सरयू नहर परियोजना के अधूरे हिस्से को जल्द पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने रिंग रोड का मुद्दा भी उठाया। गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने गौराचौकी थाने के लिए बजट के साथ घारीघाट में बिसुही नदी पर पुल बनाने की मांग की। साथ ही स्वामी नारायण छपिया मंदिर के लिए बिजलीघर बनाने का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने वनटांगिया ग्राम मनीपुर ग्रंट को पक्के मार्ग से जोड़ने के साथ दो ओडीआर सड़कें बनवाने की मांग की।

सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने लखनऊ रोड से अयोध्या रोड और अयोध्या रोड से बलरामपुर रोड को जोड़ने वाले बाईपास मार्ग बनाने की बात रखी। प्रतीक भूषण ने शहर को जलभराव से निजात दिलाने की मांग की। इस पर मुख्यमंत्री ने कार्ययोजना को मंजूरी देने का आश्वासन दिया और जिलाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

तरबगंज से भाजपा विधायक प्रेम नरायन पाण्डेय ने टेढ़ी नदी की सफाई और खुदाई कराने की मांग रखी। साथ ही करनैलगंज से दुर्जनपुर तक बंधे का चौड़ीकरण और उच्चीकरण की बात कही। एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह तरबगंज तहसील को बाढ़ से बचाने के लिए अयोध्या में बन रहे डैम की लंबाई ऐली तक बढ़ाने की मांग की है।

## डंडा लिए छुट्टा जानवर खदेड़ते दिखे कर्मचारी, भरे गए गड्ढे, होती रही पुताई

गोण्डा, संवाददाता। सीएम दौरे के दौरान छुट्टा जानवर को लेकर प्रशासन हलकान नजर आया। सीएम के जाने वाले रूट पर कर्मचारी डंडे लिए जानवरों को खदेड़ते नजर आए। रूट पर हर पचास मीटर पर कर्मचारी डंडा लिए मुस्तैद नजर आए। ज्यादातर नगर पालिका के ही कर्मचारियों को इसमें लगाया गया था। नगर पालिका समेत होमगार्ड व पुलिस के भी जवानों को सड़क पर जानवर न आने देने की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर सड़कों पर गड्ढे भरे गए और जगह-जगह पुताई होती रही।

## सीएम के पहुंचने के एक घंटे पहले बंद कराई दुकानें, कड़ा पहरा रहा

गोण्डा, संवाददाता। मुख्यमंत्री के आने के एक घंटे पहले ही प्रशासन उस रूट की दुकानों को बंद करा दिया था। सीएम को पुलिस लाइन परेड ग्राउंड हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद बाई रोड अम्बेडकर चौराहा से पीडब्ल्यूडी आफिस के होते हुए विकास भवन पहुंचना था। इसलिए प्रशासन ने सीएम के आने से पहले इस रूट पर पड़ने वाली सभी दुकानें, माल आदि को बंद करवा दिया था जिससे लोगों की सड़क पर भीड़ न जुटने पाए। फुटपाथ की दुकानों को भी पहले से हटवा दिया था। सीएम के दौरे के दौरान पूरी सड़क एक दम से साफ नजर आ रही थी।सीएम के दौरे के दौरान सारी व्यवस्था चाक-चौबंद करने की कोशिश पहुंचने के चंद मिनट पहले तक होती रही। नगर पालिका के कर्मचारी पहुंच के पहले तक सड़क पर चूना छिड़कते-कूड़ा उठाते नजर आए।

# रंजिश में बाइक मैकेनिक को पीटने में मुकदमा

मनकापुर। ग्राम मनकापुर पीलखाना मजरा कटईया निवासी अर्जुन यादव पुत्र जुगनू यादव ने मंगलवार को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वह बल्लीपुर बाजार में बाइक की मरम्मत करता है। सोमवार को दिन में दुकान से घर आ रहा था। रास्ते मे अवरवा गांव के पास पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी अमन, शिवा, देवा निवासी ग्राम अवरवा ने उसे पीट दिया। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा। कोतवाली नगर पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान आरोपी सुभाष वर्मा को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध कोतवाली नगर में आर्म्स ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही है।

# बंधक भूमि को बेचने पर मैनेजर की तहरीर पर केस

तरबगंज। तरबगंज पुलिस ने कोट के आदेश पर भूमि जालसाजी का मुकदमा दर्ज किया है। भारतीय स्टेट बैंक की बेलसर शाखा प्रबंधक विशाल अग्रवाल ने कोर्ट में शिकायत किया था कि संतोष मौर्या निवासी आदमपुर बेलसर ने ब्रांच से भूमि पर लोन लिया था। किंतु बंधक भूमि को उसने दो बार मे बेंच दिया। जग प्रसाद सिंह व स्वाती शुक्ला निवासी जफरापुर बैनामादार हैं। एसओ मनोज पाठक ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है जांच की जा रही है।

# बहन के लड़के पर हमले का आरोप

धानेपुर। थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेतवागाड़ा के मजरा पच्छू पुरवा की रहने वाली महिला कलावती पत्नी जियालाल के मुताबिक बीते सात मार्च को उसकी बहन का लड़का शिवम उसके यहां आया था। उसके देवर के लड़के व देवर ने मिलकर बहन के लड़के को मारा पीटा और उसकी बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। आरोप लगाया है कि बीते 19 मार्च की रात को नशे में धुत होकर विपक्षी फिर आये और पीटने लगे। पुलिस महिला की शिकायत पर जांच कर रही है।

# पशुओं से भरा ट्रक पकड़ा, तीन गिरफ्तार

**सख्ती**

उमरी बेगमगंज। मंगलवार को पुलिस ने अवैध रूप से ट्रक में प्रतिबंधित पशुओं को ले जा रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर 15 पशुओं को मुक्त कराया और उन्हें डिक्सिर गोशाला में छोड़ा गया। आरोपियों के पास चाकू तथा एक अदद तमंचा सहित कारतूस बरामद किया है। सभी आरोपी ट्रक के पीछे एक मारुति कार से थे जिन्हें पीछा कर धर दबोचने में पुलिस टीम कामयाब रही। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि गश्त के दौरान सूचना मिली कि गढ़ी ग्राम सभा के समधी पुरवा में एक ट्रक गोवंश भर के ले जाए जा रहे हैं।

पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर ट्रक की जांच की तो उसमें प्रतिबंधित पशु भरे मिले। इस मामले में गिरफ्त में आए तीनों आरोपियों से उनके बारे में पूछताछ की तो मवेशियों को खरीदकर उन्हें स्लाटर हाउस ले जाने की बात कही। इस संबंध में कागजात मांगे तो उनके पास नहीं मिले। इस पर पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया और उसमें भरे हुए पशुओं को डिक्सिर गोशाला में छोड़ दिया गया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज करके आरोपी पप्पू उर्फ मकसूद पुत्र महमूद अल हसन उम्र करीब 28 वर्ष निवासी ग्राम दूल्हापार थाना धनघटा जनपद संतकबीर नगर, सलमान पुत्र जुम्मन उम्र करीब 24 वर्ष निवासी ग्राम दिलावर गढ़ थाना शिवरतनगंज जनपद अमेठी व अशरफ पुत्र इलियास उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम सीतापुर थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष संजीव वर्मा, सहित उपनिरीक्षक जयनाथ पंडित समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट, मुकदमा

**संसू, मनकापुर (गोंडा)** : जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। एक पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने मार-पीट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा किया गया है।

ग्राम अंधियारी मजरे दौलतियापुर के राकेश वर्मा ने कहा कि गत सोमवार की शाम जमीन विवाद को लेकर ज्ञानीपुर राम प्रसाद के रहने वाले अजय वर्मा, तिलकराम, झिन्ने भारती, विन्ने वर्मा, मोनू वर्मा व विनय वर्मा ने अभद्रता की।

दी गई तहरीर में कहा कि विपक्षियों ने उसे व उसके भाई रामपति वर्मा, सुरेश वर्मा की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी। इसमें वह सब चोटिल हो गए।

विपक्षियों ने टिनशेड को भी क्षतिग्रस्त कर दिया है। जान से मारने की धमकी भी दी है।

# सड़क हादसे में गोंडा निवासी सिपाही जख्मी

● ट्रैफिक पुलिस में तैनात सिपाही संजय यादव चिनहट तिराहे पर ड्यूटी कर रहे थे। इस बीच तेज रफ्तार स्कार्पियो की टक्कर से संजय यादव घायल हो गए। हादसे के बाद स्कार्पियो लेकर भाग रहे चालक को चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मियों ने दबोच लिया। सिपाही के घायल होने की सूचना पर एडीसीपी ट्रैफिक अजय कुमार पटेल ने हाल लिया। इंस्पेक्टर चिनहट ने बताया कि संजय की तहरीर पर चालक पर मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। (जासं, लखनऊ )

# गोवंश से लदा ट्रक पकड़ा

**उमरी बेगमगंज (गोंडा)।** पुलिस ने गढ़ी समधी पुरवा के पास सोमवार की देर रात गोवंशों से लगे एक ट्रक को पकड़ा है। पुलिस ने तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। ट्रक पर 15 गोवंश लदे मिले हैं। जबकि उनके पांच साथी फरार हो गए। थानाध्यक्ष संजीव वर्मा ने बताया कि सोमवार रात क्षेत्र भ्रमण पर निकले थे। थाना क्षेत्र के गढ़ी समधी पुरवा गांव के पास ट्रक को रोका तो वह लोग कूदकर भागने लगे। मगर दौड़ाकर तीन लोगों को पकड़ लिया गया। पकड़े गए आरोपियों के पास से तमंचा, कारतूस व चाकू बरामद हुआ है। आठ लोगों के खिलाफ गोवध निवारण अधिनियम, पशु क्रूरता निवारण अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। संवाद

# चोरों के निशाने पर परिषदीय स्कूल

**संसू, झझरी (गोंडा)** : चोर परिषदीय स्कूलों को निशाना बना रहे हैं। विद्यालय के कमरों का ताला तोड़कर हैंडपंप, बर्तन, मोटर व अन्य सामान चोरी हो रहे हैं। अध्यापक तहरीर देते हैं, लेकिन पुलिस मुकदमा नहीं करती है। इससे चोरी पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

कंपोजिट विद्यालय पिपरा भिटौरा में रविवार की रात को चौथी बार चोरी हुई है। प्रधानाध्यापक सुषमा रानी ने कहा कि चोरों ने चार कमरे का ताला तोड़ा। दो कमरे से मोटर, भगोना, गैस सिलिंडर, चूल्हा व खाद्य सामग्री चुरा ले गए। इससे पहले भी चोर इन्हीं सामान को चुरा ले गए थे। छात्राओं की सिलाई मशीन, साइकिल भी चोर उठा ले गए थे। प्रधानाध्यापक का आरोप है कि तहरीर दिया था, लेकिन पुलिस ने मुकदमा नहीं किया।

इससे पहले मोतीगंज के बेलावां, कपिसा, बेसहूपुर, दिनारा, घरवाहजोत, किनकी व गड़वलिया सहित 20 से अधिक स्कूलों में चोरी हो चुकी है। इनमें भी मुकदमा नहीं किया गया है।

बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने कहा कि एसपी को पत्र लिखकर स्थिति से अवगत कराया जा रहा है।

**साइकिल चोर पकड़ा** : बेलसर प्रतिनिधि के अनुसार सीएचसी मे इलाज कराने के लिए आ रहे लोग लगातार हो रही साइकिल चोरी से परेशान थे। मंगलवार को चोर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

# दुष्कर्म में एक को आजीवन कारावास

**संसू, गोंडा** : बालिका के साथ दुष्कर्म करने के मामले में विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट चन्द्र मोहन चतुर्वेदी ने अशोक कुमार को आजीवन सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 20 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है। विशेष अभियोजक सुनील कुमार मिश्र व अशोक कुमार सिंह के मुताबिक 30 जनवरी 2021 को वादी ने मुकदमा दर्ज कराया। वादी ने कहा कि उसके घर के सामने मांगलिक कार्यक्रम था।

आरोपित उसकी बेटी को बिस्किट देने के बहाने बुला ले गया। उसकी बेटी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया।

उधर हत्या के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ अनामिका चौहान ने रामू मिश्र, श्यामू ,कमलाकांत व सूर्यकांत निवासीगण बोड़िहनपुरवा मोहम्मदपुर गढ़वार थाना कर्नलगंज को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही प्रत्येक को 50-50 हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी घनश्याम पांडेय ने बताया कि बौड़िहनपुरवा के इकबाल बहादुर ने मुकदमा लिखाया था। कहा था कि गेहूं की कटाई को लेकर सात अप्रैल 2010 की शाम सात बजे के करीब आरोपितों ने धारदार हथियार से हमला कर दिया था। इसमें इलाज के दौरान उदयभान की मौत हो गई थी।

# पिछड़ेपन का मिटेगा दाग, तरक्की के ट्रैक पर दौड़ेगा देवीपाटन

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने **विकास कार्यक्रमों की नब्ज टटोली** भरोसे के साथ दिखाई खुशहाली की उम्मीद

वरुण यादव ● गोंडा

दोपहर के करीब डेढ़ बज रहे थे। आसमान में बादल छाए होने के साथ ही हल्की हवा चल रही थीं। मौसम को लेकर हर कोई चिंतित था। कोई दौरा टलने का अंदेशा जता रहा था तो कोई मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में बदलाव को लेकर चर्चा करता दिखा। थोड़ी देर बाद जैसे ही अफसरों की गाड़ियां हेलीपैड स्थल के लिए रवाना हुईं, पुलिस कर्मी सतर्क हो गए। निर्धारित समय दोपहर दो बजे मुख्यमंत्री विकास भवन पहुंच गए। मुख्यमंत्री ने किसान, नौजवान, महिलाओं की तरक्की का न सिर्फ भरोसा जताया बल्कि, शिक्षा, स्वास्थ्य, एयरपोर्ट से जुड़ी बड़ी परियोजनाओं को गिनाकर देवीपाटन मंडल के सिर पर लगा पिछड़नेपन का दाग मिटाकर तरक्की के ट्रैक पर दौड़ने का दावा किया। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में ये मंडल सबसे अग्रणी होगा। सवा दो घंटे की मीटिंग में उन्होंने न सिर्फ विकास कार्यक्रमों की नब्ज टटोली बल्कि, जनप्रतिनिधियों से भी फीडबैक लिया। मुख्यमंत्री मौसम खराब होने के कारण करीब तीन घंटे जिले में रहे। जबकि, निर्धारित कार्यक्रम सिर्फ ढाई घंटे का था।

### सूचना विभाग का बनेगा दफ्तर

पत्रकारों की मांग पर मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर सूचना विभाग के कार्यालय निर्माण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि आपकी ये मांग जरूर पूरी होगी। मुख्यमंत्री ने चुटकी लेते हुए कहा कि आपके भय से मौसम भी डर गया।

### मीटिंग में वर्चुअल रूप से जुड़े तीन जिले के अफसर

मंडलीय समीक्षा के बैठक में बहराइच, बलरामपुर व श्रावस्ती जिले के अधिकारियों ने वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया। सीएम ने जिलेवार बड़ी परियोजनाओं का फीडबैक लेने के साथ ही समय से पूरा कराने का निर्देश दिया।



पुलिस लाइन हेलीपैड पर सीएम योगी आदित्यनाथ को सलामी देते डीआईजी एपी सिंह ● जागरण



विकास भवन सभागार मे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बैठक मे मौजूद जनप्रतिनिधि ● जागरण

### कब मुख्यमंत्री ने क्या किया

1.50 बजे : पुलिस लाइन हेलीपैड स्थल पर पहुंचे

1.52 बजे : मंडलायुक्त व डीआइजी ने स्वागत किया

2.00 बजे : विकास भवन परिसर पहुंचे

2.05 बजे : विकास भवन सभागार में मीटिंग शुरू

4.10 बजे : समीक्षा बैठक समाप्त

4.12 बजे : मीडिया ब्रीफिंग शुरू

4.16 बजे : मीडिया ब्रीफिंग खत्म

4.20 बजे : मेडिकल कालेज का निरीक्षण

4.30 बजे : सड़क मार्ग से बलरामपुर के लिए रवाना

### आठ बिंदुओं पर सीएम योगी ने की समीक्षा

- कानून व्यवस्था
- 50 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाएं
- गन्ना मूल्य भुगतान की स्थिति
- जल जीवन मिशन
- ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में मिले निवेश के प्रस्ताव
- गो-आश्रय केंद्रों की स्थिति
- स्वास्थ्य विभाग
- गेहूं खरीद की तैयारी

### इनकी रही मौजूदगी

जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह, विधायक बावन सिंह, प्रेमनरायन पांडेय, प्रभात कुमार वर्मा, अजय कुमार सिंह, विनय कुमार द्विवेदी, प्रतीक भूषण सिंह, मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल, डीआइजी एपी सिंह, डीएम डा. उज्ज्वल कुमार, एसपी आकाश तोमर, संयुक्त विकास आयुक्त प्रदीप कुमार यादव, सीडीओ एम. अरून्मोली, मुख्य राजस्व अधिकारी जयनाथ यादव, एडीएम सुरेश कुमार सोनी उपस्थित रहे।

### पहले सीडीओ बन बदली तस्वीर, अब विशेष सचिव बन कराई समीक्षा

इसे इत्तेफाक कहें या फिर दायित्व का निर्वहन। जिले में ढाई साल तक सीडीओ की जिम्मेदारी संभालने वाले शशांक त्रिपाठी अब विशेष सचिव मुख्यमंत्री का दायित्व संभाल रहे हैं। तबादले के बाद मंगलवार को वह पहली बार विकास भवन पहुंचे। जिस मीटिंग हाल व पार्क का उन्होंने सुंदरीकरण कराया था, वहीं समीक्षा बैठक के साथ ही मीडिया की ब्रीफिंग हुई। मुख्यमंत्री के साथ वह करीब तीन घंटे तक जिले में रहे। मीटिंग के समय वह न सिर्फ फाइलें संभाल रहे थे बल्कि, प्रगति से रुबरु कराते दिखे।

## भूमाफिया से जमीन खाली कराकर प्रशासन बनवाएगा भूमि बैंक

रवि मिश्र ● गोंडा

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दिए निर्देश, फोरलेन से जल्द जुड़ेंगे मेडिकल कालेज और विश्वविद्यालय**

अभिलेखों की हेराफेरी करके जमीन हड़पने के मामले में भूमाफिया के खिलाफ हुई कार्रवाई पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संतोष जताया है। उन्होंने हड़पी गई जमीन को खाली कराकर लैंड बैंक बनाने का आदेश दिया है। भूमि की उपलब्धता का उपयोग विभिन्न परियोजनाओं के निर्माण में किया जाएगा। आयुक्त देवीपाटन मंडल एमपी अग्रवाल ने भूमाफिया के खिलाफ चल रही कार्रवाई की मुख्यमंत्री को विस्तृत जानकारी दी।

जनप्रतिनिधियों ने एसआइटी की जांच व कार्रवाई का समर्थन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेडिकल कालेज व विश्वविद्यालय को फोरलेन से जोड़ा जाएगा। इसके लिए प्रताव मांगा गया है। बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अब प्रत्येक स्वास्थ्य केंद्र पर हेल्थ एटीएम की स्थापना कराई जाएगी। आयुष्मान भारत योजना के तहत गोल्डन कार्ड निर्माण व वितरण की प्रगति सुधारने के निर्देश दिए गए।

### मुख्यमंत्री से किसने क्या मांगा

गौरा विधायक प्रभात कुमार वर्मा ने घारीघाट पर पुल निर्माण, रेनुआ-दौलतपुरग्रंट अल्लीपुर मार्ग व छपिया-बखरौली मार्ग का चौड़ीकरण व उच्चीकरण, बनटांगिया ग्राम मनीपुर में सड़क, छपिया मंदिर में 33/11 बिजली उपकेंद्र का निर्माण, महुआपाकड़ में गौराचौकी थाना निर्माण के लिए बजट आवंटित करने की मांग की। तरबगंज विधायक प्रेमनरायन पांडेय ने महर्षि पतंजलि की जन्मभूमि व कोड़र झील का विकास, परसपुर-धौरहरा बांध सड़क का चौड़ीकरण, टेढ़ी नदी की सफाई व खोदाई कराने का अनुरोध किया।

एमएलसी अवधेश कुमार उर्फ मंजू सिंह ने ऐलीपरसौली से लोलपुर तक तटबंध का निर्माण व ढेमवाघाट एप्रोच ठीक कराने की मांग की। कर्नलगंज विधायक अजय कुमार सिंह ने सरयू पुल का निर्माण व रेलवे क्रासिंग पर ओवरब्रिज निर्माण कराने का अनुरोध किया। सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने बाइपास व सीवर लाइन निर्माण की मांग उठाई। मेहनौन विधायक ने गन्ना समिति कार्यालय की स्थापना व सड़क निर्माण की मांग की। कटराबाजार विधायक बावन सिंह ने भी मंदिर परिसर में सीढ़ी व सड़क निर्माण कराने की मांग की।

# नेपाल सीमा से जुड़े जिलों में बरतें सावधानी

**संसू, गोंडा :** कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने सीसी कैमरे लगाकर अपराध पर नियंत्रण व अपराधियों को गिरफ्तार करने, नेपाल सीमा से जुड़े जिलों में सतर्कता बरतने व महिला संबंधी अपराधों को रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डीएम व एसपी सीमा पर भ्रमण करते रहें। मंडल में अधूरी परियोजनाओं को पूरा करने के साथ ही बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान कराने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने बताया कि मंडल में 559 निवेश के करार हुए हैं। 11319.22 करोड़ रुपये के निवेश से 1.07 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों की समस्याओं का समाधान कराने के साथ ही सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक संचारी रोग नियंत्रण व 17 से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान से जनप्रतिनिधियों को जोड़ा जाए। बजट आवंटन के लिए मुख्य सचिव को पत्र भेजने के निर्देश दिए गए। जल जीवन मिशन के तहत जलनिगम को कार्य समाप्त होने के बाद गड्ढा ठीक कराने के साथ ही निर्माण परियोजनाओं के गुणवत्ता की जांच कराने के निर्देश दिए गए। पेयजल के तहत अनुसूचित जाति एवं जनजाति की बस्तियों को विशेष प्राथमिकता मिलेगी।



विकास भवन सभागार में मुख्यमंत्री की बैठक में मौजूद अधिकारी ●जागरण

डीएम व एसपी को प्रतिदिन जन सुनवाई करने के निर्देश दिए गए। सदर विधायक ने मुख्यमंत्री से गोरखपुर की तरह गोंडा नगर को सेफ सिटी बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इससे पूरेनगर को सीसी कैमरे से आच्छादित किया जाएगा।

नगर के व्यापारियों को अपने प्रतिष्ठान पर सीसी कैमरा लगवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके अलावा अलग-अलग चरण में गोंडा-अयोध्या मार्ग व गोंडा-बलरामपुर मार्ग पर बाइपास निर्माण की भी मांग की गई है। कहा गया यह बेहद जरूरी है।

# जमीन के फर्जीवाड़े में दो गैंगस्टर गिरफ्तार

कटरा बाजार (गोंडा)। पुलिस ने जमीन फर्जीवाड़े के आरोपी दो गैंगस्टर को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कटरा बाजार मनोज कुमार राय ने बताया कि सेल्हरी मुराइनपुरवा पूर्वी निवासी गंगाराम व यहीं के रहने वाले शिवनाथ को गिरफ्तार किया गया है। दोनों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। (संवाद)

# दुष्कर्म, पॉक्सो एक्ट में दोषी को उम्रकैद

गोंडा। छह साल की बच्ची से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में कोर्ट ने आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास और 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पॉक्सो एक्ट के विशेष लोक अभियोजक अशोक कुमार सिंह व सुनील कुमार मिश्र ने बताया कि पिता ने थाना कौड़िया में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि 30 जनवरी 2021 को साढ़े 10 बजे रात उसकी छह साल की बेटी को बिस्कुट देने के बहाने मौजूद अशोक बुलाकर तालाब की ओर ले गया और दुष्कर्म किया। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट चंद्र मोहन चतुर्वेदी ने आरोपी अशोक कुमार को बालिका से दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के अपराध में उम्र कैद की सजा सुनाई। संवाद

# हरीराम वर्मा की गिरफ्तारी पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## नवीन परती की सरकारी भूमि को कूटरचित तरीके से खरीदने का है आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। हाईकोर्ट ने सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम त्रिभुवननगर ग्रंट में नवीन परती के रूप में दर्ज सरकारी भूमि को कूटरचित तरीके से हड़पने के मामले में आरोपी और भट्ठा व्यवसायी हरीराम उर्फ हरीराम वर्मा की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। एसडीएम के आदेश पर तीन मार्च 2023 को लेखपाल जयप्रकाश शर्मा की ओर से धानेपुर थाने में दर्ज कराए केस में राम गोपाल, चेतराम व हरीराम वर्मा को आरोपी बनाया गया है।

आरोपी हरीराम वर्मा ने गिरफ्तारी पर रोक और एफआईआर रद्द करने को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ में याचिका दाखिल की थी। हाईकोर्ट में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता शेषराम वर्मा व अनिल सिंह ने बहस की। सोमवार को सुनवाई के बाद जस्टिस नरेंद्र कुमार जौहरी और जस्टिस रमेश सिन्हा की डिवीजन बेंच ने सक्षम न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल होने तक गिरफ्तारी पर रोक का आदेश दिया है। कोर्ट ने प्रदेश सरकार को नोटिस भी जारी किया है।

**ये है मामला :** राजापुर रेतवागाड़ा निवासी हरीराम वर्मा पर आरोप है कि उन्होंने ग्राम त्रिभुवननगर ग्रंट निवासी राम गोपाल और चेतराम के साथ मिलकर गांव की नवीन परती सरकारी भूमि को फर्जी व कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैनामा करा लिया और सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान किया।

# छेड़छाड़ मामले में केस दर्ज

**मनकापुर(गोंडा)।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग बेटी को गांव का एक युवक गलत नीयत से पकड़कर गन्ने के खेत की ओर से खींच रहा था। शोर मचाने पर युवक भाग निकला। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर युवक की तलाश की जा रही है। संवाद

# मारपीट मामले में आठ के खिलाफ एफआईआर

मनकापुर(गोंडा)। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर मारपीट के मामले में आठ लोगों पर केस दर्ज किया गया है। मनकापुर पीलखाना के कटईया निवासी अर्जुन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए कहा कि बल्लीपुर बाजार में मोटरसाइकिल रिपेयरिंग की दुकान करता है। बीते सोमवार को अवरवा निवासी अमन, शिवा, देवा ने उसके साथ मारपीट किया। दूसरी ओर अंधियारी निवासी राकेश वर्मा तहरीर देकर बताया कि जमीन विवाद को लेकर अजय वर्मा, तिलकराम वर्मा, झिंने भारती, विनय वर्मा, मोनू वर्मा ने उसके साथ अभद्रता करते हुए मारपीट किया। बीच-बचाव करने आए भाई रामपति वर्मा व सुरेश वर्मा को भी मारा पीटा तथा टिनशेड तोड़ दिया। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि दोनों मामले में आठ लोगों पर रिपोर्ट दर्ज किया गया है। संवाद

# फर्जी वसीयत की रजिस्ट्री के आरोपी की अर्जी खारिज

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। जालसाजी कर फर्जी वसीयतनामा पंजीकृत कराने मामले में कोर्ट ने आरोपी की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज कर दी। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी बसंत कुमार शुक्ला व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता धनलाल तिवारी ने जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मंजूलता त्रिपाठी निवासी सकाशीपुर थाना राजेसुल्तानपुर अंबेडकरनगर ने अजीत तिवारी उर्फ अजीत त्रिपाठी निवासी सकाशीपुर नरवा पितंबरपुर अंबेडकरनगर व तीन अन्य पर फर्जी वसीयतनामा पंजीकृत कराने का आरोप लगाते हुए तरबगंज थाने में 14 सितंबर 2011 को धोखाधड़ी और जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने साल 2012 में न्यायालय के समक्ष आरोप पत्र प्रस्तुत किया। साल 2013 में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक के आदेश पर तरबगंज पुलिस ने अग्रिम विवेचना शुरू की।

नौ साल बाद भी पुलिस विवेचना पूरी नहीं कर पाई तो बीते जनवरी में तत्कालीन अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम विश्वजीत सिंह ने अभियुक्तों के खिलाफ गैरजमानतीय वारंट जारी कर थानाध्यक्ष तरबगंज को अदालत में व्यक्तिगत रूप से हाजिर होकर तीन दिन में आख्या प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

## कोर्ट की सख्ती से नौ साल बाद आरोप पत्र दाखिल

### जालसाजी कर बेची जमीन

तरबगंज (गोंडा)। स्टेट बैंक की शाखा बेलसर में गिरवी रखी जमीन को बेचने के मामले में अदालत के आदेश पर थाना तरबगंज में दो महिलाओं समेत चार लोगों के खिलाफ जालसाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। बैंक प्रबंधक विशाल अग्रवाल ने अदालत के आदेश पर दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि आदमपुर बेलसर निवासी संतोष कुमार मौर्य ने 9 फरवरी 2015 को स्टेट बैंक की शाखा बेलसर से दो खातों कैश क्रेडिट खाता व टर्म लोन खाता के माध्यम से 11 लाख रुपये कर्ज लिया था। कर्ज के बदले अपने तीन गाटे की जमीन को बैंक के पक्ष में बंधक रखा था। दो गाटे की कीमती जमीन को सितंबर 2020 में दो बार में जग प्रसाद सिंह निवासी लिलोई खुर्द बेलसर व तारावती पत्नी उदयदत्त शुक्ला निवासी जफरापुर उमरी बेगमगंज को वर्गफुट में बेच दी। संवाद

न्यायालय की सख्ती से पुलिस हरकत में आई और विवेचना पूर्ण कर अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ब्रजेंद्र मणि त्रिपाठी ने आरोपी अजीत तिवारी उर्फ अजीत त्रिपाठी का अग्रिम जमानत प्रार्थनापत्र निरस्त कर दिया है।

# चार हत्या आरोपियों को उम्रकैद, दो को 10 साल की सजा

## अपर जिला जज की अदालत ने सुनाया फैसला

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। कोर्ट ने मारपीट, हत्या और जानलेवा हमले के 13 वर्ष पुराने मामले में चार अभियुक्तों को सश्रम आजीवन कारावास और 68 हजार रुपये अर्थदंड व दो आरोपी अभियुक्तों को 10 साल सश्रम कारावास और 13 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) घनश्याम पांडेय ने बताया कि जिले के करनैलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बौड़िहनपुरवा मौजा मोहम्मदपुर गढ़वार निवासी इकबाल बहादुर ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर कहा कि गांव के ही रामू मिश्रा आदि से उसका जमीन का मुकदमा चल रहा है। सात अप्रैल 2010 को शाम सात बजे गेहूं काटने के लिए मजदूर कहने जा रहा था तो उसकी हत्या के उद्देश्य से गाड़ा बंदी किए रामू मिश्रा, श्यामू, सूर्यकांत व कमलाकांत, सूर्यमणि व अश्वनी कुमार ने हमला कर दिया। रामू मिश्रा ने गोली मार दी। शोर पर बचाने आए सर्वेश को सूर्यकांत और अवधराज को श्यामू ने गोली मार दी।

रामू, श्यामू, सूर्यकांत व कमलाकांत ने फरसे व लाठी से पीटकर उदयभान को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। वादी की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर विवेचना की और हत्या व जानलेवा हमले का पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने वादी समेत 10 गवाहों के बयान, अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष की दलील के आधार पर आरोपी अभियुक्त रामू मिश्रा, श्यामू, सूर्यकांत व कमलाकांत को हत्या व जानलेवा हमला तथा सूर्यमणि व अश्वनी कुमार को जानलेवा हमले का दोषी ठहराया।

मंगलवार को अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-चतुर्थ डॉ. अनामिका चौहान ने अभियुक्त रामू मिश्रा, श्यामू, सूर्यकांत व कमलाकांत को हत्या व जानलेवा हमला के अपराध में सश्रम आजीवन कारावास व 68-68 हजार रुपये अर्थदंड और सूर्यमणि व अश्वनी कुमार को जानलेवा हमला के अपराध में 10 साल सश्रम कारावास व 13-13 हजार अर्थदंड से दंडित किया।

# दहेज हत्या में ससुर को आजीवन कारावास

## सास को भी सात वर्ष की जेल, दोनों पर 30-30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। दहेज हत्या के मामले में मंगलवार को न्यायालय ने ससुर को आजीवन कारावास व सास को सात साल कैद की सजा सुनाई है। दोनों पर 30-30 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। पति के नाबालिग घोषित होने के कारण उसकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड को भेजी गई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि ललिया के ग्राम नंदनगर की रहने वाली कोमल की शादी 15 फरवरी 2016 को इसी थाना क्षेत्र के मेड़ई डीह गांव निवासी एक किशोर से हुई थी। कोमल के पिता रक्षाराम ने 20 दिसंबर 2017 को थाने में तहरीर दी। इसमें आरोप लगाया था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर 18 दिसंबर 2017 को सास मुन्नी देवी, ससुर राधेश्याम व पति ने कोमल की हत्या कर दी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना की और प्रथम दृष्टया तीनों को दहेज हत्या का दोषी मानते हुए न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

पति की उम्र 16 वर्ष से कम होने के कारण उसे किशोर घोषित करते हुए पत्रावली परीक्षण के लिए किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई। सरकारी अधिवक्ता ने आठ गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश लल्लू सिंह ने दोनों को दहेज हत्या का दोषी करार दिया। जिला जज ने ससुर राधेश्याम को आजीवन कारावास व सास मुन्नी देवी को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 30-30 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# बीस जून तक तैयार करें मेडिकल कॉलेज : सीएम

## तीन शिफ्ट में तेजी से काम पूरा कराने का दिया निर्देश, निरीक्षण पूरा होने के बाद पहुंचीं सीएमओ

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सर्किट हाउस के सामने बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिए। कहा कि 20 जून तक हर हाल में मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा कर हैंडओवर किया जाए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने ने सीएम को कदम-दर-कदम जानकारी दी।

समीक्षा बैठक समाप्त होते ही सीडीओ एम. अरुण्मोली मेडिकल कॉलेज रवाना हो गईं और निरीक्षण का मोर्चा संभाला। वहां प्राचार्य और निर्माण प्रमुख ने सीएम का स्वागत किया। करीब 40 मिनट देरी से निरीक्षण स्थल पर सीएम पहुंचे। मंडलीय समीक्षा बैठक के दौरान वीडियो कान्फ्रेंसिंग में प्रमुख तथ्यों पर अधिकारियों से सवाल किए।

निर्माण कार्य के प्रगति की जानकारी देने वाले इंजीनियर्स बाहर ही रह गए। एक इंजीनियर व दो सुपरवाइजरों को मुख्यमंत्री की सुरक्षा घेरे में लगे एनएसजी जवानों ने बाहर रोक लिया। बाद में सीएम के पूछने पर उन्हें सामने हाजिर किया गया। सीएम ने प्राचार्य और डीएम को तीन शिफ्ट में तेजी से काम कराने का निर्देश दिया। बोले कि नए सत्र में मेडिकल की पढ़ाई सुचारू रूप से चालू की जा सके। कहा कि मेडिकल कॉलेज में पढ़ाई शुरू होने के बाद डॉक्टरों की कमी दूर हो सकेगी। सीएम के निरीक्षण के दौरान सीएमओ डॉ. रश्मि वर्मा देरी से पहुंचीं।

### जनप्रतिनिधियों की मांग को भी दी हरी झंडी..

सीएम के दौरे पर जिले के विधायकों ने कई मांगें कीं। सीएम ने विभागों को निर्देश दिए कि मांगों का प्रस्ताव भेजें। कहा कि सभी को स्वीकृति मिलेगी। गौरा विधायक प्रभात वर्मा ने बायपास के साथ (रिंगरोड) के साथ 13 किमी लंबे बेलुआ- दौलतपुर मार्ग, बन टांगिया गांवों में सड़क निर्माण, छपिया मखौड़ी मार्ग, घाघरा पुल, करनैलगंज के सरयू पुल, बहरामपुर, कटरा शाहबाजपुर रेलवे ओवरब्रिज, स्वामी नारायण छपिया मंदिर में विद्युत उपकेंद्र समेत एक दर्जन प्रस्ताव शामिल हैं। विधायक प्रतीक भूषण सिंह ने रिंगरोड के साथ शहर को मॉडल सिटी मॉडल के रूप में सुनियोजित विकास करने की मांग की।

### शीघ्र पूरी हो जाएगी नियुक्ति प्रक्रिया

778 नियमित व 669 आउटसोर्सिंग के पदों पर जल्द नियुक्ति होगी। मेडिकल कॉलेज में नियमित तौर पर 112 पद प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर व रेजिडेंट आदि के तय हुए हैं। वहीं, 446 पद सीनियर रेजीडेंट, जूनियर रेजीडेंट व मेडिकल ऑफिसर और 110 पद चीफ फार्मासिस्ट, डेंटल टेक्नीशियन व फार्मासिस्ट के भरे जाएंगे। 110 पद गैर शैक्षणिक संवर्ग के तय हैं। मेडिकल कॉलेज में 778 नियमित पद सृजित किए गए हैं। जूनियर इंजीनियर व वेटनरी ऑफिसर के चार पद प्रतिनियुक्ति से भरे जाएंगे। वहीं आउटसोर्सिंग में डिप्टी लाइब्रेरियन, मेडिकल सोशल वर्कर, काउंसलर, कंप्यूटर ऑपरेटर व डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद शामिल हैं।

### विकास पर रहा जोर

सीएम सख्त तेवर और चेतावनी भरे अंदाज से इस बार अलग दिखे। विकास और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर पेश हुए रिपोर्ट से इस कदर खुश हुए कि किसी की बात को टाले ही नहीं। सीएम के दौरे पर सबके में रहने वाले जनप्रतिनिधि भी आत्मविश्वास से लबरेज दिखे। एक विधायक ने कहा कि जिसने विकास के मामले में जो भी मांग की, उसे मान ही लिए।

### सीएम के समक्ष उठा हनुमानगढ़ी का मुद्दा

गोंडा। कटरा बाजार नगर स्थित हनुमानगढ़ी मंदिर के जीर्णोद्धार का मुद्दा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष उठा। हनुमानगढ़ी मंदिर जीर्णोद्धार समिति के प्रबंधक रितेश रस्तोगी व अन्य लोगों के शिकायती पत्र को कटरा विधायक बावन सिंह ने सीएम के सामने रखा। सीएम ने अफसरों को तत्काल प्रभाव से मामले को निस्तारित करने का निर्देश दिया। विधायक ने बताया कि कस्बे के श्री हनुमानगढ़ी मंदिर के प्रमुख मुद्दों को लेकर नगरवासियों ने उन्हें मिलकर एक शिकायती पत्र दिया था। संवाद


गोंडा में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण करते मुख्यमंत्री। अमर उजाला


निरीक्षण करते मुख्यमंत्री। अमर उजाला

# बाईपास के साथ दो पुलों की दी सीएम ने सौगात

### मंडलीय समीक्षा बैठक में पूरे मनोयोग से काम करने की नसीहत दी

### राजकीय विश्वविद्यालय के निर्माण की प्रक्रिया समय से पूरा करने की हिदायत

संवाद न्यूज एजेंसी

गोंडा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे और करीब तीन घंटे रहे। पुलिस लाइन से विकास भवन पहुंचे, मंडलीय व जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती जिले के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। मंडल की कानून-व्यवस्था एवं विकास कार्य से मुख्यमंत्री खुश नजर आए। इसके साथ ही 50 करोड़ से ऊपर की दस सड़कों में छह के कार्य पूरे मिले। इस दौरान उन्होंने बाइपास के साथ ही सरयू पुल और घारी घाट पुल बनाने ऐलान किया है।

उन्होंने अन्य सभी अधूरे कार्य समय से पूरे करने के निर्देश दिए। विकास को रफ्तार देने के लिए गोंडा-लखनऊ राजमार्ग से बाईपास के साथ करनैलगंज में दोनों रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव मांगा। कहा कि सभी प्रमुख कार्यों को स्वीकृति देने में देर नहीं होगी।

बैठक में सीएम ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा से शुरुआत की। मंडल में पुलिस की कार्रवाई को सराहा। कहा कि अपराधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई हो। विकास कार्य की समीक्षा में सबसे पहले सड़कों का हाल जाना। अधिकारियों ने बताया कि शासन से नए स्वीकृत कार्य शुरू किए गए हैं, अन्य कार्य पूरे हो चुके हैं। अधूरी बड़ी परियोजनाओं को जल्द पूरा किया जाएगा।

राजकीय विश्वविद्यालय स्थापना की जानकारी ली। जिले के डोनाकल्पी में जमीन तय होने व निर्माण की प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द ही निर्माण शुरू होगा। उन्होंने अधिकारियों को जनहितकारी का विस्तारण प्रभावी ढंग से कराने और परियोजनाओं को समय से गुणवत्तापूर्ण पूरा कराने का निर्देश दिए।

समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, विधान परिषद सदस्य अवधेश कुमार सिंह 'मंजू', विधायक बावन सिंह, प्रेम नारायण पांडेय, प्रभात वर्मा, विनय द्विवेदी, प्रतीक भूषण सिंह व अजय सिंह, एडीजी जोन अखिल कुमार, मंडलायुक्त एमपी अग्रवाल, डीआईजी एपी सिंह, डीएम डॉ. उज्ज्वल कुमार, एसपी आकाश तोमर, अपर आयुक्त राकेश चंद्र शर्मा, सीडीसी प्रदीप यादव, डीडीएमटी विनोद सिंह, सीडीओ एम. अरुण्मोली, एडीएम सुरेश सोनी, नगर मजिस्ट्रेट अंकित गुप्ता समेत मंडल व जिले के अधिकारी मौजूद रहे।


प्रेसवार्ता के दौरान मीडिया को संबोधित करते सीएम योगी आदित्यनाथ। अमर उजाला

बाढ़ से निजात दिलाने का मुद्दा गूंजा : बलरामपुर। गोंडा में मंगलवार को हुई मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंडलीय समीक्षा बैठक में जिले के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से हिस्सा लिया। इसमें बाढ़ की समस्या का स्थायी निदान कराने की मांग करते हुए स्थानीय समस्याओं का मुद्दा उठाया गया।

सदर विधायक पल्टूराम ने मुख्यमंत्री के समक्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम से निर्माणाधीन सैटेलाइट सेंटर का संचालन शुरू कराने का मुद्दा रखा। बताया कि निर्माण कार्य करीब-करीब पूरा हो चुका है। उन्होंने नगर में सीवर लाइन के निर्माण कार्य को पूरा कराने का मुद्दा उठाया। सीएम ने सीवर लाइन के निर्माण को लेकर अब तक की गई कार्रवाई के बारे में डीएम डॉ. महेंद्र कुमार से जानकारी ली। साथ ही निर्माण कार्य गुणवत्ता पूर्ण ढंग से अतिशीघ्र पूरा कर जनता को समर्पित करने को कहा।

### विकास के साथ रोजगार का इंतजाम कर रही है सरकार : सीएम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश की डबल इंजन सरकार विकास के साथ ही रोजगार की व्यवस्था कर रही है। एक तरफ जहां प्रदेश के हर जिले को फोरलेन से जोड़ा जा रहा है, वहीं इन्वेस्टर्स समिट से औद्योगिक विकास का रेकॉर्ड बन रहा है। बड़े स्तर पर स्थाई रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। समीक्षा बैठक के बाद वह मीडिया से मुखातिब थे, उन्होंने इन्वेस्टर्स समिट में जनप्रतिनिधियों की भूमिका को भी सराहा। देवीपाटन मंडल के विकास की प्राथमिकता को दोहराते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज का निर्माण पूरा हो रहा है। राजकीय विश्वविद्यालय के भवन का निर्माण जल्द पूरा होगा। विकास के अन्य प्रस्तावित कार्य भी शीघ्र जमीन पर उतरेंगे। मंडल मुख्यालय पर पत्रकार भवन के निर्माण का भी ऐलान किया। कहा कि इसके लिए जल्द ही बजट जारी किया जाएगा।

विधायक ने जिले को बाढ़ की त्रासदी से निजात दिलाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने की मांग रखी।

उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा ने बाढ़ की समस्या के स्थायी समाधान का मुद्दा उठाया।

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 22-03-2023

# दहेज हत्या में ससुर को आजीवन व सास को सात वर्ष की कारावास

**संसू, बलरामपुर :** जनपद न्यायाधीश लल्लू सिंह ने दहेज हत्या के मामले में ससुर को आजीवन कारावास व सास को सात वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाते हुए अर्थदंड से भी दंडित किया है।

जिला शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह ने बताया कि 20 दिसंबर 2017 को थाना ललिया में रक्षाराम पुत्र रामदास ने प्राथमिकी दर्ज कराई कि अपनी पुत्री मिथलेश की शादी ग्राम मेड़ईडीह निवासी धर्मवीर पुत्र राधेश्याम के साथ चार वर्ष पूर्व किया था। दहेज में बाइक की मांग को लेकर लड़की को प्रताड़ित करते थे। मांग पूरा न होने पर सास मुन्नी देवी, ससुर राधेश्याम व पति धर्मवीर ने लड़की को मार डाला। अभियोजन की ओर से सात गवाहों के बयान अंकित कराए गए। बचाव पक्ष से कहा गया कि घटना के गवाह हितबद्ध साक्षी है। मृतका ने आत्महत्या की थी। सरकारी वकील ने तर्क दिया कि मृतका के शरीर पर मृत पूर्व की चोटे पाइ गई हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हत्या की पुष्टि होती है। जनपद न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के तर्क सुनने के बाद पति के नाबालिग होने के कारण दोष सिद्ध ठहरा कर पत्रावली किशोर न्यायालय प्रेषित कर दिया है। ससुर को आजीवन व सास को सात वर्ष के साथ ही 30-30 हजार दंडित किया है।

# राजकीय मेले की व्यवस्था को और बेहतर बनाएं : सीएम

**संसू, तुलसीपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देवीपाटन मंडल मुख्यालय गोंडा में समीक्षा बैठक के बाद मंगलवार की शाम शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे। अधिकारियों के साथ बैठक कर बुधवार से शुरू हो रहे राजकीय मेले की समीक्षा की। सीएम ने मेला परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने का निर्देश अफसरों को दिया। महिला पुलिसकर्मियों की पर्याप्त संख्या में तैनाती करने व मेला परिसर की साफ सफाई को और बेहतर बनाने की बात कही।





शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचने पर लोगों का अभिवादन स्वीकार करते व मंदिर स्थित छात्रावास में थारू छात्र से संवाद करते सीएम योगी आदित्यनाथ ● जागरण

गोंडा में बैठक के बाद सड़क मार्ग से शाम को देवीपाटन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री ने सबसे पहले पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात की। इसके बाद वह सीधे मंदिर के आवासीय परिसर के अंदर चले गए। अधिकारियों ने बुधवार से शुरू हो रहे एक माह के चैत्र नवरात्र मेले को लेकर किए गए प्रबंधों के बारे में जानकारी दी। बताया कि मेले में जिले के साथ ही गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती व नेपाल से भी श्रद्धालु आते हैं। सीएम ने श्रद्धालुओं को किसी तरह की समस्या न होने देने की विशेष हिदायत दी। इससे पूर्व सीएम ने तुलसीपुर व मेला परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था पर संतोष जताया। मेला परिसर में एलईडी पर रामायण का प्रदर्शन देख मुख्यमंत्री ने प्रसन्नता जताई। महंत मिथिलेश नाथ योगी, एडीजी जोन अखिल कुमार, आयुक्त एमपी अग्रवाल, डीआइजी एपी सिंह, डीएम डा. महेंद्र कुमार, एसपी केशव कुमार व सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, पूर्वांचल विकास बोर्ड के सलाहकार साकेत मिश्र, विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, सदर विधायक पल्टूराम, उतरौला राम प्रताप वर्मा, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू मौजूद रहे। मुख्यमंत्री की वीआइपी सुरक्षा के दृष्टिगत सड़क मार्ग से देवीपाटन मंदिर जाने के लिए गोंडा से देवीपाटन मंदिर तक एक घंटा जीरो ट्रैफिक कर दिया गया।

**थारू गांवों को योजनाओं से करें संतृप्त :** मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मंडल मुख्यालय गोंडा में विकास कार्यों एवं कानून की समीक्षा के दौरान निर्माणाधीन केजीएमयू सेटेलाइट सेंटर, थारू संग्रहालय, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट आदि परियोजनाओं की प्रगति जानी। सीएम ने कहा कि थारू गांवों को सभी योजनाओं से संतृप्त किया जाए। मुख्यमंत्री ने गन्ना मूल्य भुगतान, जल जीवन मिशन, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, आयुष्मान भारत, संचारी रोग नियंत्रण अभियान की समीक्षा की। एनआइसी सभागार में सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, गैंसड़ी विधायक डा. एसपी यादव वर्चुअल रूप से जुड़े।

**देवीपाटन मंदिर में करेंगे रात विश्राम :** मुख्यमंत्री ने शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर परिसर में संचालित थारू छात्रावास के विद्यार्थियों से मुलाकात की। उनसे पढ़ाई-लिखाई के बारे में जानकारी ली। सीएम मंदिर में ही रात विश्राम करेंगे। नवरात्र के पहले दिन मां पाटेश्वरी की आराधना के बाद सीएम लखनऊ को रवाना होंगे।

# श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न होने पाए:योगी

## शक्तिपीठ की सुरक्षा अभेद्य हो, मौसम खराब होने के चलते सड़क मार्ग से शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री

**समीक्षा**



बलरामपुर में मंगलवार को शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर का जायजा लेते सीएम योगी

बलरामपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को मौसम खराब होने के कारण अपने निर्धारित समय से करीब सवा घंटे विलंब शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचे। पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने सीएम की अगवानी की। सीएम सीधे विश्राम कक्ष में चले गए। कुछ देर बाद उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्र पर लगने वाले मेले की समीक्षा की। सीएम ने दो टूक कहा कि शक्तिपीठ देवीपाटन श्रद्धालुओं के अगाध श्रद्धा और विश्वास का केन्द्र है। लिहाजा यहां आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण शक्तिपीठ की सुरक्षा अभेद्य होनी चाहिए।

शाम छह बजे के करीब सीएम योगी का काफिला सड़क मार्ग से होते हुए सीधे शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर पहुंचा। सीएम के पहुंचने के पूर्व मंदिर के आस पास के इलाके को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया था। शक्तिपीठ पर श्रद्धालुओं का प्रवेश भी रोक दिया गया था। सीएम योगी शक्तिपीठ पर पहुंचने के बाद विश्राम कक्ष में चले गए। वह करीब एक घंटे तक विश्राम कक्ष में रहे। सीएम ने शक्तिपीठ पर एक महीने तक चलने वाले राजकीय मेले की समीक्षा की। सीएम ने कहा कि चैत्र नवरात्र पर देश के कोने-कोने से श्रद्धालु शक्तिपीठ पर आते हैं। साथ भारी संख्या में पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी देवी भक्त दर्शन के लिए पहुंचते हैं। सीएम ने कहा कि दर्शनार्थियों और मेलार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। मेले में बिजली, पानी की व्यवस्था सुदृढ़ होनी चाहिए। मेला परिसर में शौचालय साफ-सुथरे होने चाहिए। परिसर की साफ-सफाई बेहतर हो, इसके लिए सफाई कर्मियों को अलर्ट पर रखा जाए। मेला परिसर में चिकित्सीय सेवा की समुचित व्यवस्था की जाए। यदि कोई बीमार होता है तो उसे तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। जिलाधिकारी डा. महेन्द्र कुमार ने सीएम योगी को व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी दी। एसपी केशव कुमार ने सुरक्षा का खाका सीएम के सामने पेश किया। सीएम योगी ने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से शक्तिपीठ देवीपाटन संवेदनशील स्थल है। ऐसे में शक्तिपीठ की सुरक्षा में कोई कोताही न बरती जाए। उन्होंने नगर पंचायत तुलसीपुर के ईओ को सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का निर्देश दिया। इसके अलावा सीएम योगी ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों से वार्ता कर जिले का हाल जाना। बैठक में मंदिर पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाशनाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य, डा. सुशील कुमार, अनिल कुमार व ईओ डा. सम्पूर्णानन्द तिवारी सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

# वर्चुअल समीक्षा बैठक कर योजनाओं की जानकारी ली

बलरामपुर, संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देवीपाटन मंडल गोंडा में मंडलीय विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। एनआईसी सभागार में सीएम मंडलीय समीक्षा बैठक के दौरान वर्चुअल रूप से विधायकगण, जिला पंचायत अध्यक्ष, डीएम डा. महेंद्र कुमार व एसपी केशव कुमार जुड़े रहे।

समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्माणाधीन सेटेलाइट सेंटर, थारू संग्रहालय, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट आदि परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गन्ना मूल्य भुगतान, जल जीवन मिशन, ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, एक जनपद एक उत्पाद, निराश्रित गोवंश संरक्षण, आयुष्मान भारत, संचारी रोग नियंत्रण अभियान आदि की प्रगति के बारे में भी समीक्षा की। उन्होंने आयुष्मान भारत के तहत गोल्डन कार्ड का लाभ पात्रों को दिए जाने में तेजी लाने व थारू गांवों को सभी योजनाओं से संतृप्त किए जाने का निर्देश अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, गैसड़ी विधायक डा. एसपी यादव, जिला पंचायत अध्यक्षा आरती तिवारी, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सीएम आज करेंगे शक्ति की आराधना

तुलसीपुर में स्थित 51 शक्तिपीठों में एक शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर नाथ सम्प्रदाय की तपस्थली मानी जाती है। शक्तिपीठ की सम्पूर्ण व्यवस्था सीएम योगी के देखरेख में चलती है। हर बार की तरह इस बार भी चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस बुधवार को सीएम योगी शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के गर्भ गृह में विधिवत पूजन अर्चन करेंगे। बुधवार सुबह गौ सेवा कर सीएम योगी लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

# दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर। गौरा चौराहा थाने की पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वारंटी रहे आरोपी को दबोच लिया है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार यादव ने बताया कि आरोपी अंकित जायसवाल निवासी ग्राम रतनपुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। (संवाद)**

# शांतिभंग की आशंका में चार का चालान

**बलरामपुर। उतरौला पुलिस ने शांतिभंग की आशंका में चार लोगों पर कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक संजय दूबे ने बताया कि हीरा सिंह, रंजीत सिंह, राहुल व रोहित निवासीगण मोहल्ला आर्यनगर के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई की गई है। (संवाद)**

नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों को सजाया गया, बाजारों में बिक रहे फल और मेवे के दामों में भी उछाल देखने को मिल रहा

# चैत्र नवरात्र की तैयारियां पूरी, सजगए देवी मंदिर

**आस्था**

बलरामपुर, संवाददाता। चैत्र नवरात्र को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आज से शुरू हो रहे नवरात्र पर्व पर देवी मंदिरों को सजाया गया है। मंदिर पर विशेष साफ-सफाई पर जोर दिया गया है। बुधवार को जिले भर के देवी मंदिर माता के जयकारों से गुंजायमान होंगे। नवरात्रि पर्व के मद्देनजर दुकानों में पूजा सामग्रियों की बिक्री जोरों पर है। लोग चुनरी, नारियल सहित अन्य चीजों की जमकर खरीदारी कर रहे हैं। नवरात्र में घरों में पूजा कराने के लिए पुरोहितों की मांग बढ़ गई है। व्रत रखने के लिए बाजारों में बिक रहे फल व मेवा के दामों में भी उछाल देखने को मिल रहा है।

चैत्र नवरात्र पर्व पर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर, झारखंडी, बिजलीपुर, सिटी पैलेस स्थित काली मंदिर, कालीथान, टेढ़ी बाजार स्थित बड़की बहिनी थान, खलवा स्थित समय माता, सेखुआ परमेश्वरी मंदिर, भगवतीगंज स्थित काली मंदिर, देहात थाना स्थित समय माता मंदिर, उतरौला स्थित ज्वाला देवी मंदिर, रहिया देवी मंदिर सहित तमाम छोटे-बड़े देवी मंदिरों में माता जगदंबा की पूजा अर्चना बुधवार से प्रारम्भ होगी। बुधवार को माता के भक्त मंदिर पर विधि विधान पूजा अर्चना के साथ अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए माता का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में आज से बहेगी आस्था की बयार : 51 शक्तिपीठों में से एक बलरामपुर के तुलसीपुर में स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी देवी के मंदिर में आस्था की बयार बहेगी।

देश के कोने-कोने से जहां श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला आज से शुरू होगा। वहीं पड़ोसी मुल्क नेपाल से भी भारी संख्या में श्रद्धालु आएंगे। इस शक्तिपीठ से नेपाल राष्ट्र का अध्यात्मिक रिश्ता है। हर वर्ष नेपाल से पीर रतन नाथ की यात्रा शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर आती है। इस यात्रा में आस्था का जन सैलाब उमड़ता है। शक्तिपीठ के पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि चैत्र नवरात्र की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए इंतजाम किए गए हैं।



बलरामपुर में बुधवार को शुरू हो रहे नवरात्र को लेकर पूजन सामग्री की खरीदारी करते श्रद्धालु।

## नवरात्रि में फलों के दामों में हुई वृद्धि

नवरात्र पर फलों व मेवा की मांग बढ़ जाती है। जिसके चलते फलों व मेवा के कीमतों में उछाल देखने को मिल रहा है। केला, सेब, संतरा, अंगूर, अनार, पपीता आदि फलों में पिछले दामों की अपेक्षा 20 रुपए प्रति किलो की बढ़ोतरी हुई है। साथ ही कुट्टू आटा, साबूदाना, रामदाना, मूंगफली तेल, घी, मूंगफली दाना, काजू, बादाम, अखरोट, पिस्ता, किशमिस आदि के भी दामों में वृद्धि हुई है। आलू का दाम आठ से बढ़कर दस रुपए प्रति किलो हो गया है। नवरात्र पर्व को लेकर श्रद्धालुगण बाजारों में जमकर खरीदारी कर रहे हैं। वहीं चुनरी, सिंदूर, चूड़ी, बिंदी सहित श्रृंगार सामग्री की दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिल रही है।

## इस बार नवरात्र पर बन रहा दुर्लभ योग का संयोग

■ अविनाश त्रिपाठी

■ जिले भर के देवी मंदिर माता के जयकारों से आज होंगे गुंजायमान

■ शक्ति उपासना का त्योहार नवरात्र आज से शुरू हो रहा

बलरामपुर। शक्ति की उपासना का त्योहार चैत्र नवरात्र आज से शुरू हो रहा है। देवी मंदिरों को विधि विधान से सजाया गया है। माता के भक्त मंदिर पर विधि-विधान से पूजन कर अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए आशीर्वाद मांगेंगे। इस बार चैत्र नवरात्र पर बहुत दुर्लभ योग का संयोग बन रहा है। चैत्र नवरात्र का आरंभ शुक्ल और ब्रम्ह योग से हो रहा है। चैत्र नवरात्र के पहले दिन 22 मार्च को ब्रम्हयोग सुबह 10:09 बजे से 23 मार्च को 7:45 बजे तक रहेगा।

ज्योतिर्विद शुभ्रा शुक्ला ने बताया कि चैत्र नवरात्र 22 मार्च दिन बुधवार से प्रारम्भ होने जा रहा है। इसी के साथ ही पिंगल नामक संवत भी प्रारंभ हो जाएगा। इस वर्ष चैत्र नवरात्र पर माता की सवारी नाव होगी। जो इस बात का संकेत है कि इस वर्ष खूब वर्षा होगी। पूरे वर्ष में चार नवरात्र पड़ता है। इनमें आश्विन और चैत्र मास की नवरात्र सबसे अधिक समाज में प्रचलित है। पौराणिक कथाओं के अनुसार चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन ही देवी ने ब्रम्हा जी को सृष्टि की रचना करने का कार्य सौंपा था।

नवरात्र से हिंदू वर्ष का आरंभ भी माना जाता है। इसी दिन सूर्य की पहली किरण पृथ्वी पर पड़ी थी।

# 85 मिनट में 75 किमी. का सफर

## बारिश के कारण हेलीकॉप्टर के बजाय सड़क मार्ग से गोंडा से आए योगी

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मंगलवार शाम गोंडा से हेलीकॉप्टर से देवीपाटन पहुंचना था मगर झमाझम बारिश के कारण ऐन वक्त पर कार्यक्रम बदलना पड़ा। मुख्यमंत्री ने गोंडा से देवीपाटन तक 75 किलोमीटर का सफर सड़क मार्ग से 85 मिनट में पूरा किया। शाम छह बजकर 05 बजे मुख्यमंत्री देवीपाटन मंदिर पहुंचे।

मंगलवार शाम अधिकारियों को जैसे ही मुख्यमंत्री के सड़क मार्ग से आने की सूचना मिली तुरंत पूरे रूट पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। डीएम डॉ. महेंद्र कुमार व एसपी केशव कुमार की अगुवाई में अधिकारियों की टीम पूरे रूट की सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद करने में जुट गई। वीर विनय चौराहा सहित कई जगह पर बैरिकेडिंग करके वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया। सड़क किनारे की दुकानें बंद कराकर पुलिसकर्मी तैनात कर दिए गए। इससे राहगीरों को समस्या का सामना करना पड़ा। मुख्यमंत्री का काफिला गुजरने के बाद वाहनों का आवागमन सुचारू हो सका।



तुलसीपुर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में पहुंचे सीएम योगी आदित्यनाथ। -संवाद

### मेले में श्रद्धालुओं को न हो कोई परेशानी : योगी

तुलसीपुर (बलरामपुर)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार शाम को देवीपाटन मंदिर परिसर में अधिकारियों के साथ बैठक की। बुधवार से शुरू हो रहे चैत्र नवरात्र मेले में श्रद्धालुओं को कोई परेशानी न हो, इसके लिए व्यापक प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश अफसरों को दिया। मंगलवार शाम मंदिर पहुंचे मुख्यमंत्री ने पहले पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात की। फिर वह मंदिर में चले गए।

# दहेज हत्या में ससुर को आजीवन कारावास

## सास को भी सात वर्ष की जेल, दोनों पर 30-30 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया

संवाद न्यूज एजेंसी

बलरामपुर। दहेज हत्या के मामले में मंगलवार को न्यायालय ने ससुर को आजीवन कारावास व सास को सात साल कैद की सजा सुनाई है। दोनों पर 30-30 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। पति के नाबालिग घोषित होने के कारण उसकी पत्रावली किशोर न्याय बोर्ड को भेजी गई है।

जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी कुलदीप सिंह ने बताया कि ललिया के ग्राम नंदनगर की रहने वाली कोमल की शादी 15 फरवरी 2016 को इसी थाना क्षेत्र के मेड़ई डीह गांव निवासी एक किशोर से हुई थी। कोमल के पिता रक्षाराम ने 20 दिसंबर 2017 को थाने में तहरीर दी। इसमें आरोप लगाया था कि दहेज की मांग पूरी न होने पर 18 दिसंबर 2017 को सास मुन्नी देवी, ससुर राधेश्याम व पति ने कोमल की हत्या कर दी।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना की और प्रथम दृष्टया तीनों को दहेज हत्या का दोषी मानते हुए न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया।

पति की उम्र 16 वर्ष से कम होने के कारण उसे किशोर घोषित करते हुए पत्रावली परीक्षण के लिए किशोर न्याय बोर्ड भेज दी गई। सरकारी अधिवक्ता ने आठ गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत किया।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने व पत्रावली का अवलोकन करने के बाद जिला एवं सत्र न्यायाधीश लल्लू सिंह ने दोनों को दहेज हत्या का दोषी करार दिया। जिला जज ने ससुर राधेश्याम को आजीवन कारावास व सास मुन्नी देवी को सात वर्ष के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही दोनों पर 30-30 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दोषियों को एक-एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा।

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-03-2023

हिन्दुस्

# सीएम ने परखी तराई के विकास की गति



कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम की समीक्षा बैठक में मौजूद सांसद व अन्य।

**बैठक**

**बहराइच, संवाददाता।** जिले से 60 किलोमीटर दूर गोंडा जिले के विकास भवन सभाागर में बैठक कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकांक्षात्मक जिले के विकास के रोडमैप को ही नहीं परखा, बल्कि कानून व्यवस्था, इलाज से लेकर किसान तक की समृद्धि को लेकर तय किए हर पैमाने की बिंदुवार समीक्षा भी की। अधिकारियों ने तराई के विकास के लिए जरूरी मुद्दे रखे, तो जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्रों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

मुख्यमंत्री मंगलवार को गोंडा जिले से देवीपाटन मंडल में कानून व्यवस्था व 50 करोड़ से अधिक की निर्माण परियोजनाओं, गन्ना मूल्य भुगतान, जल जीवन मिशन, ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट समेत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। वर्चुअल बैठक में डीएम ने बताया कि जिले को 1500 करोड़ के निवेश का लक्ष्य मिला था। इसके सापेक्ष 4493.61 करोड़ लागत के 175 एमओयू साईन किए गए हैं। इससे 83315 लोगों को रोजगार मिलेगा। सीएम ने निवेशकों के संग बैठक कर निवेश से जुड़ी औपचारिकताओं को धरातल पर उतारने के निर्देश दिए।

सीएम ने महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में संसाधनों की उपलब्धता, ओपीडी की स्थिति, रुपईडीहा इन्टीग्रेटेड चेक पोस्ट के निर्माण की प्रगति का भी फीडबैक लिया। डीएमने बताया कि इन्टीग्रेटेड चेक पोस्ट निर्माण अन्तिम चरण में है। डीएम ने सात मार्गों के चौड़ीकरण को लेकर भेजे गए 300 करोड़ के प्रस्ताव के स्वीकृति का आग्रह किया।

## ऑपरेशन शिकंजा का रखा फीडबैक

सीएम ने कानूनी व्यवस्था को लेकर एसपी से जानकारी मांगी। एसपी ने बताया कि आपरेशन शिकंजा को जिले में प्रभावी ढंग से क्रियान्वित कराया जा रहा है, ताकि कम से कम समय में अपराधियों को न्यायालय के माध्यम से सजा दिलाई जा सके। इस पर सीएम ने कहा कि महिला अपराध को शून्य करें। हर स्तर पर बेहतर पेट्रोलिंग की व्यवस्था करें। सीएम ने जिला मुख्यालय को सीसी कैमरों से लैस करने के साथ ग्राम चौकीदारों से नियमित अन्तराल संवाद करते रहने का निर्देश दिया।

## जनप्रतिनिधियों ने रखे विकास के रोडमैप

सीएम के समीक्षा बैठक को लेकर जनप्रतिनिधि भी कलेक्ट्रेट सभागार में वर्चुअली संवाद से जुड़े। सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने बताया कि जिले के वन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित पट्टा दिया गया है। तहसील भवन मिहींपुरवा के अवशेष बजट अवमुक्त करने की बात रखी। एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी ने नगर के जलनिकासी के प्रस्ताव को स्वीकृति देने का आग्रह किया।

# मार्ग दुर्घटना में बुजुर्ग की मौत

**कैसरगंज :** ग्राम पत्थनपुर निवासी सियाराम कश्यप पैदल घर जा रहे थे। बहराइच–लखनऊ हाईवे पर ग्राम पवही के निकट अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई। एसओ दद्दन सिंह ने बताया कि स्वजन मौके पर पहुंच गए हैं। (संसू)

# मुकदमा दर्ज

**नानपारा :** एक मुहल्ले निवासी इजहार ने पुलिस को तहरीर दी है। आरोप लगाया कि परिवार के लोग बाहर गए थे। घर में बहन अकेली थी। कैसरगंज का एक युवक उसे बहला फुसला कर भगा ले गया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की है। (संसू)

# पशु स्वास्थ्य मेला

**फखरपुर/गजाधरपुर :** ग्रामपंचायत मंझारा तौकली में मंगलवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इसमें 864 पशुओं का इलाज हुआ। (संसू)

हिन्दुस्त

# गोंडा में बरामद हुई अपहृत किशोरी

विशेश्वरगंज। बिहार प्रांत की एक शातिर महिला ने इंस्टाग्राम के जरिए विशेश्वरगंज इलाके की एक किशोर से सम्पर्क बना लिया। किशोरी को सब्जबाग दिखा इस महिला ने अपहरण कर लिया। केस दर्ज होने पर सक्रिय हुई पुलिस ने किशोरी को बरामद कर बिहार की महिला तस्कर को महिला सिपाही की मदद धर दबोचा।

# गोंडा, बहराइच और बलरामपुर में बनाई जाएगी रिंग रोड

- मुख्यमंत्री योगी ने की घोषणा समीक्षा बैठक में दिए निर्देश
- जल्द शुरू होगा मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निर्माण

जागरण संवाददाता, गोंडा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देवीपाटन मंडल में बेहतर कानून व्यवस्था के साथ विकास कार्य सकारात्मक रूप से आगे बढ़ रहे हैं। मंगलवार को विकास भवन सभागार में मंडलीय समीक्षा बैठक के बाद उन्होंने कहा कि अधिकारियों व अफसरों के साथ बिंदुवार विस्तृत समीक्षा की गई है। हमारी सरकार प्रदेश में हर क्षेत्र के विकास को लेकर संकल्पित हैं। मुख्यमंत्री ने महत्वपूर्ण घोषणा करते हुए कहा कि जाम की समस्या से यात्रियों को निजात दिलाने के लिए गोंडा, बहराइच व बलरामपुर में रिंग रोड का निर्माण होगा। योगी ने कहा कि मंडल के तीन जिलों में मेडिकल कालेज बन रहा है, जल्द ही संचालन शुरू होगा। मंडल में मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय का निर्माण कराने का फैसला किया गया है। विश्वविद्यालय निर्माण के लिए आवश्यक कार्रवाई पूरी करने का निर्देश दिया गया है। इसके लिए अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।



गोंडा में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का मुख्यमंत्री योगी ने निरीक्षण किया • जागरण

उन्होंने कहा कि जिस मंडल में तीन जिले आकांक्षी हों, वहां 11 हजार करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव आना सुखद है। उद्यमियों का भरोसा जीतने के लिए जनप्रतिनिधियों व अफसरों को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार पूरी संवेदनशीलता से कार्य कर रही है। पहले देवीपाटन मंडल अजूबा थी। स्वच्छता में गोंडा सबसे पिछड़ा था। वहीं, बलरामपुर में प्रति व्यक्ति आय सबसे कम थी। विकास, पर्यटन के साथ ही किसानों को लाभ देने की सकारात्मक पहल के अच्छे परिणाम सामने आए हैं। आने वाले दिनों में जब सर्वे होगा तो मंडल के चारों जिले अग्रणी होंगे।

मुख्यमंत्री ने बेहतर शिक्षा, कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य सुविधा के साथ ही रोजगार देने का वादा किया। सर्किट हाउस के समीप 281 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे मेडिकल कालेज का निरीक्षण किया। अफसरों को निर्माण पूरा कराकर नए सत्र से कक्षा संचालन शुरू कराने का निर्देश दिया। मौसम खराब होने के कारण मुख्यमंत्री सड़क मार्ग से बलरामपुर के लिए रवाना हुए।

# बीएसएनएल टावर से केबल काटने का आरोपित गिरफ्तार

**संसू, गंभीरवाबाजार (बहराइच) :** रामगांव पुलिस ने बीएसएनएल टावर की केबल काट रहे युवक को रंगे हाथ धर दबोचा। पकड़े गए आरोपित पर पहले से भी चोरी समेत गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज है।

थानाध्यक्ष अमितेंद्र सिंह ने बताया कि पुलिस वे एसआइ शैलेंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल कार्तिकेय गौड़, कमलेश नायक, आरक्षी संदीप पाल, जितेंद्र प्रजापति व अमित कनौजिया के साथ इलाके में गश्त पर निकले थे। इस दौरान नौतला बाजार स्थित बीएसएनएल टावर के पास एक व्यक्ति के टावर पर केबल काटने की जानकारी हुई। यही नहीं वह बार-बार टावर से कूदकर जान देने की धमकी भी दे रहा था। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर उसे नीचे उतारा। आरोपित की पहचान हरदी इलाके के औराही जगीर निवासी सभापति सिंह उर्फ सिप्पू के रूप में की गई। पूछताछ में उसने बताया कि पहले से भी उसके ऊपर सात मुकदमे दर्ज हैं। एसओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेजा गया है।

# आठ वर्ष से फरार पाक्सो एक्ट का आरोपित बंदी

**जासं, बहराइच :** रुपईडीहा थाने में आठ वर्ष पूर्व दर्ज पाक्सो एक्ट के मुकदमे का आरोपित फरार चल रहा था। आरोपित की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी, लेकिन वह खाली हाथ रही।

थानाध्यक्ष श्रीधर पाठक ने बताया कि मामले के नामजद आरोपित सहजना निवासी बाबादीन के इलाके में मौजूद होने की जानकारी मिलते ही एसआइ शिवम कुमार कनौजिया व आरक्षी धनंजय कुमार के साथ कस्बा रुपईडीहा के पास दबिश दी गई। मौके से आरोपित को गिरफ्तार किया गया। एसओ ने बताया कि पकड़े गए युवक को न्यायालय भेजा गया है।

# निवेश प्रस्तावकों की समस्याओं को दूर करें अधिकारी

**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के साथ की वर्चुअल बैठक, विधायकों ने विकास योजनाओं की प्रगति व प्रस्ताव रखे**

**जासं, बहराइच :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विकास भवन सभागार गोंडा में देवीपाटन मंडल की समीक्षा बैठक में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया। जनप्रतिनिधियों ने विकास योजनाओं की प्रगति और नए प्रस्तावों पर धन आवंटन की बात रखी।

जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 4493.61 करोड़ लागत के 175 एमओयू साइन किए गए हैं। सीएम ने निर्देश दिया कि डीएम व एसपी निवेशकों के साथ बैठक कर भूमि, विद्युत, अनापत्ति प्रमाण-पत्र की समस्याओं का तत्परता से निस्तारण सुनिश्चित कराएं। मुख्यमंत्री ने महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में संसाधनों की उपलब्धता, ओपीडी की स्थिति, रुपईडीहा इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट के निर्माण की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की।



कलेक्ट्रेट सभागार मे आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वर्चुअल बैठक मे मौजूद सांसद, विधायक और अधिकारीगण ● जागरण

डीएम ने बताया कि चेक पोस्ट निर्माण अंतिम चरण में है, जिससे माह मई तक पूर्ण करा लिया जाएगा। सांसद अक्षयबर लाल गोंड ने बताया कि वन ग्रामों को राजस्व ग्राम घोषित कर पट्टा वितरण की कार्रवाई की गई है। तहसील भवन मिहींपुरवा के लिए अवशेष बजट अवमुक्त कराने का अनुरोध किया।

एमएलसी डा. प्रज्ञा त्रिपाठी ने जलभराव की समस्या से निजात के लिए भेजे गए प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने, विधायक महसी सुरेश्वर सिंह ने सरयू नदी की सफाई, घाट निर्माण की मांग के साथ-साथ गोसंरक्षण के लिए सुझाव दिया कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को एक-एक गाय दान की जाए।

विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने निर्माणाधीन सिलौटाघाट पुल को पूर्ण कराने, चिलवरिया चीनी मिल व बजाज चीनी मिल पर बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान कराने तथा बहराइच-गोंडा मार्ग के निर्माण को वित्तीय स्वीकृति प्रदान किए जाने का अनुरोध किया। विधायक नानपारा रामनिवास वर्मा ने गद्दीघाट के अप्रोच मार्ग के लिए बजट को स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया। इस मौके पर सीआरओ अवधेश कुमार मिश्र, प्रभारी सीडीओ महेंद्र कुमार पांडेय, नगर मजिस्ट्रेट ज्योति राय, सीएमओ डा. एसके सिंह, पीडी पीएन यादव मौजूद रहे।

**ओडीओपी योजना के तहत 14 लाभार्थियों को मिली टूलकिट :** सांसद ने एमएलसी व विधायकों के साथ एक जनपद-एक उत्पाद योजना के तहत कलेक्ट्रेट सभागार में फरहीन बेगम, मंजू मिश्र, सुमन मिश्र, सुनीता मिश्र, शरीफुन निशा, कल्यानी मिश्र, नंदिनी कनौजिया, सीता देवी, रानी अवस्थी, बिंदिया, ननकई, शांती देवी व सुशील देवी को टूल किट वितरण किया।

# बिहार से अपहरणकर्ता को किया गिरफ्तार

**जासं, बहराइच** : विशेश्वरगंज इलाके से किशोरी को भगाकर ले जाने के मामले में अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। थानाध्यक्ष श्यामदेव चौधरी ने बताया कि जांच में पता चला कि अपहरण में बिहार के रोहतास जिले के थाना रोहतास तुंबा निवासी जोवा उर्फ तबस्सुम फातिमा शामिल थी। टीम गठित कर एसआइ ओंकार यादव, मुख्य आरक्षी सूर्यकेश यादव, आरक्षी शुभम प्रताप, राजनाथ व महिला आरक्षी चांदनी सिंह, कविता के साथ बिहार पहुंचकर आरोपित को गिरफ्तार कर लाया गया।

# टॉवर पर घंटों चढ़ा रहा शातिर चोर, पुलिस ने उतार कर भेजा जेल

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**तेजवापुर(बहराइच)।** रामगांव थाना क्षेत्र स्थित एक टॉवर पर सोमवार की रात एक शातिर चोर केबल चुराने के मकसद से चढ़ा लेकिन इसी दौरान ग्रामीणों ने उसे देख लिया। चोरी पकड़े जाने पर चोर टॉवर पर और ऊपर चढ़ गया और घंटों हाईवोल्टेज ड्रामा किया।

सूचना पर पहुंची पुलिस उसे उतारने का प्रयास करती रही लेकिन वह कूदने की धमकी देता रहा। काफी प्रयास के बाद पुलिस ने चोर को गिरफ्तार किया और जेल भेज दिया। रामगांव थाना क्षेत्र के नौतला चौराहा स्थित बीएसएनएल टॉवर में लगी कॉपर की केबल चुराने के लिए देर रात एक चोर परिसर में दाखिल हुआ। चोर केबिल को कॉट ही रहा था, कि इसकी भनक ग्रामीणों को लग गयी। ग्रामीण टार्च और लाठी लेकर टॉवर के पास पहुंच गए। ये देख चोर सहम गया और टॉवर के और ऊपर चढ़ गया। ग्रामीणों ने चोरी की सूचना रामगांव थाने को दी।

रामगांव थाना प्रभारी अमितेन्द्र प्रताप सिंह ने उपनिरीक्षक शैलेन्द्र शर्मा को टीम समेत मौके पर भेजा। पुलिस को देखकर चोर का हाईवोल्टेज ड्रामा शुरू हो गया जो घंटों चला। जैसे ही पुलिस कर्मी टॉवर की ओर बढ़ते चोर कूदने की धमकी देने लगता। कई घंटों तक मशक्कत करने के बाद सुबह पुलिस चोर को दबोचने में कामयाब हुई। थाना प्रभारी अमितेन्द्र सिंह ने बताया कि चोर की पहचान हरदी थाना क्षेत्र के

**कॉपर केबल चुराने की मंशा से चढ़ा था टॉवर पर**

**ग्रामीणों के देखने पर घंटों किया हाईवोल्टेज ड्रामा**



टॉवर पर चढ़कर बैठा चोर। -संवाद

## सभापति पर दर्ज हैं सात मुकदमे

थाना प्रभारी अमितेन्द्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किया गया सभापति शातिर चोर है और उस पर सात मुकदमे दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि सभापति पर रामगांव थाने पर गैंगस्टर, चोरी समेत पांच मुकदमे दर्ज हैं। वहीं हरदी थाने पर भी आरोपी के खिलाफ चोरी के दो मुकदमे दर्ज हैं।

के रूप में हुई है। चोर की बाइक से दो बंडल चोरी किया हुआ तार बरामद किया गया है। चोर पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। साथ ही उसकी बाइक

कुछ ही की ओर से तहरीर मिली है। पर पहुंचेगी। संवाद

# पत्नी की हत्या कर शव जलाने के दोषी को सुनाई उम्रकैद

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** इकौना के महादेवा जगदीश गांव में तीन वर्ष पूर्व हुई महिला की हत्या के बाद उसका शव जला दिया गया था। मामले में अपर जिला सत्र न्यायाधीश (रेप एलांग विद पॉक्सो एक्ट) ने उसके पति पर दोष सिद्ध करते हुए सश्रम उम्रकैद व 60 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

मामले में अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह के अनुसार बहराइच के थाना पयागपुर अंतर्गत ग्राम आमदापुर के मजरा सुखवा निवासी शोभावती ने 13 सितंबर 2020 को इकौना थाने में तहरीर दी थी। बताया था कि बेटी अनीता देवी का विवाह महादेवा जगदीश निवासी विजय पाल के साथ किया था।

## अर्थदंड भी लगाया

आरोप था कि दहेज की मांग को लेकर पति, ससुर राम मनोहर व इंद्रपाल की पत्नी बेटी को प्रताड़ित करते थे। 13 सितंबर 2020 को बेटी की हत्या कर शव जला दिया गया था।

मामला दर्ज कर इकौना पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश सिंह ने दहेज के मामले मे सभी को बरी कर दिया। जबकि विजयपाल को पत्नी की हत्या कर लाश जलाने के आरोप में सश्रम आजीवन कारावास व साठ हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक रोहित गुप्ता ने बताया कि अर्थदंड की राशि में से 50000 मृतका की मां को देने का आदेश कोर्ट ने दिया है।

# मुख्यमंत्री ने दी दो पुलों की सौगात

## मंडलीय समीक्षा बैठक में सीएम ने मनोयोग से काम करने की नसीहत दी

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**गोंडा।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को एक दिवसीय दौरे पर पहुंचे और करीब तीन घंटे रहे। पुलिस लाइन से विकास भवन पहुंचे, मंडलीय व जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बलरामपुर, बहराइच व श्रावस्ती जिले के अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़े रहे। मंडल की कानून-व्यवस्था एवं विकास कार्य से मुख्यमंत्री खुश नजर आए। इसके साथ ही 50 करोड़ से ऊपर की दस सड़कों में छह के कार्य पूरे मिले। इस दौरान उन्होंने बाइपास के साथ ही सरयू पुल और घारी घाट पुल बनाने ऐलान किया है।

उन्होंने अन्य चारों अधूरे कार्य समय से पूरे करने के निर्देश दिए। विकास को रफ्तार देने के लिए गोंडा-लखनऊ राजमार्ग से बाईपास के साथ करनैलगंज में दोनों रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण का प्रस्ताव मांगा। कहा कि सभी प्रमुख कार्यों को स्वीकृति देने में देर नहीं होगी। बैठक में सीएम ने कानून-व्यवस्था की समीक्षा से शुरुआत की। मंडल में पुलिस की कार्रवाई को सराहा। कहा कि अपराधियों के खिलाफ ठोस कार्रवाई हो। विकास कार्य की समीक्षा में सबसे पहले सड़कों का हाल जाना। अधिकारियों ने बताया कि शासन से नए स्वीकृत कार्य शुरू किए गए हैं, अन्य कार्य पूरे हो चुके हैं। अधूरी बड़ी परियोजनाओं को जल्द पूरा किया जाएगा। राजकीय विश्वविद्यालय स्थापना की जानकारी ली। जिले के डोमाकल्पी में जमीन तय होने व निर्माण की प्रक्रिया पूरी होने की जानकारी दी गई।

सीएम को बहराइच जिले की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चन्द्र ने बताया कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट मे वर्ष 2023 में 1500 करोड़ के सापेक्ष 4493.61 करोड़ लागत के 175 एमओयू साइन किए गए हैं। डीएम ने जिले के सात मार्गों के चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण के लिए शासन को भेजे गए 300 करोड़ के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध भी किया।



विकास भवन में मुख्यमंत्री की वर्चुअल बैठक में मौजूद अफसर। -संवाद

# भारत-नेपाल मैत्री बस में महिला से चरस बरामद

## रुपईडीहा सीमा पर चेकिंग के समय एसएसबी ने पंजाब निवासी महिला को किया गिरफ्तार

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**रुपईडीहा(बहराइच)।** भारत-नेपाल के बीच चलने वाली मैत्री बस सेवा में एक महिला यात्री को एसएसबी ने करीब पौने दो किलो चरस के साथ पकड़ा। महिला ने एसएसबी को पूछताछ में बताया कि वह यह चरस दिल्ली में किसी व्यक्ति को बस स्टेशन पर देती तो इसके एवज में उसे दस हजार रुपये मिल जाते। पुलिस अब अन्य तस्करों का पता लगा रही है।

रूपईडीहा सीमा पर मंगलवार सुबह चेकिंग के दौरान एसएसबी जवानों ने भारत-नेपाल मैत्री बस से जा रही एक महिला के पास से भी एक किलो 700 ग्राम चरस बरामद की। उस महिला को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो के हवाले कर दिया गया है। पकड़ी गई महिला की पहचान मंकु निवासी मोहाली पंजाब बताई गई। एसएसबी 42 वी वाहिनी के कमांडेंट तपन दास ने बताया कि पकड़ी गई महिला ने बताया कि दिल्ली बस स्टैंड पर एक अपरिचित व्यक्ति को इस चरस को देना था जहां उसे दस हजार रुपये इसके एवज में मिल जाते।



भारत-नेपाल सीमा पर चेकिंग करते एसएसबी के जवान। -संवाद

### तीन दिन में पकड़ी 67 किलो चरस

नेपाल सीमा पर एसएसबी की मुस्तैदी से बीते तीन दिनों में करीब 67 किलो चरस और विस्फोटक सामग्री बरामद हो चुकी है। इससे साफ है कि यहां पर कितनी तेजी से तस्करी का कारोबार चल रहा है। एसएसबी के जवान यदि सक्रिय न होते तो यह आरोपी भी पकड़ में नहीं आ पाते। हालांकि अब एसएसबी के साथ स्थानीय पुलिस ने भी सीमा पर चेकिंग अभियान काफी तेज कर दिया है।

# किशोरी का अपहरण करने वाली महिला को दबोचा

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**विशेश्वरगंज(बहराइच)।** बिहार निवासी एक महिला ने विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र निवासी नाबालिक लड़की के साथ इंस्टाग्राम पर दोस्ती की। इसके बाद झांसा देकर बीते 15 मार्च को उसका अपहरण कर लिया। पुलिस ने नाबालिक को गोंडा में खोज लिया। महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र निवासी एक किशोरी की कुछ साल पहले बिहार के रोहतास थाना क्षेत्र के रोहतास निवासी जोवा उर्फ तबस्सुम फातिमा के साथ इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। 15 जनवरी को उसका अपहरण कर लिया और अपने साथ बिहार लेकर चली गई। किशोरी के परिजनों ने विशेश्वरगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल लोकेशन ट्रेस कर महिला को मंगलवार को गोंडा बस अड्डे से दबोच लिया। उसके चंगुल से किशोरी को भी छुड़ा लिया गया। थाना प्रभारी श्यामदेव चौधरी ने बताया कि महिला ने अपहरण के उद्देश्य के बारे में कुछ नहीं बताया है। दोस्ती में ले जाने की बात कही है।



पुलिस की गिरफ्त में महिला। -संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 22-03-2023

# हत्या के आरोपी को सश्रम आजीवन कारावास

श्रावस्ती। तीन वर्ष पहले हुई महिला की हत्या के आरोपी पति को सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। आरोपी को दोषी करार देते हुए अपर सत्र न्यायाधीश ने सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 50 हजार रुपये मृतक की मां को देने का आदेश दिया है। इकौना थाना क्षेत्र के महादेव जगदीश गांव में तीन वर्ष पूर्व पत्नी की हत्या कर शव को जला दिया गया था। ग्राम सुखवा आमदापुर निवासी नान बाबू ने अपनी लड़की अनीता देवी की शादी राम मनोहर निवासी महादेव जगदीश थाना इकौना के साथ की थी।

# पुलिस ने बैंकों की जांच कर देखी सुरक्षा

श्रावस्ती। पुलिस विभाग की ओर से मंगलवार को बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत जिले की पुलिस ने अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित बैंक, ग्रहक सेवा केंद्र व एटीएम के सुरक्षा का जायजा लिया। बैंकों में सुरक्षा के दृष्टि गत लगे सीसीटीवी कैमरे, अग्निशमन यन्त्र, आपातकाल में बैंक से निकलने के लिए पर्याप्त मार्ग आदि का गहन निरीक्षण किया। वहीं बैंक में मौजूद ग्राहकों को कोरोना से बचने के लिए आवश्यक जानकारी दी।

# नियम तोड़ने पर वाहनों का चालान किया

श्रावस्ती। यातायात नियम का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध पुलिस की ओर से वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्र में अलग अलग चेकपोस्टों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। इस दौरान पुलिस ने वाहन के पेपर, चालक का डीएल, हेलमेट, तीन सवारी आदि की चेकिंग की। नियमों का उल्लंघन करने वाले सभी वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम के तहत ई-चालान किया गया।

# पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने मंगलवार को पुलिस कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जन शिकायत प्रकोष्ट, आईजीआरएस शाखा, डीसीआरबी शाखा, स्थानीय अभिसूचना इकाई शाखा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाखाओं में नियुक्त समस्त पुलिस कर्मचारियों से उनकी ओर से किए जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी की गई। थानावार सभी रजिस्टरों को चेक किया। वर्ष 2022 में कुल 3,041 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिनका शत प्रतिशत निस्तारण पाया गया। उन्होंने जन सुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रों का शत-प्रतिशत जनसुनवाई पोर्टल पर अपलोड करने व समय से निस्तारण कराने को निर्देशित किया। आईजीआरएस शाखा का वार्षिक निरीक्षण कर अभिलेखों को चेक किया। अभिलेखों का रखरखाव व साफ-सफाई संतोषजनक पाई गई, फीडबैक रजिस्टर पूर्ण पाया गया।

# कब्र से शव निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

## कार्रवाई

- आठ दिसम्बर 2022 को दुर्घटना व 10 को हुई थी व्यक्ति की मौत
- मृतक के पिता ने थाने में तहरीर दे चार लोगों पर लगाया था हत्या का आरोप

रतनापुर, संवाददाता। दुर्घटना में घायल व्यक्ति का 10 दिसम्बर 2022 को इलाज के हुई मौत में पिता ने चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया था। साथ ही शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। जिलाधिकारी के आदेश के बाद मंगलवार को कब्र से शव निकालकर पोस्टमर्टम के लिए भेजा गया है।

गिलौला थाना क्षेत्र के भड़ौरा निवासी राजेन्द्र प्रसाद पुत्र प्रताप आठ दिसम्बर 2022 को देर रात करौंदी चौराहे से बाइक से घर लौट रहा था। इसके बाद वह रास्ते में भड़ौरा तिराहे के पास घायल अवस्था में पाया गया। घायल राजेन्द्र को बहराइच जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे लखनऊ रेफर किया गया था और लखनऊ में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

मौत के बाद परिजन शव लाकर दफना दिया। इसके बाद मृतक के पिता प्रताप ने गिलौला थाने में तहरीर देकर भड़ौरा गांव के दो व एकडंगवा गांव के दो लोगों समेत कुल चार लोगों पर हत्या का आरोप लगाया। साथ ही जिलाधिकारी को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की थी।

जिलाधिकारी के आदेश पर मंगलवार को मृतक राजेन्द्र प्रसाद का शव कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जांच रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# वृद्ध के शव का पीएम रिपोर्ट का इंतजार

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना क्षेत्र के भांते पुरवा में सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में वृद्ध राजाराम का शव मिला था। शव मिलने के इस मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने की प्रतीक्षा की जा रही है। परिजनों ने वृद्ध की मौत को लेकर आशंका जताई थी और पुलिस को तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। सिरसिया प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र राय ने बताया कि मामले में कार्रवाई की जा रही है। अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं आई है। नियमानुसार जो भी कार्रवाई बन रही है वह किया जा रहा है।

# जनता दर्शन में आईं 20 शिकायतें

**श्रावस्ती :** एसपी प्राची सिंह ने मंगलवार को जनता दर्शन में आए फरियादियों की शिकायतें सुनीं। इस दौरान कुल 20 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इसमें से पांच भूमि विवाद, तीन पारिवारिक विवाद, दो महिला संबंधित व 10 शिकायतें अन्य विवाद से संबंधित थीं। प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए। (वि.)

# हत्यारे पति को सश्रम आजीवन कारावास, जुर्माना

**अदालत से**

**जासं, श्रावस्ती :** पत्नी की हत्या कर शव को जलाने के दोषी पति को सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। 60 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सतेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि बहराइच जिले के पयागपुर क्षेत्र के सुखवा निवासी शोभावती ने अपनी पुत्री अनीता देवी की शादी इकौना क्षेत्र के महादेवा जगदीश निवासी विजयपाल के साथ की थी। अतिरिक्त दहेज के लिए ससुराल के लोग उसे प्रताड़ित करते थे। 13 सितंबर 2020 को अनीता की हत्या कर शव जला दिया। केस दर्ज होने के बाद विजयपाल, पिता राममनोहर व इंद्रपाल की पत्नी के विरुद्ध विवेचक ने न्यायालय पर आरोप पत्र प्रस्तुत किया था। मामले का विचारण अपर जिला सत्र न्यायाधीश (रेप एलांग विद पाक्सो एक्ट) की कोर्ट पर हुआ। अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश सिंह ने अन्य आरोपितों को दहेज हत्या के आरोप से बरी कर दिया। पति विजयपाल को पत्नी की हत्या कर शव जलाने का दोषी ठहराते हुए सश्रम आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक रोहित गुप्ता ने बताया कि अर्थदंड की राशि में से 50 हजार रुपये मृतका की मां को देने का आदेश न्यायालय ने दिया है।

# शांतिभंग में चार गिरफ्तार

श्रावस्ती। जिला पुलिस ने सोमवार रात चार लोगों को गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम न्यायालय में पेश किया। संवाद

# सात वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने मंगलवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान सात वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया। 18000 रुपए जुर्माना भी वसूला। संवाद

# वांछित दस हजार का इनामी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** सिरसिया थाना क्षेत्र में हुए गोकशी के मामले में फरार गुलरा परसोहना निवासी भूरे डफाली उर्फ कैसर अली पर दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। जिसे सोमवार रात सिरसिया थाना प्रभारी ने गिरफ्तार कर लिया। उसके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर संबंधित न्यायालय में पेश किया गया। संवाद

# चार लोगों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

## कोर्ट के आदेश पर पुलिस टीम ने कब्र खुदवा कर निकलवाया शव

संवाद न्यूज एजेंसी

तुलसीपुर (श्रावस्ती)। गिलौला के एकडगवा निवासी एक युवक की तीन माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मोटरसाइकिल की भिड़ंत में मौत हो गई थी। मामले में न्यायालय के आदेश पर चार लोगों के विरुद्ध गिलौला पुलिस ने गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया है। आदेश के बाद मंगलवार को गांव पहुंची पुलिस ने शव को कब्र से निकाल कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



कब्र खोदते श्रमिक व मौजूद पुलिस।

गिलौला थाना क्षेत्र के ग्राम एकडगवा निवासी राजेन्द्र (36) 10 दिसंबर 2022 को बहराइच के सासापारा चौराहे पर अपनी मोटर साइकिल की सर्विस कराने गया था। शाम को वापसी के दौरान करौंदी चौराहा सासापारा मार्ग स्थित भड़ोरा गांव के पास मोटरसाइकिल से अपनी 10 वर्षीय बच्ची के साथ आ रहे बंशीलाल (40) के साथ टक्कर हो गई थी। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस से राजेंद्र को जिला चिकित्सालय बहराइच में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने के कारण चिकित्सकों ने उसे मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया था। जिसकी रास्ते में मौत हो गई थी। शव को परिवारीजनों ने गांव लाकर अंतिम संस्कार का दिया था।

इसके बाद मृतक के पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए गिलौला थाने में तहरीर दी थी। कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय का सहारा लिया। न्यायालय के आदेश के बाद गिलौला पुलिस ने बंशीलाल, मुरली, व पठानपुरवा निवासी बबलू खां व रहीश खां के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया। पुलिस ने शव को कब्र से निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिनगा भेजा।

# पत्नी की हत्या कर शव जलाने के दोषी को सुनाई उम्रकैद

संवाद न्यूज एजेंसी

## अर्थदंड भी लगाया

**श्रावस्ती।** इकौना के महादेवा जगदीश गांव में तीन वर्ष पूर्व हुई महिला की हत्या के बाद उसका शव जला दिया गया था। मामले में अपर जिला सत्र न्यायाधीश (रेप एलांग विद पॉक्सो एक्ट) ने उसके पति पर दोष सिद्ध करते हुए सश्रम उम्रकैद व 60 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया।

मामले में अभियोजन पक्ष की पैरवी कर रहे अपर जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सत्येंद्र बहादुर सिंह के अनुसार बहराइच के थाना पयागपुर अंतर्गत ग्राम आमदापुर के मजरा सुखवा निवासी शोभावती ने 13 सितंबर 2020 को इकौना थाने में तहरीर दी थी। बताया था कि बेटी अनीता देवी का विवाह महादेवा जगदीश निवासी विजय पाल के साथ किया था। आरोप था कि दहेज की मांग को लेकर पति, ससुर राम मनोहर व इंद्रपाल की पत्नी बेटी को प्रताड़ित करते थे। 13 सितंबर 2020 को बेटी की हत्या कर शव जला दिया गया था।

मामला दर्ज कर इकौना पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया था। अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश सिंह ने दहेज के मामले मे सभी को बरी कर दिया। जबकि विजयपाल को पत्नी की हत्या कर लाश जलाने के आरोप में सश्रम आजीवन कारावास व साठ हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। विशेष लोक अभियोजक रोहित गुप्ता ने बताया कि अर्थदंड की राशि में से 50000 मृतका की मां को देने का आदेश कोर्ट ने दिया है।